CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 23°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 12 अगस्त 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 211 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 17 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अखिलेश यादव के एजेंडे में नहीं है विकास: योगी

पेज 2



ओलंपियन अनु रानी ने जीता जैवलिन खिताब

खेल टाइम्स



शार्क हमलों से एक द्वीप बन गया 'अनुसंधान केंद्र'

सम्पादकीय



फलस्तीन को आजाद देश की मान्यता देगा ऑस्ट्रेलिया

पेज 12

# वोट चोरी मुद्दा: 300 विपक्षी सांसदों ने किया चुनाव आयोग पर प्रदर्शन

## राहुल-प्रियंका व अखिलेश को हिरासत में लिया, दो घंटे बाद छोड़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मतदाता सूची संशोधन और चुनाव में वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष के 300 सांसदों ने सोमवार को संसद से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला।

इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया। पुलिस उन्हें संसद मार्ग पुलिस स्टेशन ले गई, जहां से 2 घंटे बाद रिहा कर दिया गया। हिरासत में लिए जाने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान बचाने की लड़ाई है। ये एक व्यक्ति-एक वोट की लड़ाई है, इसलिए हमें साफ वोटर लिस्ट चाहिए। वहीं प्रियंका गांधी ने कहा कि यह सरकार डरी हुई है और कायर है। मार्च के दौरान अखिलेश ने बैरिकेडिंग फांदकर आगे बढ़ने की कोशिश की। जब सांसदों को आगे नहीं जाने दिया गया, तो वे जमीन पर बैठ गए। प्रियंका, डिंपल समेत कई सांसद 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे लगाते दिखे। प्रदर्शन के दौरान टीएमसी सांसद मिताली बाग और महुआ मोइत्रा की तबीयत बिगड़ गई। बेहोश हो गईं। राहुल गांधी और अन्य सांसदों ने उनकी मदद की। इससे पहले दोनों सदनों में इस मुद्दे पर भारी हंगामा हुआ। मार्च संसद के मकर द्वार से शुरू हुआ। सांसदों के हाथों में 'वोट बचाओ' के बैनर थे। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने कहा था कि इंडिया ब्लॉक ने मार्च के लिए कोई अनुमति नहीं मांगी है, इसलिए इलेक्शन कमीशन जाने से पहले ही मार्च को परिवहन भवन के पास बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया।





**प्रदर्शन में दो महिला सांसद हुईं बेहोश**
**अखिलेश यादव ने बैरिकेडिंग फांदी**

## एयर इंडिया विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, बाल-बाल बचे कई सांसद

**नई दिल्ली।** केरल के तिरुवनंतपुरम से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की एक उड़ान को तकनीकी खराबी के बाद में चेन्नई में आपातकालीन लैंडिंग कराई गई और विमान में सवार कई सांसदों की जान बाल-बाल बच गई। विमान से यात्रा कर रहे कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस हवाई सफर को अत्यंत डरावना बताते हुए सोशल मीडिया एक्स पर अनुभव साझा करते हुए एक पोस्ट में उड़ान संख्या एआई 2455 की यात्रा को अत्यंत कष्टप्रद बताया और कहा कि इस यात्रा में वे 'त्रासदी के बेहद करीब' पहुंच गए थे। उन्होंने लिखा कि उड़ान पहले से ही विलंब थी। एयर इंडिया के इस विमान में कई सांसद और सैकड़ों यात्री थे। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हमें अभूतपूर्व स्थिति का सामना करना पड़ा। लगभग एक घंटे बाद कैप्टन ने उड़ान सिग्नल में खराबी की घोषणा की और विमान को चेन्नई की ओर मोड़ दिया।

### दिल्ली-NCR के नागरिक प्रशासन व स्थानीय निकाय को सख्त निर्देश जारी

# आवारा कुत्तों की नसबंदी करें: SC

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर के नागरिक प्रशासन और स्थानीय निकाय को सख्त निर्देश जारी किए हैं, जिनमें आवारा कुत्तों को पकड़ने, उनकी नसबंदी करने और उन्हें आश्रय गृह में रखने के निर्देश शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में अड़ंगा डालता है, तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें। लोगों पर आवारा कुत्तों के हमलों और रेबीज संक्रमण के कई मामले सामने आने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर इस मामले पर सुनवाई शुरू की थी। पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि एनसीटी-दिल्ली, एमसीडी, एनडीएमसी तुरंत आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू करें और खासकर उन इलाकों में जहां आवारा कुत्तों का खतरा ज्यादा है। पीठ ने स्थानीय निकायों को निर्देश दिया कि 8 हफ्तों में वे आवारा कुत्तों को रखने के लिए आश्रय स्थल बनाने की जानकारी दें। आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति या संगठन इस काम में आड़े आए, तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें।




**अड़ंगा डालने वालों पर कार्रवाई करें: सुप्रीम कोर्ट**

## कबूतरों को दाना डालने वालों पर होगी एफआईआर

**नई दिल्ली।** पशु प्रेमियों के बाद पक्षी प्रेमियों को भी सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई के कबूतरखानों के मामले में सोमवार को सुनवाई की। अदालत ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेशों में दखल देने से इन्कार किया। अदालत ने कहा कि इस अदालत का समानांतर हस्तक्षेप उचित नहीं है। याचिकाकर्ता आदेश में संशोधन के लिए हाईकोर्ट जा सकता है। दरअसल हाईकोर्ट ने कबूतरों को दाना डालने के स्थान यानी कबूतरखाना से संबंधित आदेश में नगर निगम के आदेशों की अवहेलना करते हुए कबूतरों को दाना डालने वालों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। हाईकोर्ट के इन आदेशों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी।







## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' 14 को

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार 14 अगस्त को सभी 75 जिलों में 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' मनाएगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 1947 की त्रासदी को याद करना, युवा पीढ़ी को शिक्षित करना और बचे हुए लोगों के परिवारों के अनुभव साझा करना है। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि संस्कृति विभाग द्वारा विभिन्न सामाजिक और स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य भारत-पाकिस्तान विभाजन के दौरान विस्थापित हुए लोगों की स्मृति को सम्मानित करना है। विभाजन से प्रभावित परिवारों को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा और इस दौरान जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

### स्वामी प्रसाद मौर्य को थप्पड़ मारने वाले को 11 लाख इनाम

**रायबरेली।** यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री और अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य को बीते दिनों रायबरेली में एक युवक ने थप्पड़ मारने वाले युवक को 11 लाख रुपये का इनाम दिया गया है। आरोपियों की पहचान शिवम यादव व रोहित द्विवेदी के नाम से हुई थी। रक्षाबंधन के दिन दोनों की जेल रिहाई हो गई।रिहाई के बाद रोहित द्विवेदी को आशीष तिवारी नाम के व्यक्ति ने पूर्व मंत्री को थप्पड़ मारने पर 11 लाख रुपये का चेक दिया है।इसी बीच स्वामी प्रसाद मौर्य ने इनाम देने वाले लोगों पर तंज कसना शुरू कर दिया है और जिन दोनों आरो. पियों ने हमला किया था उन्हें बीजेपी का गुंडा तक कह डाला। उन्होंने कहा कि ये सभी बीजेपी की गुंडे है। वे सही बोलने पर हमला करते है।

### गोरखपुर मामले को लेकर सपा सदस्यों ने वेल में की नारेबाजी

# हंगामे की भेंट चढ़ी यूपी विस की कार्यवाही

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ गोरखपुर में सरकार ने बनवाई सड़कें, सपा ने अपने समय में नहीं किया काम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में सोमवार को पहले दिन की कार्यवाही गोरखपुर मामले को लेकर हंगामे की भेंट चढ़ गई। मामले की जांच की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी के सदस्य लगातार हंगामा करते रहे लेकिन सरकार ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। प्रश्नकाल के दौरान भी सपा के सदस्य वेल में आकर नारेबाजी करते रहे।

विधानसभा अध्यक्ष ने कई बार समझाने का प्रयास किया, लेकिन बाद में हंगामे को देखते हुए सदन की कार्यवाही मंगलवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि विपक्ष जानबूझकर एक ऐसे मामले को तूल दे रहा है, जिसका कोई मतलब नहीं है। मुख्यमंत्री स्वयं इस पर अपना स्पष्टीकरण दे चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद सपा विधायक लगातार वेल में आकर हंगामा करते रहे। खन्ना ने कहा कि विधानसभा के संसदीय इतिहास में आज पहली बार हुआ है जब पूर्व दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी जा रही थी और सदस्य हंगामा कर रहे थे। ए बहुत ही शर्मनाक दृश्य था। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि सर्वदलीय बैठक के दौरान भी नेता प्रतिपक्ष ने इस मामले की जानकारी नहीं दी। उसके बाद भी विधानसभा अध्यक्ष ने रात्रि भोज दिया, उसमें भी वो शामिल हुए। कहने का मतलब है कि विपक्ष चर्चा से भाग रहा है। सरकार सदन चलाना चाहती है, लेकिन विपक्ष व्यवधान पैदा कर रहा है।

#### सपा का लोकतंत्र में विश्वास दिखावा मात्र

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा का लोकतंत्र में विश्वास केवल दिखावा है और इनसे सुरक्षा और विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती। मानसून सत्र के पहले दिन सपा सदस्यों के हंगामे और नारेबाजी के बाद सदन को संबोधित करते हुए योगी ने सपा के कार्यकाल में व्यापारियों पर हुए अत्याचार और गुंडा टैक्स की याद दिलाते हुए कहा कि सपा का लो. कतंत्र में विश्वास केवल दिखावा है। उन्होंने संभल, बहराइच और गोरखपुर में सपा की नकारात्मक राजनीति पर भी सवाल उठाए।

#### निजी व सरकारी स्कूलों में प्रवेश की आयु एक समान हो

**लखनऊ।** विधान परिषद में नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने निजी व सरकारी स्कूलों में प्रवेश की आयु का मसला उठाते हुए कहा कि निजी स्कूल तीन साल में प्रवेश ले रहे हैं, जबकि दूसरी तरफ सरका. री विद्यालय पांच साल में बच्चों को प्रवेश दे रहे हैं। ऐसे में अभिभावकों को दो साल का समय अधिक लगता है और वो निजी स्कूल की तरफ बढ़ जाते हैं। ऐसे में सरकार से उनकी मांग है कि निजी व सरकारी स्कूलों के समय को एक किया जाए। वहीं शिक्षा को लेकर स्कूलों के मर्जर पर सपा के सदस्यों ने वॉकआउट भी किया। विधान परिषद में स्कूलों के मर्जर को लेकर सवाल उठाते हुए लाल बिहारी यादव ने कहा कि शिक्षा समाज को आगे ले जाती है, जबकि भाजपा की सरकार संविधान के खिलाफ काम कर रही है।

# मानहानि मामले में मेधा पाटकर को नहीं मिली राहत

नई दिल्ली, वार्ता

■ सुप्रीम कोर्ट ने 25 साल पुराने मामले में सामाजिक कार्यकर्ता की सजा व दोषसिद्धि को बरकरार रखा

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से 25 साल पहले दायर किए गए मानहानि मामले में सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को राहत नहीं दी है।

कोर्ट ने उनकी दोषसिद्धि और सजा को बरकरार रखते हुए दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि हम इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने के लिए इच्छुक नहीं है। हाईकोर्ट ने पाटकर को अच्छे आचरण की परिवीक्षा पर रिहा किया था, लेकिन उन्हें हर तीन साल में एक बार निचली अदालत में पेश होने की आवश्यकता थी। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता के वकील की दलील को ध्यान में रखते हुए लगाया गया जुर्माना रद्द कर दिया गया है। दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर के खिलाफ 24 नवम्बर 2000 को मानहानि का मुकदमा दायर किया था। तब सक्सेना गुजरात में एनजीओ के प्रमुख थे। मामले में मजिस्ट्रेट न्यायालय ने एक जुलाई 2024 को पाटकर को आईपीसी की धारा 500 के तहत दोषी पाते हुए पांच महीने के कारावास की सजा सुनाई।

# यूपी विस में जनहित के मुद्दों पर होगी सार्थक बहस: मायावती

लखनऊ, वार्ता

बसपा अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के सोमवार से शुरू हुए मानसून सत्र को लेकर विश्वास जताया कि चार कार्य दिवस का संक्षिप्त सत्र औपचारिकता मात्र नहीं रहेगा, बल्कि सत्र के दौरान सरकार और विपक्ष के बीच जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा होगी।

सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा का आज से शुरू हो रहा मानसून सत्र, संक्षिप्त होने के बावजूद केवल औपचारिकता पूर्ति वाला नहीं हो, बल्कि इसको सही से प्रदेश व जनहित में उपयोगी बनाना ज़रूरी है, जिसके लिए सरकार एवं विपक्ष दोनों को अपने-अपने राजनी. तिक स्वार्थ, द्वेष व कटुता आदि



को त्याग कर आगे बढ़ना होगा। बसपा अध्यक्ष ने संसद के मानसून सत्र के हंगामेदार रहने पर चिंता जताते हुए कहा कि जन अपेक्षा के अनुसार संसद की कार्यवाही नहीं चलने से लोगों में चिंता स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि वैसे भी भारतीय व्यापार पर भारी अमेरिकी टैरिफ के कारण देश की अर्थव्यवस्था व विकास पर जो बुरा प्रभाव पड़ने की आशंका है, उसकी चर्चा व्यापक रूप से हर जगह गर्म है, जिसपर खास तौर से संसद में सही से चिन्तन-मनन करने की ज़रूरत है।

#### गूगल मैप से हो रही घटनाओं को लेकर होगी चर्चा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। पहले दिन हालांकि सदन की कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ गई। इस बीच बलिया के विधायक ने कहा है कि गूगल मैप की वजह से हो रही दुर्घटनाओं का मामला मंगलवार को सदन में उठेगा। विधानसभा में बीएसपी के नेता और रसड़ा से विधायक उमा शंकर सिंह ने नियम 56 के तहत इस मामले पर सदन में चर्चा कराने की मांग की है। उमाशंकर सिंह ने बताया कि गूगल मैप द्वारा पुल और मार्ग संबंधी जानकारी को समय से अपडेट नहीं कर रहा है।

# अखिलेश यादव के एजेंडे में विकास नहीं: योगी

### सीएम योगी ने सदन की कार्यवाही में भाग लेने आए सदस्यों का स्वागत किया

लखनऊ, वार्ता



■ पिछले आठ साल के अंदर यूपी विधान मंडल ने अनेक उपलब्धियां हासिल की :सीएम

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि ए लोग हमेशा से ही विकास के खिलाफ रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए यह बात कही। इसके बाद सदन के भीतर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सदन की कार्यवाही में भाग लेने आए सभी सदस्यों का स्वागत करता हूं। यहां पर जनता विकास से जुड़े जिन मुद्दों पर जनप्रतिनिधि चर्चा करते हैं देश के अंदर वो एक नजीर के रूप में देखी जाती है। योगी ने कहा कि पिछले 8 साल के अंदर यूपी विधानमंडल ने अनेक उपलब्धियां हासिल की है। इस बार का सत्र जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के उद्देश्य से विधायिका किस प्रकार आगे बढ़ी है। हम सब उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि आज सत्र शुरू होगा और सदस्यों द्वारा प्रश्न पूछे जाएंगे। सरकार की ओर से सार्थक जवाब उपलब्ध कराया जाएगा। बाढ़ से जुड़े मुद्दे और जलजमाव से जुड़े मुद्दे उठेंगे स्वस्थ्यशिक्षा के मुद्दों पर सरकार ने जो भी किया है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों के साथ विकसित भारत के साथ जुड़ने का आह्वान किया ।विकसित भारत विक. सित यूपी के लिए सरकार का विजन क्या है पहली बार इस पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि और 14 अगस्त को 24 घण्टे इस पर चर्चा होगी। इस विजन डाक्यूमेंट को हर किसी की सहभागिता हो इस पर चर्चा करेंगे। मेरी अपील है कि आठ साल के भीतर समाज के हर तबके को लेकर बेहतरीन प्रयास किया। उसकी चर्चा देश के भीतर हुई। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के परसेप्शन में अंतर आया है। हम सभी प्रस्तावों का जो युवाओं और यूपी के विकास से जुड़े होंगे चर्चा हो। सार्थक चर्चा हो। मेरी अपील सभी प्रतिपक्षियों से होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर वो अनावश्यक न्यूजसेन्स क्रिएट करेंगे, तो जनता की अदालत में न्याय होगा। स्वाधीनता दिवस के पूर्व यूपी के विजन डॉक्यूमेंट को लेकर संदेश देने का काम करेंगे। जब भारत 2047 में विकसित होगा, तो यूपी भी इसमें शामिल होगा। विकास के प्रति भाजपा और सरकार की प्रतिबद्धता है। उनकी नहीं है। विकास उनके एजेंडे में नहीं है, इसलिए, ऐसे असंसदीय शब्दों का प्रयोग करते है।

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 80710.25
निफ्टी 24649.55



सोना रु. 100201
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 114308
प्रति किलो



# सेंसेक्स व निफ्टी तेजी के साथ हुए बंद

मुंबई, वार्ता

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन की 15 अगस्त को प्रस्तावित बैठक की खबरों से सोमवार को भारतीय शेयर बाजारों में तेजी लौट आई और प्रमुख सूचकांक लगभग एक प्रतिशत चढ़ गए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 746.29 अंक (0.93 प्रतिशत) की तेजी के साथ 80,604.08 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी 0.91 प्रतिशत मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर 221.75 अंक चढ़कर 24,585.05 अंक पर बंद हुआ। दोनों सूचकांक पिछले सप्ताह शुक्रवार को तीन महीने के निचले स्तर पर बंद हुए थे। ट्रम्प और पुतिन के बीच बैठक पर सहमति बन गई है। अमेरिका के अलास्का में 15 अगस्त को होने वाली



इस बैठक में रूस-यूक्रेन युद्ध का समाधान निकलने की संभावना है। इस खबर से दूसरे एशियाई शेयर बाजारों के साथ भारतीय शेयर बाजारों में भी लिवाली रही। सेंसेक्स आज करीब 28 अंक की मामूली बढ़त के साथ खुला, लेकिन दिन चढ़ने के साथ इसका ग्राफ लगातार ऊपर की ओर बढ़ता गया। इसका दिवस का निचला स्तर 79,772.46 अंक और उच्चतम स्तर 80,636.05 अंक रहा। अंत में यह 80,604.08 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक लगभग आठ अंक की बढ़त के साथ 24,371.50 अंक पर खुला। इसका निचला स्तर 24,347.45 अंक और ऊपरी स्तर 24,600.85 अंक तक गया। अंत में 24,585.05 अंक पर रहा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों को छोड़कर अन्य समूहों में तेजी रही।

रियल्टी, ऑटो, एफएमसीजी और बैंकिंग समूहों में खूब लिवाली हुई। एनएसई का 100 शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 सूचकांक 0.96 प्रतिशत की बढ़त देखी गई। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने कम भरोसा दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.87 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.36 प्रतिशत चढ़ गया। विदेशों में दिन का निक्केई 1.85 फीसदी, हांगकांग का हैंगसेंग 0.19 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.34 फीसदी की बढ़त में बंद हुए। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला. जुला रुख रहा। जर्मनी का डैक्स 0.13 प्रतिशत की गिरावट और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहा था।

# सोने और चांदी की कीमतों में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में सोमवार को गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोमवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 741 रुपए घटकर 1,00,201 रुपए पर आ गया है। एक किलो चांदी भी 424 रुपए गिरकर 1,14,308 रुपए प्रति किलो हो गई है। देश के चार महानगरों दिल्ली में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,430 रुपए है, जबकि मुंबई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,280 रुपए है। वहीं कोलकाता में 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 93,750 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 1,02,280 रुपए है। चेन्नई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,280 रुपए है, तो भोपाल में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,800 रुपए है। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बनी हुई है। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है और इसकी डिमांड भी बढ़ रही है।

# बुसान एक्सपो से जनवरी तक 1000 कोरियाई पर्यटकों के आने की संभावना

लखनऊ, वार्ता

दक्षिण कोरिया के सांस्कृतिक नगर बुसान के बेक्सको में 7 से 10 अगस्त तक आयोजित बुसान इंटरनेशनल बुद्धिज्म एक्सपो 2025 में उत्तर प्रदेश पर्यटन ने अपने समृद्ध बौद्ध विरासत की झलक प्रस्तुत की। सम्मेलन में यूपी पर्यटन के पवेलियन ने आगंतुकों को भगवान बुद्ध से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों और बौद्ध सर्किट की विशेषताओं से रूबरू कराया।

एक्सपो के दौरान हुई वार्ताओं के क्रम में अक्टूबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच उत्तर प्रदेश के बौद्ध सर्किट में 1000 से अधिक कोरियाई पर्यटकों के आने की संभावना है। बुसान में आयोजित एक्सपो में उत्तर प्रदेश पर्यटन पवेलियन का शुभारंभ भारतीय दूतावास की प्रथम सचिव एवं हेड ऑफ चांसरी अनन्या अग्रवाल (आईएफएस-2013) और उत्तर प्रदेश पर्यटन प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान कोरियाई बौद्ध धर्म के सबसे सम्मानित भिक्षुओं में से एक सुबुल सुनीम की गरिमामय उपस्थिति रही। उन्होंने सारनाथ, कुशीनगर, कपिलवस्तु (पिपरहवा), संकिसा और श्रावस्ती जैसे प्रतिष्ठित बौद्ध स्थलों के संरक्षण और उन्नयन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना की। साथ ही, भारत आकर इन स्थलों की तीर्थ यात्रा का निमंत्रण स्वीकार किया। एक्सपो में उत्तर प्रदेश पर्यटन ने राज्य के भगवान बुद्ध से जुड़े सभी प्रमुख तीर्थस्थलों का भव्य प्रदर्शन किया। यूपी की बौद्ध धरोहरों ने वैश्विक मंच पर आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया। पवेलियन में रोचक कहानियों, सांस्कृतिक प्रदर्शनियों और अनूठी सजावट ने विशेष रूप से लोगों को लुभाया। उत्तर प्रदेश पर्यटन प्रतिनिधिमंडल ने जोग्ए ऑर्डर के ले बौद्ध एसोसिएशन के अध्यक्ष जंग वोनजू से एक महत्वपूर्ण मुलाकात की। बैठक में भारत यात्रा को प्रोत्साहित करने में जोग्ए ऑर्डर की संभावित भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई। अयोध्या का विशेष उल्लेख किया गया, जहां आने में कोरियाई आगंत. ुकों ने गहरी रुचि दिखाई। कोरिया की महारानी हियो वांग-ओक का जन्म अयोध्या में हुआ था, जिससे यह स्थान कोरियाई पर्यटकों के लिए विशेष ऐतिहा. सिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है।

# धार्मिक स्थल को लेकर हिन्दू मुस्लिम आमने सामने

**फतेहपुर।** यूपी के फतेहपुर जिले में धार्मिक स्थल पर दावे को लेकर हिंदू और मुस्लिम संगठन सोमवार को आमने-सामने आ गए। एक हफ्ते पूर्व से हिंदू संगठन मकबरे को शिव मंदिर बता कर धार्मिक अनुष्ठान करने की बात कह रहे हैं।

■ मकबरे को शिव मंदिर बताकर किया अनुष्ठान, पुलिस तैनात

विवाद की आशंका को लेकर जिला प्रशासन ने विवादित क्षेत्र को बैरीकेडिंग से कवर कर दिया था मगर आज दोनों पक्ष के हजारों लोग वहां पहुंच गए। भीड़ में प्रशासन द्वारा लगाई गई बैरिकेड को तोड़ दिया। मौके पर भारी फोर्स के साथ प्रशासन के अधिकारी मौजूद हैं। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को यहां बताया कि शहर के अबू नगर मोहल्ले में मकबरा और प्राचीन शिव मंदिर को लेकर हिंदू संगठनों और मुस्लिम संगठनों ने अपना-अपना दावा किया है एक हफ्ते पूर्व भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल ने मकबरे को प्राचीन शिव मंदिर बात कर धार्मिक अनुष्ठान करने की बात कही थी, उनके आह्वान पर प्रशासन ने मकबरे के पास से दूर से बैरिकेडिंग कर रखी थी और एक दर्जन थाने की फोर्स को तैनात कर दिया था। इस बीच भीड़ ने विवादित स्थल पर धार्मिक झंडा लगा दिया जिसका दूसरे पक्ष ने विरोध किया। प्रशासन ने झंडा तो उतरवा दिया है, लेकिन हिंदू और मुस्लिम संगठन लाठी डंडों के साथ अगल-बगल मौजूद हैं। सूचना पाकर प्रयागराज के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत और आईजी अजय मिश्रा भी मौके पर पहुंच गए हैं। भारी संख्या में पीएसी बुलाई गई है। अभी तक किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई है। डीएम रविंद्र कुमार पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह भी पर हैं।

# देश विरोधी ताकतों के दबाव में राहुल गांधी: चौहान

नई दिल्ली, वार्ता

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पहले विदेशों में जाकर देश को बदनाम किया और अब चुनाव आयोग को बदनाम कर रहे हैं।



■ इंडिया गठबंधन लोकतंत्र को बदनाम कर रहे है: शिवराज

चौहान ने सोमवार को यहां जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि गांधी और इंडिया गठबंधन देश विरोधी ताकतों के दबाव में लोकतंत्र को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांधी ने पहले विदेशों में जाकर देश को बदनाम किया, चुनाव आयोग को बदनाम किया, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को बदनाम किया, सेना के सम्मान के साथ खिलवाड़ किया और सेना के शौर्य पर सवाल खड़े किए। चौहान ने कहा कि वे लोकतंत्र की धज्जियां उड़ा रहे हैं, वे संवैधानिक संस्थाओं की मर्यादाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, वे अराजकता फैलाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बार-बार झूठ बोल रहे हैं, ऑपरेशन सिंदूर पर झूठ बोला और जब सेना ने सारे तथ्य सामने रख तो उनकी बोलती बंद हो गई। पहले उन्होंने ईवीएम पर सवाल उठाए कि ईवीएम के कारण वह चुनाव हारते हैं, सबूत मांगे, तो सबूत दिए नहीं। उच्चतम न्यायालय ने बाद में फटकार लगाई, तो मैदान छोड़कर भाग खड़े हुए। अब ईवीएम छोड़ दिया, अब मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर आ गए, अब मतदाता सूची पर सवाल उठा रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मैं राहुल गांधी, कांग्रेस के नेताओं और इंडिया गठबंधन से पूछना चाहता हूं, क्या कर्नाटक में कांग्रेस मतदाता सूचियों की गड़बड़ियों के कारण जीती?

#### भाजपा का गठबंधन पर तीखा प्रहार

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने सोमवार को आरोप लगाया कि संविधान की दुहाई देने वाले इंडिया गठबंधन के नेता देश की संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट कर देश में अराजकता फैलाना चाहते हैं। प्रधान ने यहां भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता में आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता मतदाता सूची को लेकर शोरशराबा करके इसमें घुसपैठियों को शामिल करवाकर उन्हें अपना वोट बैंक बनाना चाहते हैं। ये लोग सिर्फ वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी और उनका दल, इंडिया गठबंधन के लोग, विशेषकर कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी, जो आए दिन संविधान की दुहाई देते हैं। सबसे ज्यादा संविधान विरोधी काम अगर कोई कर रहा है, तो उसके सरगना भी राहुल गांधी ही हैं। प्रधान ने कहा कि कांग्रेस पहले ईवीएम को लेकर झूठ बोलती है, कभी महाराष्ट्र की बात उठाते हैं।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिले या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंडराइटिंग पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787714
09808917010

Cipzer HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सूचना दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें।

# अलग-अलग सड़क हादसों में जिले के दो पुलिसकर्मियों ने गवाई जान

## सिसौली के सिपाही सोनू कुमार के साथ हापुड़ में हुआ हादसा, मेघाखेडी के अनुज कुमार की गाजियाबाद दुर्घटना में मौत

**दोनों का राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** हापुड और गजियाबाद में अलग-अलग हुए हादसों में मुजफ्फरनगर के दो पुलिस जवानों की मौत हो गई। इनमें से सोनू सदरूद्दीननगर और अनुज नई मंडी के मेघाखेडी क रहने वाला है।

नम आंखों से दोनों पुलिसकर्मियों को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। भौराकला थाना क्षेत्र को सदरुद्दीन. नगर निवासी सोनू कुमार पुत्र योगेन्द्र सिंह पुलिस में कांस्टेबल था और फिलहाल हापुड के हाफिजपुर थाने में तैनात था सिपाही सोनू रक्षा बंधन की डयूटी करने के देर रत अपने घर लौट रहा था। सिपाही की वैगनआर सडक पर खाडी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सिपाही सोनू की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड गई। नई मंडी कोतवाली के मेघाखेडी निवासी सिपाही अनुज कुमार गाजियाबाद के भोजपुर थाना क्षेत्र में डॉयल 112 पर तैनात था। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर ट्रक की टक्कर से डायल 112 में सवार अनुज की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद सिपाही अनुज का शव गांव आया तो परिवार में कोहराम मच गया। दोपहर बाद नम आंखों के बीच अनुज का अंतिम संस्कार कर दिया गया।







बुढ़ाना: छात्र की आत्महत्या के बाद स्कूल में धरने पर बैठे ग्रामीण।

# छात्र ने की आत्महत्या, स्कूल में धरना

## फीस न देने पर चोटी काट कर माथे से हटाया था तिलक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** समय पर मासिक फीस नहीं मिलने से गुस्साए दो शिक्षकों व प्रिंसीपल की ज्यादतियों के चलते आत्महत्या करने वाले छात्र भीम के समर्थन में छात्र के स्कूल में सोमवार को धरना दिया और दोनों शिक्षकों व प्रिंसीपल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। मौके पर पहुंचे बुढाना तहसीलदार ने आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही का आश्वासन देते हुए धरना समाप्त कराया।

बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव हरियाखेडा का निवासी इंटरमीडिएट का छात्र भीम पुत्र देवपाल सिंह गांव के पास ही स्थित एक शिक्षण संस्था में शिक्षा ग्रहण कर रहा था। आरोप है कि उक्त संस्था के दो शिक्षक उसको मासिक फीस न देने पर प्रताडित कर रहे थे। आरोप यह भी है कि उसके सिर का चोटा काटकर उसके माथे का धार्मिक तिलक भी हटाया गया। इसी से क्षुब्ध होकर उसने चार दिन पूर्व अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। स्कूल में धरना प्रदर्शन किया और कहा कि प्रिंसिपल व वाइस प्रिंसिपल ने फीस न देने पर 12वीं के छात्र भीम को थप्पडों से पीटा। हाथ पैर बांधे और प्रताड़ित कर चोटा काटा। जिससे आहत छात्र भीम ने फाँसी के फंदे पर झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जिसके चलते स्कूल प्रबंधक पूरी घटना की वीडियो स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरों से डिलीट कर स्कूल का ताला लगाकर फरार हो गया। जिला सहकारी बैंकों के अध्यक्ष रामनाथ ठाकुर भी पहुंचे और धरने को अपना समर्थन दिया। तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव, कोतवाल आनंद देव मिश्र, बीईओ किरण यादव और एसएसआई ललित कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे। मंगलवार को डीएम से मिलने की बात कही। धरने पर कुशवाहा चौबीसी के अध्यक्ष ठाकुर नरेंद्र सिंह, ठाकुर राकेश नेता बिराल, घासीराम हरियाखेडा, ठाकुर लोकेश कुमार, राकेश सिंह, अमित, राधे ठाकुर दुर्गनपुर, अर्जुन राणा, मिठू राणा, गौतम, टिंकू, दुष्यंत और जितेंद्र राणा करणी सेना के मंडल अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# विद्युत मिस्त्री की सीढ़ी से फिसलकर हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक विद्युत मिस्त्री की विद्युत संबंधी कार्य करने के दौरान सीढी से फिसलकर दर्दनाक मौत हो गयी। इस घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में भी शोक व्याप्त है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम नही कराया गया। बीती देर रात शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला निवासी लगभग 25 वर्षीय विद्युत मिस्त्री फुरकान पुत्र मिस्त्री हाफिज तसव्वर बीती दोपहर के समय गांव के ही मौहल्ला गढी में स्थित सप्पू अली के घर पर सीढ़ी पर चढ़कर होल्डर लगा रहा था कि अचानक से सीढ़ी से उसका पैर फिसला गया और वह सिर के बल जमीन पर जा गिरा। जिससे उसके सिर से खून बहने लगा। सप्पू के परिजन उसको तुरंत गांव के ही एक डॉक्टर के यहां पर ले गये। जिसने फुरकान को मृत बता दिया।

घटना की सूचना जैसे ही परि. जनों को मिली तो वे भी रोते और बिलखते हुए गांव के डॉक्टर के यहां पहुंच गये। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नही कराया। बीती रविवार की देर रात लगभग 10 बजे नम आंखों से फुरकान को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। घटना को लेकर गांव जौला में शोक है। इस घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गयी। मृतक फुरकान की 04 वर्ष की एक ही बिटिया बताई गयी है।

# पौने एक करोड़ की स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**मुंबई, दिल्ली और चंडीगढ़ तक करते थे सप्लाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर पुलिस ने नशे के नेटवर्क पर बडा प्रहार करते हुए दो तस्करों को गिरफार कर करीब पौने एक करोड की स्मैक वरद की है। आरोपी बरेली से मादक पदार्थ लाकर मुंबई दिल्ली और चंडीगढ़ में उसकी सप्लाई कर तीन गुणा रकम वसूलते है।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि पिता की हत्था में जेल में बंद मुख्य आरोपी की जेल में ही मादक पदायों से सांठगांठ हुई थे, तब से वह तस्करी के धंधे में लिप्त है। पूछताछ में बरेली और शामली के चार और लोगों के नाम सामने आए है जिनकी तलाश में कार्यवाही चल रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं इसी कडी में कई टीमों को नशे के कारोबार में लिप्त लोगों को गिरफ्तारी को कई टीम गठित की गई थी। सीओ खतौली रामाशीष यादव के निर्देशन में मंसूर पुलिस ने बडी कामयाबी हासिल की। मन्सूरपुर पुलिस इनपुट के आधार पर शहपुर कट से आरिफ पुत्र इकराम और मुकीम पुत्र असगर निवासी कसेरावा थाना शाहपुर को पकड लिया। तलाशी में उनके पास से 322 ग्राम स्मैक बरामद हुई। बरामद स्मैक को कोमत अन्तर्राष्ट्रीय जाजार में पौने एक करोड के लगभग है। एसएसपी ने बताया कि आरिफ ने 2014 में अपने पिता इकराम की हत्या कर दी थी। जेल में रहते हुए आरिफ की मुलकात मादक पदार्थों की तस्करी से हुई थी जमानत पर आने के बाद नशे की तस्करी में लग गया था। पूछताछ में बरेली और शामली जिले के कांधला क्षेत्र के चार लोगों के नाम प्रकाश में आए है, जिनकी गिरफ्तरी के लिए तीन टीम गठित की गई है।

पकडे गए आरोपियों के खिलाफ पहले से कई मुकदमें दर्ज है। एसएसपी ने इंस्पेक्टर सुभाष अत्री और उनकी टीम को 20 हजार रुपये का पुरस्कार दिया है। पत्रकार वार्ता में एसपी देहा आदित्य काल और सीओ खतौली रामाशीष यादव भी मौजूद रहे।


मुजफ्फरनगर: पकड़े गए स्मैक तस्करों की जानकारी देते एसएसपी व साथ में अन्य अधिकारी।

### 14 अगस्त की शाम निकलेगी तिरंगा यात्रा

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस भी आम लोगों में जागरुकता लाने के लिए शहर से लेकर देहस तक तिरंगायात्रा निकालेगी।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि 13 अगसा की शाम को पांच बजे बुझाना और 14 अगस्त को शाम को मुजफ्फरनगर में स्कूली बच्चों को साथ लेकर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। पही नहीं देश देश भक्ति से जुडे कई नुक्कड नाटकों का मंचन भी कराया जाएगा।

# मुजफ्फरनगर निवासी जिला जज आशीष गर्ग का निधन

## हार्निया का ऑपरेशन कराने के कारण यशोदा अस्पताल में थे भर्ती, जिले में शोक की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गाजियाबाद के जिला न्यायाधीश आशीष गर्ग का आज यशोदा हॉस्पिटल में निधन हो गया। कल उनका हर्निया का ऑपरेशन किया गया था। आज हार्ट अटैक आने के बाद डॉक्टर उन्हे बचा नहीं पाए। श्री गर्ग मुजफ्फरनगर के रामपुरम के रहने वाले थे। और उनके पिता भी न्यायिक अधिकारी थे, जबकि उनके पुत्र पलवल में सिविल जज जूनियर डिवीजन के पद पर कार्यरत है। उनके निधन से जनपद मुजफ्फरनगर के साथ-साथ न्याययिक क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।

तेरह सितम्बर 1972 को जन्मे आशीष गर्ग एचजेएस सेवा में छह जनवरी में 2011 को चुने गए थे। हाईस्कूल से लेकर एलएलबी तक की शिक्षा उनकी मुजफ्फरनगर में ही हुई। वह आगरा, रायबरेली में एडीजे रहे तथा इलाहाबाद



हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार रहने के बाद मथूरा के जिला जज पर भी कार्य कर चुके है।

जिला बार संघ के साथ-साथ वरिष्ठ अधिवक्ता सुखदेव मित्तल ने उनके निधन पर गहरा दुख जताया है।


मुजफ्फरनगर: रामपुरम स्थित आशीष गर्ग के आवास पर पसरा सन्नाटा।

# हाईवे पर मिला वंश का शव, परिजनों में कोहराम

**छपार।** हाइवे के टोल प्लाजा के निकट गांव के रास्ते पर एक युवक का शव पडा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की शिनाख्त उसके परिजनों ने की है। सोमवार को सुबह पुलिस को सूचना मिली कि हाइवे से गांव ताजपुर जाने वाले रास्ते पर भटटे के पास एक युवक का शव पडा है। पुलिस मौके पर पहुंची ओर शव को कब्जे में लेकर उसकी तलाशी ली ओर उसके मोबाइल से परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने उसकी शिनाख्त की उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के जनपद हरिद्वार मोहल्ला व थाना कनखल निवासी 27 वर्षीय वंश पुत्र जगबीर सिंह है। परिजनों ने बताया कि वह सिडकुल स्थित प्राइवेट कम्पनी हेमिल्टन में कार्य करता है ओर रविवार की शाम को घर से खाना खाकर कम्पनी में ड्यूटी के लिए कहकर गया था जब वह सुबह घर नहीं पहुंचा तो उसके मोबाइल पर फोन किये लेकिन फोन नहीं उठा उसके बाद छपार पुलिस का फोन गया। पुलिस ने बताया कि उसके पास से दो पाउच सल्फास के मिले हैं। मृत्यु का कारण पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा। परिजनों ने अभीतक कोई तहरीर नहीं दी।

# चेयरपर्सन ने किया कृमि मुक्ति दिवस का आगाज

## एसडी इण्टर कॉलेज में छात्रों को पिलाई गई दवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा सोमवार को जनपद में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के रूप में मनाया गया, जिसके अंतर्गत जनपद के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों, सरकारी, अर्धा सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को पेट के कीड़ों की दवाई खिलाई गई।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ एस डी इंटर कॉलेज निकट रोडवेज बस स्टैंड में जिला स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आयोजित किये गये कार्यक्रम के बीच नगर पालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के द्वारा बच्चों को अपने हाथों से पेट के कीड़ों की दवाई खिलाकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है जो की अत्यंत सराहनीय है, उन्होंने सभी बच्चों से कहा कि वे अवश्य साल में दो बार पेट के कीड़ों की दवा अवश्य खाएं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने बताया कि प्रत्येक वर्ष दो बार राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाता है, इस वर्ष पहले यह फरवरी माह में मनाया गया था। आज हम वर्ष का दूसरा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मना रहे हैं, जिसके अंतर्गत एक से 19 वर्ष के सभी बच्चों, किशोर किशोरियों को कृमि मुक्ति के लिए यह गोली खिलाई जाती है उन्होंने बताया कि इस बार पूरे जनपद में 1538412 बच्चों को पेट की कीड़ों की दवाई खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार, जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. विक्रांत तेवतिया, नगर स्वास्थ्य अधिाकारी पालिका डॉ. अजय शाही, डीएमसी यूनिसेफ सुश्री तरन्नुम, अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार एवं विद्यालय के शिक्षक व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उप जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉ. गीतांजलि वर्मा के द्वारा किया गया।

# अंगदान जागरूकता को निकाला पथ संचलन

## रोटरी क्लब ने कार्यक्रम आयोजित कर छेड़ी मुहिम, 200 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर एवं खतौली के रोटरी क्लब, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली, अलकनंदा ब्लड सेंटर व इनर व्हील क्लब के संयुक्त तत्वावधान में अंगदान-जागरूकता को पथ संचलन का आयोजन किया गय। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सीए रोटेरियन, नितिन अग्रवाल, व विशिष्ट अतिथि सीए रोटेरियन राजेश मित्तल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील तेवतिया, डॉ. अमित कुमार, डॉ. निकुंज अग्रवाल, डॉ. सिद्धार्थ व डॉ. चिराग जैन रहे।

रैली का शुभारंभ सनातन धर्म सभा पवन, झांसी रानी चौक से हुआ। इसमें 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें स्काउट-गाइड,



विद्यार्थी दोपहिया वाहन और मेडिकल बस भी शामिल रहे। प्रतिभागियों ने पोस्टर और बैनर के माध्यम से अंगदान महादान का संदेश दिया। मुख्य कि अंगदान एक महादान है, जिसके अंतर्गत नेत्रदान, लिवर, पेंक्रियाज, किडनी और पैहयान जैसे गदाल किए जा सकते है। उन्होंने सभी से अंगदन की शपथ लेने की अपील की। यहीं, ऑर्गन कोऑर्डिनेटर डॉ. ईश्वर चांदा और डॉ अशोक शर्मा ने अंगदान के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। रैली के बाद सनातन धर्म सभा भवन में जोनल कोऑर्डिनेटर सुनील अग्रवाल, रीजनल कोऑर्डिनेटर अनिल सोबती और अन्य वक्ताओं ने आंगदान के महत्व पर प्रकाश डाला। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली के डॉक्टरों ने विषय पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में सहयोग देंने वालों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कई लोगों ने प्रेरित होकर अंगदान करने की भी शपथ ली। मंडलाध्यक्ष नितिन अग्रवल ने बताया के इसी प्रकार की रैली जल्द ही मुराराबाद और मेरठ में भी आयोजित के जाएगी।

# त्यौहारों के मद्देनजर पुलिस अलर्ट

## एसपी सिटी ने दंगा नियंत्रण टीम के साथ किया फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आगामी त्यौहारों व स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर पुलिस प्रशासन एक्टिव मोड पर है। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी कानून व्यवस्था बनाने के लिए क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर रहे है। किसी स्थित से निपटने के लिए अधिकारी पुलिस फोर्स को ब्रीफ करने के साथ उन्हे किसी भी तरह की ढिलाई न बरतने के भी निर्देश दिए गए है।

पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत ने थानाक्षेत्र खालापार में पुलिस बल (मय दंगा नियन्त्रण उपकरण) के साथ फ्लैग मार्च कर आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया गया। आगामी स्वतंत्रता दिवस तथा पर्व व त्यौहारों चेहल्लुम, कृष्ण जन्माष्टमी के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के उद्देश्य को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत द्वारा थानाक्षेत्र खालापार के अन्तर्गत प्रमुख चौराहो, बाजारों, संवेदनशील स्थानों तथा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस बल (मय दंगा नियन्त्रण उपकरण) के साथ फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया गया।

इसके साथ ही मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद में सघन चैकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है तथा संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चैकिंग की जा रही है साथ ही यातायात नियमों का उलंघन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही भी की जा रही है। आमलोगों से वार्ता कर उन्हे बताया कि मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया की सतत् निगरानी की जा रही है अतः सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भडकाऊ, गलत, अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें, किसी भी भ्रामक पोस्ट की पुष्टि पुलिस/प्रशासन से करें, किसी भी कानून विरोधी गतिविधि का हिस्सा ना बनें तथा एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक नगर सिद्धार्थ के0 मिश्रा, थाना प्रभारी खालापार महावीर सिंह चौहान सहित पुलिस के अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# खेत पर गए युवक को बदमाशों ने छुरा घोंपा

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी थाना क्षेत्र के गांव मखियाली के जंगल में सुबह सवेरे खेत पर काम करने गए युवक को बदमाशों ने घेर लिया और लूटपाट का विरोध करने पर छुरा घोंप कर घायल कर दिया। शोर मचाने पर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे तो बदमाश मौके से फरार हो गए। गंभीर हालत में युवक को अस्पताल ले जाया गया। नई मंडी थाना क्षेत्र के गांव मखियाली निवासी आदिल सुबह सवेरे खेत पर काम करने के लिए गया हुआ था इसी बीच लूटपाट की नियत से कुछ बदमाशों ने उसे घेर लिया और विरोध करने पर छुरा घोंपकर उसे घायल कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में बदमाश प्रतिदिन छिप कर लूट पाट की घटना को अंजाम दे रहे है।

# सफ़ेद हाथी बना भोपा चिकित्सा केन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** भोपा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लगातार चर्चाओं मे बना हुआ है। सोमवार को चालान हुए आरोपियों का मेडिकल कराने पहुंची भोपा पुलिस को घंटो के इंतजार के बाद जिला चिकित्सालय जाने की सलाह स्टाफ द्वारा दी गयी। जहां एक आरोपी का मेडिकल छूट जाने से उसे वापस थाने लाना पड़ा है। घटना चर्चा का विषय बन गयी है।भोपा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोरना, मे भोपा व ककरोली थाने के चालान होने वाले आरोपियों की मेडिकल जांच के लिए भेजा जाता है। जहां से चिकित्सिय परीक्षण के बाद आरोपी न्यायलय मे प्रस्तुत किये जाते हैं।

सोमवार को अस्पताल से जुड़े मामले ने अस्पताल को पुनरूचर्चाओं मे ला दिया है। भोपा पुलिस द्वारा दोपहर के समय पांच आरोपियों को मेडिकल के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां घंटो की प्रतीक्षा कराने के बाद बिजली उपलब्ध न होने की बात कह कर जिला मुख्यालय पर जाने को कहा गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय पहुँचने पर समय कम होने के कारण केवल चार आरोपियों का मेडिकल हो सका जिन्हे न्यायलय भेज दिया गया। एक आरोपी प्रवेन्द्र का मेडिकल न होने के कारण वापस थाने लाया गया।

वहीं नवनियुक्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार ने बताया की इस संबंध मे उन्हें कोई जानकारी नहीं है। स्टाफ से जानकारी की जायेगी।

## बंद कमरों का वायरल हुआ वीडियो

वहीं अस्पताल के बंद पड़े सभी कमरों का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसमे पुलिस अस्पताल के स्टाफ को तलाश कर रही है। वायरल वीडियो अस्पताल मे स्टाफ के नदारद होने को उजागर कर रहा है।वायरल वीडियो मे अस्पताल के बंद कमरे स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही को साबित कर रहे हैं। शुकतीर्थ मे वीआईपी कार्यक्रम सहित क्षेत्र मे बाढ़ आदि को लेकर अस्पताल की उपयोगिता को महत्वपूर्ण माना जाता है।इस प्रकार की लापरवाही से स्वास्थ्य विभाग की छवि नकारात्मक बनने की आशंका है।

# कांधला रोड के मेला छड़ियान पर रोक लगाने की मांग



**मुजफ्फरनगर।** बुढ़ाना क्षेत्र के दवेन्द्र शर्मा, लोकेश कुमार, कुलबीर, गुलबीर आदि अनेकों लोगों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा और कहा कि कांधला रोड पर विवादित पीर की मजार के पास वाले खेत में लगाए जा रहे मेला जहारवीर गोघा जी छडियान पर तुरंत रोक लगाई जाए, क्योकि उक्त मंदिर समिति ने अधिकारियों को गुमराह करके गलत तरीके से अनुमति प्राप्त की है। उक्त लोग अवैध कमाई के लिए हर बार जगह बदलकर अनुमति लेते है। नियामानुसार नई जगह पर अनुमति नहीं दी जा सकती। श्री मजिस्ट्रेट ने इस मामले में एसडीएम बुढ़ाना से रिपोर्ट मांगी है।

# बच्चों को म्यूजिक द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के महत्व को बताया

**बुढ़ाना।** शासनादेश अनुसार आज सोमवार के दिन खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल के प्रभारी प्रधान अध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया।

जिसमें स्कूल में उपस्थित सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल टैबलेट खिलाई गई और जो बच्चे आज रह गए हैं उन्हें मॉप-अप दिवस पर एल्बेंडाजोल टैबलेट खिलाई जाएगी। यहां बच्चों को म्यूजिक द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के महत्व को सुनाया गया। इसके बाद स्कूल के प्रभारी प्रधान अध्यापक



चौधरी जमील अहमद ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का मुख्य उद्देश्य बच्चों में कृमि संक्रमण पेट के कीड़ों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें कृमि मुक्त करना है। कृमि संक्रमण बच्चों के स्वास्थ्य और विकास पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है इसलिए कृमि मुक्ति दिवस मानना महत्वपूर्ण है ताकि बच्चे इसके बारे में जागरूक हो सके और इससे बचाव के उपाय कर सकें क्योंकि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है।



खतौली: तीसरी नीलामी बैठक में मौजूद अधिकारी व अन्य।

# खतौली छड़ियांन मेले पर संकट के बादल

## तीन नीलामी बैठकों में भी नहीं निकला नतीजा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सैकड़ों वर्षो से लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा खतौली का प्रसिद्ध छड़ियांन मेला इस वर्ष संकट में नजर आ रहा है। नगरपालिका द्वारा मेले के ठेके की नीलामी के लिए अब तक तीन बार बैठक बुलाई जा चुकी है, लेकिन हर बार बोली निर्धारित राशि तक नहीं पहुंच पाने के कारण नीलामी निरस्त करनी पड़ी।

बता दे कि गोगा जाहरवीर मांढी पर लगने वाले इस भव्य मेले के लिए नगरपालिका ने 50 लाख 46 हजार रुपये की आरक्षित राशि तय की थी। पहली नीलामी बैठक में बोली 35 लाख से शुरू होकर 39 लाख तक पहुंची, जिसके बाद बैठक निरस्त कर दी गई। दूसरी बैठक में कोई भी बोली नहीं लगी और वह भी रद्द हो गई। सोमवार को हुई तीसरी बैठक नायब तहसीलदार अमित रस्तोगी और पालिका अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें शुरुआती बोली 33 लाख से शुरू होकर फिर 39 लाख पर ही रुक गई, जिससे वह भी निरस्त करनी पड़ी। लगातार तीन नीलामी बैठकों के असफल रहने से इस बार मेले पर संकट के काले बादल मंडराने लगे हैं। अब नगरपालिका ने चौथी नीलामी बैठक मंगलवार को बुलाई है। ऐसे में श्रद्धालुओं की निगाहें इस बैठक पर टिकी हैं कि आखिर इस बार मेला लगेगा या नहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मेले के ठेका प्रथा में आई खामियां और ऊंची आरक्षित राशि इसके पीछे बड़ी वजह हैं। छड़ियांन मेला न सिर्फ धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि आसपास के क्षेत्राों में सांस्कृतिक और व्यापारिक गति. विधियों का भी बड़ा केंद्र है। इसे लेकर नगरवासियों में चिंता और बेचौनी दोनों बढ़ रही हैं। नगर वासियों ने तीसरी बार नीलामी बोर्ड बैठक निरस्त होने के बाद मिले में ठेकेदारी प्रथा को जड़ से खत्म करने की मांग की है।

### संजीव बालियान की हार जीत पर लगी है लोगों की नजर

**मुजफ्फरनगर।** कॉन्सीट्यूशन क्लब नई दिल्ली के सचिव पद पर हो रहे चुनाव को लेकर जनपद वासियों की निगाहे यह जानने को आज बेकरार रहेगी कि सचिव पद पर मुजफ्फरनगर के पूर्व सांसद और पूर्व मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान विजयी होते है या मौजूदा सचिव और पूर्व कैबीनेट मंत्री राजीव प्रताप रूड़ी है।


यह चुनाव 25 साल बाद मतदान के जरिए हो रहा है, क्योकि श्री बालियान ने उन्हे चुनौती दी है। दोनो ही भाजपा के नेता है इस कारण चुनाव दिलचस्प बन गया है।

# समनदास महाराज की छ्ठवी पुण्यतिथि पर सत्संग व भंडारा संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना ।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ स्थित संत शिरोमणि सतगुरू रविदास सतगुरू समनदास महाराज आश्रम में सतगुरू समनदास महाराज की पुण्यतिथि पर सत्संग व विशाल भंडारे का आयोजन भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड, पंजाब सहित मेरठ, मुजफ्फरनगर और शामली से श्रद्धालु शामिल हुए।

सत्संग में श्रद्धालुओं ने गुरु समनदास महाराज की प्रतिमा व गुरु गद्दी की श्रद्धा से वंदना की। भजन-कीर्तन की प्रस्तुति से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु मंत्रामुग्ध होकर गुरु भक्ति में लीन हो गए।समापन अवसर पर महात्मा गोरधनदास महाराज ने सतगुरु रविदास महाराज द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने और सतगुरुओं के जीवन से प्रेरणा लेने



का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गुरु भक्ति से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और सेवा ही सबसे बड़ा परोपकार है। विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर आश्रम परिसर के बाहर साज-सज्जा, खिलौने, बर्तन, लकड़ी के सामान आदि की दुकानों पर श्रद्धालुओं ने खूब खरीदारी की। श्रद्धालुओं ने श्री शुकदेव आश्रम, हनुमतधाम, शिवधाम, गणेशधाम, शनि धाम आदि मंदिरों में दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया। इस दौरान संदीप दास, सिकंदर हिसार हरियाणा, राजकुमार चमारीखेडा,संदीप ,मोनूद. ास, इन्द्रेश, बागेश, बेगराज, नॅकुड, आदि आदि मौजूद रहे।

# 235छात्र-छात्राओं को खिलाई गई टेबलेट

**बुढ़ाना।** कन्या जूनियर हाईस्कूल बुढ़ाना में आज 235 छात्रा छात्राओं को कृमि संक्रमण रोकने के लिए कृमि नाशक एल्बेंडाजोल गोली खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से आए डाक्टर बालेंद्र ने बताया कि 1 से 19 वर्ष तक के बच्चो एवं किशोर-किशोरियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए कृमि नाशक एलबेंडाजोल खिलाना आवश्यक है। डाक्टर शीबा ने कहा कि निश्चित समयांतराल पर कृमि मुक्ति से कृमि संक्रमण के फैलाव को रोका जा सकता है। यहां पर स्कूल के शिक्षकों में सुशील सैनी, मनोज सहरावत, संतोष कुमारी, रश्मि गोयल, सीमा, प्रीति, सुकेश, अंजलि मलिक, संगीता जैन और पूनम आदि शिक्षक शिक्षिकाएं भी मौजूद रही।

# मुज़फ्फरनगर......यादों में हमेशा रहोगे

**मोनालिसा जौहरी, पीसीएस**

**शाहपुर।** सरकारी सेवा में कार्यरत रहना सिर्फ एक नौकरी नहीं बल्कि एक निरंतर चलने वाली यात्रा की तरह है। इस यात्राा में तबादला एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। आज हम किसी जनपद में होते हैं तो कल हमें किसी और जनपद की जिम्मेदारी संभालनी पड़ जाती है। यह बदलाव जहाँ एक ओर नए अनुभव और नई चुनौतियाँ देता है तो वहीं दूसरी ओर पीछे छूट रही यादें और रिश्ते दिल को भावुक भी कर देते हैं।

पिछले दो वर्षों का सफर मैंने मिठास की नगरी मुजफ्फरनगर में बिताया। यह अनुभव मेरे जीवन के सुनहरे अध्यायों में हमेशा के लिए अंकित रहेगा। यहाँ तैनाती के दौरान मैंने (मौनालिसा जोहरी, पीसीएस) बतौर उप-जिलाधिकारी कार्य किया। मेरी प्राथमिकता यही रही कि जनता की समस्याओं का समाधान शीघ्र, न्यायपूर्ण और संतोषजनक तरीके से हो। मैंने यह संकल्प लिया कि मेरे कार्यालय में आने वाला कोई भी फरियादी मायूस या निराश होकर न लौटे और मैंने जनता का बिवास जीता। मुजफ्फरनगर में बिताए ये समय न सिर्फ कार्य के



दृष्टिकोण से बल्कि मानवीय संबंधों के लिहाज से भी बेहद खास रहे। यहाँ के लोगों की सादगी, अपनापन और सहयोग भावना ने मुझे गहराई से छू लिया। प्रशासनिक कार्यों, संकट के क्षणों और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन हर स्थिति में यहाँ के सहयोगियों और नागरिकों ने मुझे भरपूर सहयोग दिया। अब जब मेरा कार्यकाल यहाँ पूरा हो चुका है तो नए जनपद में नई जिम्मेदारी संभालने का अवसर मिला है। इस नए स्थान पर पहुँचकर नई चुनौतियों और अवसरों के साथ सेवा का एक नया अध्याय शुरू हो गया है। एक ओर इस नए सफर की शुरुआत को लेकर उत्साह है तो दूसरी ओर मुजफ्फरनगर को अलविदा कहते समय मन भारी भी हुआ। मुजफ्फरनगर की अच्छी यादें यहाँ का अपनापन और सेवा के दौरान बने रिश्ते हमेशा मेरे दिल में रहेंगे। अब मैं नए जनपद में भी पूरे समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करते हुए जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी। अंत में मैं यही कहना चाहूंगी स्थान बदलते हैं, जिम्मेदारियाँ बदलती हैं पर सेवा का उद्देश्य और जनता के प्रति समर्पण हमेशा अटूट रहता है।

# कलश पूजन के उपरांत श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ



**मोरना।** गांव करहेड़ा में लगातार सात वर्षो से आयोजित हो रही श्रीमद्भागवत का शुभारंभ कलश पूजन के उपरांत मुख्य अथिति द्वारा फीता काटकर किया गया। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने भागवत कथा का अमृत पान जी महाराज ने कहा की भागवत कथा श्रवण से अनेकों जन्मों के पुण्य जागृत होते हैं। मन मे भक्ति भाव होने पर ही भगवान की कथा श्रवण करने को मिलती है।प्रभु का ध्यान करने से मन की शुद्धि होती है। आत्म बल भगवान की भक्ति से प्राप्त होता है। आत्म बल के बिना हम अधर्म का विरोध नहीं कर सकते हैं। धर्म के लिए अधर्म से दूर रहना होगा। व्यसनो को त्यागना होगा। प्रभु श्रीराम का नाम जपने से एकाग्रता बढ़ती है। मन मे राम होंगे तभी जीवन सफल होगा। संसार की भाग दौड़ से अलग कुछ समय भक्ति के लिए निकाल कर आत्म चिंतन करें, मनन करें। महापुराण अमृत वर्षा मे भारी संख्या मे श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वहीं शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्राा निकाली गयी। सर्वप्रथम पंडित तुषार एवं पंडित मोहित द्वारा प्राचीन शिव मंदिर के प्रांगण में भगवान श्री गौरी गणेश एवं हनुमान पूजन मुख्य यज्ञमान संसार राठी सपत्नीक कविता राठी ने कराया। वहीं मुख्य अतिथि प्रमुख अमित चौधरी ने फीता काटकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया।इस अवसर पर सौभाग्यवती देवी, राजेश, विमलेश, मोनिका,कविता, रुनझुन, अनीता, बेबी,सुमन, संतोष, गीता, मुकेश, सोमलता, दीपा, सुदेश, सतेश, बृजेश,सुधा एवं ईश्वरी सहित अनेकों नारी शक्तियों ने सुसज्जित कलश उठाकर गांव की परिक्रमा की इसके अलावा कलश यात्रा में पंडित गौरव शर्मा, राजपाल सिंह,ब्रह्मपाल मुखिया,पंडित सुरेश चंद, बाबूराम राठी आदि रहे।

## सम्बन्ध विच्छेद

सूचित किया जाता है कि प्रार्थी का पुत्र अंकित आयु 21 वर्ष प्रार्थी के कहने-सुनने में नहीं है। उसका चाल-चलन ठीक नहीं है व गलत संगत में पड़ गया है। आज दिनांक 11/8/25 को मैं उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। उक्त अंकित से आज के बाद मेरा व मेरे परिवार का कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा। आज के बाद उसके द्वारा किये गये किसी भी कार्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

प्रार्थी

**मदन सिंह पुत्र मालू राम**

निवासी खुसरोपुर, थाना चरथावल, जिला मुजफ्फरनगर

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डी0) महोदय जनपद मुजफ्फरनगर**

वाद सं0-230 सन् 2023

संजय मोहन पुत्र श्री गोपाल निवासी म0नं0-13ए, नईमंडी, परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर।

.........**वादी**

**बनाम**

1. हरिमोहन, 2. जयमोहन पुत्रगण स्व0 केशोदास निवासीगण-13ए, नईमंडी, परगना, तहसील व जिला मु0नगर, वर्तमान पता-म0नं0-102 सेक्टर-9, निकट ग्रीनवुड स्कूल, गुडगांव, हरियाणा। .....**प्रतिवादीगण।**

यह कि वादी संजय मोहन पुत्र श्री गोपाल निवासी म0नं0-13ए, नईमंडी, परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर ने न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डी0) महोदय जनपद मुजफ्फरनगर, वाद सं0-230 सन् 2023, दायर किया हुआ है। इस वाद में सुनवाई हेतू दिनांक 13 माह 8 सन् 2025 नियत है। अत: यह विज्ञप्ति करायी जाती है कि उपरोक्त वाद में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के दिनांक 13 माह 08 सन् 2025 में समय 10:00 बजे प्रात: न्यायालय में हाजिर होकर आपत्ति/जवाबदावा प्रस्तुत करे यदि उपरोक्त दिनांक पर कोई आपत्ति/जवाबदावा प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो नियत दिनांक के बाद कोई भी आपत्ति/जवाबदावा स्वीकार नहीं किया जायेगा व उचित आदेश पारित कर दिया जायेगा। आज दिनांक 20 माह 08 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया गया।

मुन्सरिम/रीडर

श्रीमान सिविल जज (सी0डि0)

मुजफ्फरनगर।

# कांवड़ यात्रा सकुशल सम्पन्न कराने पर युवकों ने सीओ व एसडीएम का किया सम्मान

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** श्रावण मास में सम्पन्न हुई कांवड़ यात्राा के शांतिपूर्ण व व्यवस्थित संचालन में प्रशासन की अहम भूमिका रही। इसी योगदान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए स्थानीय युवकों ने सोमवार को सीओ व एसडीएम का भव्य स्वागत व सम्मान किया।

जानकारी के अनुसार, आशीष चौधरी, राहुल अहलावत, शेखर पंडित, एडवोकेट दिनेश कौशिक और नितिन चौधरी सीओ कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने सीओ रामआशीष यादव को भगवान की प्रतिमा व शॉल भेंटकर सम्मानित किया। इसके बाद सभी युवक तहसील पहुंचे और एसडीएम राजकुमार भारती को राम दरबार की प्रतिमा व शॉल देकर सम्मानित किया। युवकों ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने दिन-रात मेहनत कर व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा। उनकी कड़ी मशक्कत और सतर्कता के चलते खतौली में कांवड़ यात्राा सकुशल सम्पन्न हुई। इस अवसर पर युवकों ने प्रशासन के प्रति आभार जताते हुए भविष्य में भी इसी तरह सहयोग बनाए रखने की उम्मीद जताई।





# ग्राम शिक्षा सभा केन्द्र छपार मु.नगर प्रबंध समिति

## चुनाव कार्यक्रम-2025

ग्राम शिक्षा सभा केन्द्र छपार मु.नगर प्रबन्ध समिति की साधारण सभा के सभी सम्मानित सदस्यों को सूचनार्थ निवेदन है कि प्रबन्ध समिति चुनाव 2025 हेतु आप अग्रलिखित कार्यक्रमानुसार सादर आमन्त्रित है। आप सभी महानुभव: समय पर पधारने की कृपा करें।

### चुनाव कार्यक्रम

| क्र. सं. | दिनांक व दिन | चुनाव कार्यक्रम | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 22.08.25 शुक्रवार | मतदाता सूची का प्रकाशन | प्रात: 9:00 बजे से 11:00 बजे तक |
| 2 | 23.08.25 शनिवार | मतदाता सूची पर आपत्ति एव प्राप्त आपत्तिकर्ता का निस्तारण | अपराहन 2:00 बजे से 04:00 बजे तक |
| 3 | 23.08.25 शनिवार | अन्तिम एवं वैद्य मतदाता सूचि का प्रकाशन | अपराह्न 4:15 बजे |
| 4 | 24.08.25 रविवार | नामाकंन पत्रों का वितरण एवं भरे हुए नामाकंन प्राप्त करना | प्रात: 9:00 बजे से अपराहन 02:00 बजे तक |
| 5 | 24.08.25 रविवार | नामाकंन पत्रों पर आपत्ति एवं आपत्तियों का निस्तारण | अपराह्न 02:00 बजे से 03:00 बजे तक |
| 6 | 24.08.25 रविवार | नामाकंन पत्रों की वापसी | अपराह्न 03:00 बजे से 03:30 बजे तक |
| 7 | 24.08.25 रविवार | नामाकंन पत्रों की जांच एव वैध नामाकंन पत्रों की सूचि का प्रकाशन | अपराह्न 03:30 बजे से 05:00 बजे तक |
| 8 | 24.08.25 रविवार | चुनाव चिन्ह आवंटन ( यदि आवश्यक हुआ | सायं 5:00 बजे |
| 9 | 31.08.25 रविवार | मतदान ( यदि आवश्यक हुआ) | प्रात: 09:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक |
| 10 | 31.08.25 रविवार | मतगणना एवं नवनिर्वाचित प्रबन्ध समिति का गठन | अपराह्न 01:30 बजे से 03:30 बजे तक |

1. ग्राम शिक्षा सभा केन्द्र छपार मु.नगर प्रबन्ध समिति के चुनाव-2025 को समस्त कार्यक्रम जयभारत इण्टर कॉलेज छपार मु.नगर में होना सुनिश्चित किया जाएगा।

**2. मतदाता अपने आधार कार्ड/अन्य कोई आई.डी.साथ लेकर आये।**

**चुनाव अधिकारी**

**( अविनाश त्यागी प्राचार्य )**

**बड़कली इण्टर कॉलेज, बड़कली मु.नगर**

## सूचना

मैने अपना नाम SOFIYA KHAN से बदलकर SOFIA KHAN रख लिया है और मैने अपनी माता का नाम NAHIDA PARVEEN से बदलकर NAHIDA KHAN रख लिया है। आगे से भविष्य में मुझे मेरे नाम SOFIA KHAN और माता NAHIDA KHAN से जाना जाऐ।

Name-SOFIA KHAN
Mother- NAHIDA KHAN
Father- ANWAR KHAN
923/1 Rampuri Roorkee
Road Muzaffar nagar
(U.P.)

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी जानसठ जिला मुजफ्फरनगर।**

वाद संख्या 3828 सन् 2024

1. सिखरेडा किसान जू.हा .स्कूल प्रबन्धक श्री सय्याद अली पुत्र श्री बलेदीन निवासी ग्राम सिखरेडा तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर।

.......... वादी

बनाम 1. प्रतीक भाटिया पुत्र ज्ञान प्रकाश भाटिया निवासी 46/25 रामबाग रोड शहर मुजफ्फरनगर जिला मुजफ्फरनगर। 2. रोहित कुमार गोयल पुत्र राकेश कुमार गोयल निवासी 186/5 भरतिया कॉलोनी पीपल वाली गली शहर मुजफ्फरनगर। 3. हाकम सिंह 4. गुरवचन सिंह पुत्रगण जसवन्त सिंह 5. बलजिन्द्र कौर पत्नी जसवन्त सिंह. निवासीगण ग्राम भण्डूर तहसील जानसठ जिला मु.नगर हाल नि. पंजाब। 6. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कलैक्टर साहब जिला मुजफ्फरनगर। 7. ग्राम पंचायत भण्डूर द्वारा प्रधान ग्राम भण्डूर परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। ....प्रतिवादीगण

अन्तर्गत धारा 144/134 उ.प्र.रा.सं. 2006 मौजा - भण्डूर परगना जौली जानसठ वाद उपरोक्त सिखरेडा किसान जू.हा. स्कूल प्रबन्धक श्री सयाद अली पुत्र श्री बलेदीन निवासी ग्राम सिखरेडा तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर द्वारा दायर किया गया है। वाद उक्त की बाबत प्रतिवादी को वाद उक्त के सम्बन्ध में हुक्म दिया जाता है कि आप दिनांक 12.8.25 को प्रात: 10 बजे स्वयं या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमर अहम मुतालिका मुकदमा जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को, जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो, पेश करें। अगर बराजे मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूह फैसला होगा। बस्तव मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज दिनांक 21.7.25 ई. को जारी किया गया।

**उप जिलाधिकारी जानसठ**
**तहसील जानसठ,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

## Name Change

I, RAKHI Chaudhary W/0 Mohit Kumar R/O H.NO-86, Segajagatpur, Distt. Bulandshahr (UP)245407 have Changed my name from Rakhi Choudhary to Rakhi Chaudhary Henceforth I would be known by the name of Rakhi Chaudhary For all Future Purposes.

## सूचना

मेरा हाईस्कूल रोल न. 0500821 व इण्टरमीडिएट रोल न.0285111, बी.एस.सी.रोल न. बी 0668251 एम.एस.सी.रोल न. एच 490686519 एन सी सी सर्टिफिकेट तथा मूल निवासी व हाईस्कूल की सनद आदि कही खो गये है।

**भावना पुत्री राजेन्द्र कुमार शर्मा मु.नगर**

# गंगा का जलस्तर खतरे के पार, गंगा बैराज पुल पर आवागमन प्रभावित

**मीरापुर।** पहाड़ी क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार वर्षा के चलते गंगा का जलस्तर लगातार खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। बाढ़ की चपेट में आए दर्जनों गांवों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उधर, गंगा बैराज पुल पर आवागमन बंद होने से लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

लगातार बढ़ते जलस्तर और पुल की तकनीकी खामियों के चलते सड़क में गैप आ गया, जिसके कारण प्रशासन ने सुरक्षा की ख्रष्टि से यातायात पूरी तरह रोक दिया था। करीब एक सप्ताह बाद प्रशासन ने केवल दोपहिया वाहनों को गुजरने की अनुमति दी है, जबकि चौपहिया वाहनों के लिए आवागमन अभी भी पूरी तरह बंद



है। इससे रोजाना आने-जाने वाले कर्मचारियों को बिजनौर से गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, मेरठ होते हुए मुजफ्फरनगर पहुंचना पड़ रहा है, जिससे समय और धन दोनों की अधिक खपत हो रही है। जल संसाधन विभाग के अनुसार, भीमगोड़ा, हरिद्वार से सोमवार रात 1,24,249 क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा, जिससे बाढ़ की स्थिति में फिलहाल सुधार की संभावना नहीं है। गंगा का मौजूदा जलस्तर 220.20 मीटर है, जो खतरे के निशान से 20 सेंटीमीटर अधिक है। प्रशासन ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की अपील की है।

## जानलेवा हमला करने वालों पर पुलिस ने की कार्रवाई, तीन का चालान

**भोपा।** नन्हेड़ा में दो पक्षों में मारपीट का मामला प्रकाश मे आया है। जिसमे आधा दर्जन घायल हो गये। वहीं एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसकी हालत चिंताजनक बताई गयी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों का चालान किया है। गांव नन्हेड़ा निवासी कमरक पाल ने थाने पर दी बताया कि गांव के ही अक्षय, रवि, नीटू, शैंकी आदि घर के बाहर खड़े होकर उन्हें अश्लील गालियां दे रहे थे। जब उसके बेटे अंकित ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने घर मे घुसकर अंकित के साथ मारपीट की। बेटे को बचाने के लिए जब वह खुद और उसका भतीजा कालेराम और भाई कृष्ण आए तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया जिसमें सभी घायल हो गये और अंकिते घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि मारपीट की घटना पर संज्ञान लेकर कमरक पाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है अभियुक्त नीटू, अक्षय अमित को गिरफ्तार कर चालान किया गया है।

# अल्ट्रासाउंड संचालक पर गलत रिपोर्ट देने का आरोप

**जानसठ।** मोहल्ला सरायतुलस.ीराम निवासी मौ.खालिद ने जानसठ मेन हाइवे पर ढांसरी गेट के सामने स्थित एक अल्ट्रासाउंड संचालक पर गलत रिपोर्ट देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुजफ्फरनगर एवं मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

पीड़ित मौ.खालिद ने शिकायत में आरोप लगाया है कि 7 अगस्त को उसने जानसठ स्थित स्टार रेडियोलॉजिस्ट अल्ट्रासाउंड केंद्र से अल्ट्रासाउंड करवाया था। रिपोर्ट में उनको नॉर्मल बताया गया है लेकिन पीड़ित को लगातार दर्द होता रहा। इसके बाद 8 अगस्त को व खतौली स्थित अल्ट्रासाउंड केंद्र पर अल्ट्रासाउंड कराया जहां उसकी किडनी में 20 एमएम की पथरी होना बताया गया है। इसके बाद पीड़ित ने 10 अगस्त को मुजफ्फरनगर में रिपोर्ट कराई वहां भी पीड़ित को 20 एमएम की पथरी होना बताया गया। आरोप है कि इस पर उन्होंने जब इस बारे में उक्त केंद्र संचालक से बात की तो। उन्होंने कहा कि मामला यहीं रफा-दफा कर दो। जब वह नहीं माने तो संचालक ने कहा कि आपको जो करना है वह कर लिजिए।

वहीं अल्ट्रासाउंड केंद्र में जब इस बारे में फोन किया तो उन्होंने कहा कि उन्होंने रिपोर्ट सही दी है और मरीज दूसरी जगह जाने के बजाय दोबारा हमारे पास आ सकता था। जब इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुजफ्फरनगर से उनके दूरभाष पर बात की तो सीएमओ ने कहा कि अभी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है यदि शिकायत प्राप्त होती है तो जांच कराई जाएगी और जांच के बाद ही इस बारे में कुछ कहा जा सकता है।

**संक्षिप्त समाचार**

# नसीरपुर पर फिदा हुए पूर्व ब्लाक प्रमुख



**बुढ़ाना।** राष्ट्रीय लोकदल के कद्दावर नेता और बुढ़ाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक आज सोमवार के दिन सैंकड़ों ग्रामीणों के बुलावे पर अपने समर्थकों के साथ बुढ़ाना ब्लाक के गांव नसीरपुर में पहुंचे। जहां पर ग्रामीणों ने उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत करते हुए ढोल और नगाड़ों के बीच रालोद जिंदाबाद, रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी, विनोद प्रमुख जिंदाबाद के नारे गर्मजोशी से जमकर लगाए। अपने सम्मान से अभिभूत होते हुए पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने गांव नसीरपुर में दो आरओ लगवाने और जर्जर सीसी रोड का निर्माण शीघ्र ही कराने की घोषणा कर ग्रामीणों का दिल जीत लिया।ध उन्होंने कहा कि वे रात दिन ग्रामीणों की समस्याओं को सुलझाने के लिए प्रयासरत रहते हैं। इससे पहले भी मैंने अपने कार्यकाल में गांव नसीरपुर में बहुत विकास कार्य करवाए हैं और फिर अपनी माता के कार्यकाल के दौरान यहां पर बहुत कार्य करवाए जो किसी से छुपे नहीं हैं। मेरी कोशिश यही रहती है कि बुढ़ाना ब्लाक या विधानसभा क्षेत्रा के किसी भी गांव में कोई समस्या ना रहे। गांव के हृदय राम ने कहा कि ये सच है कि प्रमुख साहब समय समय पर हम लोगों की सुध लेते रहते हैं। हम भी आज भारी भीड़ के सामने खड़े होकर वायदा करते हैं कि अगर प्रमुख साहब विधानसभा का चुनाव लड़ें तो हम उनको अपने गांव से जिताकर भेजेंगे। यहां डॉक्टर सुभाष, अशोक प्रधान, मेनपाल, सुरेन्द्र, सन्नी चौहान, अनीस अहमद, लविश जांगिड, शिवम और सतपाल सहित सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## दुर्गनपुर में शराब के ठेकों का किया निरीक्षण

**बुढ़ाना।** गांव दुर्गनपुर में आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर महेश नंदन द्वारा अपनी टीम के साथ शराब के ठेकों का निरीक्षण किया गया। जिसमें उनके द्वारा शराब के ठेकों पर चेकिंग करते हुए ठेके पर रखे हुए अभिलेखों को भी चेक किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकानदारों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शराब केवल निर्धारित दरों पर ही बेची जानी चाहिए। आबक.ारी निरीक्षक ने दुकान संचालन के समय का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दुकानें निर्धारित समय तक ही खुली रहनी चाहिए। निर्धारित समय से पहले या बाद में दुकान संचालित करने पर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होने दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की और स्टॉक रजिस्टर का भी मिलान किया। उन्होंने बताया कि यह नियमित चेकिंग का हिस्सा था जिसमें दुकानदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# शासन के आदेश पर बाढ़ग्रस्त गांवों में कराया राहत सामग्री का वितरण

**मीरापुर।** गंगा बेराज के बाढ ग्रस्त गांवो में प्रशासन की ओर से बाढ पीडितो को राहत सामग्री का वितरण प्रशासन द्वारा किया गया इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष सहित तहसील स्तरीय प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

गंगा बेराज के खादर क्षेत्र में बाढ के कारण इस समय एक दर्जन से अधिक ग्राम प्रभावित हैं तथा गांवों की फसलें जलमग्न हो गई हैं। बढे पानी के कारण गांवो से जनसम्पर्क कट गया है तथा ग्रामीणों को खाने-पीने और आवश्यक वस्तुओं की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति से निपटने के लिए राज्य सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री वितरण की व्यवस्था की है। सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, एसडीएम जानसठ जयेंद्र कुमार, ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र चौधरी, तहसीलदार जानसठ श्रद्धा गुप्ता और मीरापुर विधायक की पुत्री सुप्रिया पाल ने पात्र ग्रामीणों को खाद्य सामग्री से भरी राहत किट वितरित की।

यह वितरण ग्राम जीवनपुरी में ग्रामीण चंद्रपाल चौहान के निवास पर किया गया, जहां ग्राम प्रधान गोपाल सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन ठाकुर, जिला संयोजक रामकुमार शर्मा, जिला प्रतिनिधि अभिषेक गर्ग, रविंद्र चौधरी, नायब तहसीलदार विपिन कुमार और कार्यकर्ता आयुष शर्मा भी मौजूद रहे। डॉ. निर्वाल ने कहा कि प्रदेश सरकार बाढ़ प्रभावित लोगों के प्रति गंभीर है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अविलंब



राहत सामग्री भेजी गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हर प्रभावित परिवार तक सहायता पहुंचाई जाएगी।

वहीं, किसान संजीव शर्मा ने बताया कि इस बार पशुओं के लिए चारे की भारी किल्लत है। उन्होंने सुझाव दिया कि गंगा में जमा सिल्ट की नियमित सफाई होने पर बाढ़ की समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है, क्योंकि सिल्ट के कारण पानी जल्दी गांवों में घुस जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन के इस कदम की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में भी सहायता मिलती रहेगी।

## स्टूडेंट्स ने धूमधाम से मनाया तिरंगा महोत्सव

**बुढ़ाना।** कंपोजिट स्कूल डूंगर बुढाना में स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में हर घर तिरंगा 2025 के अंतर्गत द्वितीय चरण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें तिरंगा महोत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रम कराया गया।

सहायक अध्यापिका श्रीमती बिंदिया गुप्ता द्वारा तिरंगा रैलियां तथा तिरंगा क्विज के बारे में बताकर सांस्कृतिक कार्यक्रम कराया गया। स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम 2025 के दूसरे चरण में बीती 09 अगस्त से आज तक बच्चों के बीच सामुदायिक जुड़ाव और सामूहिक भागीदारी को बढ़ावा दिया गया। इसमें तिरंगा महोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम और तिरंगा रैलियां प्रमुख रूप से आयोजित की जाएगी और इसके साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तिरंगा क्विज का आयोजन किया जाएगा। इसलिए स्कूल के सभी बच्चें हर घर तिरंगा अभियान 2025 में पूरे उत्साह, गर्व और देशभक्ति की भावना के साथ बढ़ चढ़कर भाग लें। यह अभियान बीती 02 अगस्त से शुरू होकर आगामी 15 अगस्त तक चलेगा। यह देश की स्वतंत्रता और एकता का राष्ट्रव्यापी उत्सव है। जो हमारे गौरवशाली राष्ट्रीय ध्वज व तिरंगे की भावना से ओत प्रोत है। इस दौरान स्कूल का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की दिल्ली प्रदेश की कमैटी गठित



**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की दिल्ली की इकाई गठित की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के द्वारा की गई संचालन प्रदेश अध्यक्ष रिपिन कंसल के द्वारा किया मुख्य अतिथि के रूप में माडल टाउन के विधायक अशोक गोयल रहे बैठक मे काफी जनपदों के भारी संख्या में व्यापारीयो ने भाग लिया राष्ट्रीय अध्यक्ष ज़ी ने बोलते हुए कहा कि आज हम दिल्ली प्रदेश के व्यापारियों को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की दिल्ली की जिम्मेदारी सौंप रहे हैं उन्होंने कहा कि हमारा व्यापार मंडल सन 2000 से व्यापारी कल्याण दिवस की मांग करता रहा था जिसकी हमें सन 2025 में सफलता मिली उन्होंने मुख्य अतिथि अशोक गोयल से भी दिल्ली सरकार से व्यापारियों के लिए व्यापारी कल्याण दिवस घोषित कराने की मांग की जिस पर विधायक ने अध्यक्ष को आश्वासन दिया कि बहुत जल्दी मुख्यमंत्री से मिलकर आपकी मांग उनके समक्ष रखी जाएगी और मुझे उम्मीद है कि इसमें कोई किसी तरह की परेशानी नहीं होगी और आपकी मांग मान ली जाएगी संदीप बंसल ने कहा की 23 अगस्त को दिल्ली के अंदर एक देश एक चुनाव को लेकर बैठक रखी गई है ज्यादा से ज्यादा व्यापारियों को भाग लेने का आग्रह किया प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय मित्तल ने कहा कि जीएसटी से पूरे प्रदेश के व्यापारी परेशान है मैं बधाई देता हूं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जिन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री की सीट संभालते ही सबसे पहले जीएसटी के अधिकारियों को बुलाकर कहा कि मेरे प्रदेश में किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए यह व्यापारियों के लिए बहुत खुशी की बात है प्रदेश अध्यक्ष रिपीन कंसल जी ने संगठन की मजबूती पर जोर डालते हुए कहा कि अपने संगठन को मजबूत करें अगर आप मजबूत हो गए तो किसी की हिम्मत नहीं आपको बेवजह परेशान करें दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी देवेंद्र अग्रवाल को दी गई महामंत्री सुमित बंसल कोषाध्यक्ष रोि.हत आनंद संगठन महामंत्री दीपक जैन को दी गई तथा तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा उनको आदेशित किया गया कि जल्द से जल्द पूरी दिल्ली का गठन करके इसकी सूची लखनऊ कार्यालय को भेज दें। बैठक में सहारनपुर, अलीगढ़, मुरादाबाद, बुलंदशहर, फिरोजाबाद, मेरठ, बदायूं, बागपत, बड़ोत, मथुरा, गाजियाबाद, लखनऊ आदि जगहों से काफी व्यापारी उपस्थित थे।

## रोडवेज बस में लूट का प्रयास

**नहटौर।** आज सायं को नगीना से वाया नहटौर होते हुए बिजनौर डिपो की बस बिजनौर जा रही थी। कोतवाली देहात रोड पर डिग्री कालेज के पास अचानक आए दो बाइक सवार रोडवेज बस की चपेट में आने से बाल बाल बच गए। आरोप है कि सड़क पर आए बाइक सवारों से साइड लेने के लिए रोडवेज चालक अर्जुन सिंह ने हॉर्न बजाया था। जिससे गुस्साए युवकों ने बाइक तेज चलाकर बस के आगे लगा दी और बस के रुकते ही शीशा तोड़ दिया। इसके अलावा डंडा उठाकर बस के अन्य शीशे भी तोड़ दिये। आरोपी युवकों ने चालक व परिचालक के साथ मारपीट करते हुए मशीन और कैश से भरा हुआ थैला छिनने का प्रयास किया। बीच बचाव करने आए यात्रियों के साथ भी आरोपियों द्वारा मारपीट की गई। बस के अचानक तोड़े गए शीशे की घटना से बस में बैठे 50 से अधिक यात्रियों में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस के मौके पर पहुंचते ही आरोपी भाग खड़े हुए। पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

# रायपुर नंगली में जल निगम की टंकी बनी शोपीस

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली ब्लॉक क्षेत्र के गांव रायपुर नंगली में हर घर जल अभियान के तहत करीब एक वर्ष पूर्व बनाई गई जल निगम की टंकी आज भी चालू नहीं हो सकी है। गांव में जल आपूर्ति के लिए सड़कों को खोदकर पाइपलाइन डाली गई थी, लेकिन अब तक न तो पानी की आपूर्ति शुरू हुई और न ही टूटी-फूटी सड़कों की मरम्मत कराई गई।

भाकियू नेता सचिन चौधरी की शिकायत पर सोमवार को जल निगम के अधिशासी अभियंता अपनी टीम के साथ रायपुर नंगली पहुंचे। उन्होंने गांव में घूमकर जल आपूर्ति के लिए खोदी गई सड़कों की स्थिति का जायजा लिया।

जगह-जगह गड्ढों और टूटी सड़कों को देखकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई और अधिकारियों को फटकार लगाई। भाकियू नेता सचिन चौधरी ने अधिकारियों को दो टूक चेतावनी दी कि यदि जल्द ही गांव की सड़कों की



मरम्मत और जल आपूर्ति शुरू नहीं की गई, तो ग्रामीण जल निगम कार्यालय का अनिश्चितकालीन घेराव करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को लापरवाही और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाया जा रहा है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने भी जल निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि करोड़ों रुपये खर्च कर टंकी का निर्माण किया गया, लेकिन एक साल बाद भी एक बूंद पानी नहीं मिला। वहीं, टूटी सड़कों से लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है, जिससे आए दिन हादसे होने का खतरा बना रहता है। अब ग्रामीणों की निगाहें जल निगम के आगामी कदम पर टिकी हैं। यदि विभाग ने जल्द ही कार्य पूरा नहीं किया, तो आंदोलन की तैयारी तेज हो सकती है।

# बीजेपी ने किया तिरंगा यात्रा का आयोजन



**पुरकाजी।** बीजेपी की तिरंगा यात्रा को लेकर आज पुरकाजी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा मण्डल अध्यक्ष अजय पंवार की अगुवाई में आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रमोद ऊंटवाल, शंकर सिंह भोला चेयरमेन तितावी गन्ना समिति मौजूद रहे तिरंगा यात्रा शहीद स्थल पुरकाजी ब्लॉक से शहीद स्थल पुरकाजी ब्लॉक से लखनौती, सेठपुर, धमात, खाद्दर मोड होते हुए शहीद स्थल पुरकाजी ब्लॉक पर समापन इस मौके परविपिन गोयल मण्डल महामंत्री, हर्ष वाल्मीकि मण्डल महामंत्री, डॉ संदीप वर्मा, भारत भूषण खुल्लर, वीरेन्द्र चौधरी, मुकेश, निर्दोष जैन, विपुल विक्रम,त्यागी, दीपक त्यागी मण्डल उपाध्यक्ष, मोहन लाल, सचिन, नदीम गौड,डॉ विनीत, नरेन्द्र पाल, शिवकुमार पाल, पप्पू धीमान,मोनू, कपिल कश्यप, सोनू रावल, गोविंद, वीरेन्द्र मास्टर जी,रोहित शर्मा,के पी कश्यप, सुधीर आदि मौजूद रहे

# गठवाला खाप ने पूर्व गर्वनर को दी श्रद्धांजलि

**बुढ़ाना।** किसान इण्टर कॉलेज खरड़ के सभागार में आज सोमवार के दिन एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता बाबा राजेंद्र सिंह मलिक गढ़वाला खाप और संचालन धर्मेन्द्र मलिक ने किया। सभा में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए यशपाल मलिक अध्यक्ष जाट आरक्षण संघर्ष समिति ने कहा कि सत्यपाल मलिक जाट ही नहीं अपितु गांव, गरीब व किसानों की भी आवाज थे। जब भी ग्रामीण अंचल किसान की बात आई तो श्री मलिक ने उनकी आवाज को बुलंद किया। आज हम उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। बाबा राजेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि सत्यपाल मलिक से खाप के साथ व्यक्तिगत लगाव भी रहा है। श्री मलिक ने अपने जीवन में विभिन्न पदों को सुशोभित किया। श्री मलिक खाप के रत्न थे। उनके निधन से समाज को ही नहीं हमारी व्यक्तिगत क्षति भी है। मेरा उनको भावपूर्ण नमन। धर्मेन्द्र मलिक राष्ट्रीय प्रवक्ता भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने कहा कि सत्यपाल मलिक समाज की धरोहर थे। उनका नाम इतिहाह में अमिट है। आज हम सबको गर्व है कि देश के एक राज्य से धारा 370 को समाप्त कर उस राज्य में भी भारत का झंडा लहराया। वह अपनी बेबाकी के लिए इतिहास के पन्नों में जाने जायेंगे। मास्टर हरवीर सिंह फुगाना ने कहा कि दूसरा सत्यपाल मलिक पैदा होना मुश्किल है। उनके निधन से समाज को भारी नुकसान है। मेरी भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

सभा में सभी ने एकमत से सत्यपाल मलिक को अंतिम विदाई के समय राजकीय सम्मान न दिए जाने पर रोष प्रकट करते हुए कहा कि सरकार का यह व्यवहार निंदनीय है। सभा में



अंत में मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।

सभा को मुख्य रूप से जितेंद्र प्रधान फुगाना, जोगेंद्र प्रधान करौदा महाजन, किशन पूर्व प्रधान, बिजेंद्र सिंह पूर्व प्रधान, विकास मलिक प्रधान खरड़, जोगेंद्र पहलवान, हरपाल सिंह, सुनील सरपंच, जोगेंद्र मलिक, धीर सिंह, रामबीर मलिक, बीरपाल सिंह चौधरी, राजवीर सिंह, अमित मलिक, हरपाल सिंह, बीर नारायण, रामकुमार मलिक, विनोद चेयरमैन खेड़ामस्तान, नरेंद्र चेयरमैन करौदा महाजन, प्रदीप प्रधान कुरावा, देवेंद्र झाल, हिन्दपाल मलिक, दुष्यन्त मलिक कुड़ाना, अंकुश मलिक, रामपाल सिंह देशवाल, राजेंद्र टिटौली, गौतम मलिक, ब्रह्मपाल सिंह सरनावली और धीरज मलिक प्रधान किवाना सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर अपने विचार साझा किए।

# 4 युवकों पर ग्रामीण की हत्या करने का आरोप

**बुढ़ाना।** घर से बुलाकर ले गये चार ग्रामीणों पर एक अन्य ग्रामीण की हत्या का आरोप लगा है। मृतक के परिजनों ने मृतक ग्रामीण के शव को बुढ़ाना कोतवाली परिसर में रखकर हंगामा किया और चारों आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। बुढ़ाना पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर कार्यवाही का आश्वासन देते हुए मामले की जांच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव नगवा के निवासी अमित कुमार ने बुढाना पुलिस को दी गयी एक तहरीर में बतलाया कि बीती 10 अगस्त को गांव नगवा के ही प्रदीप सिंह, भगत सिंह, प्रिंस और कल्लू उर्फ मनीष उसके पिता रामबीर को घर से बुलाकर ले गए थे। देर रात वे रामबीर को अचेत अवस्था में घर के बाहर छोड़कर भाग गए। हालत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आज सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजन और ग्रामीण शव को घर ले जाने के बजाय सीधे कोतवाली ले आए। उन्होंने शव को कोतवाली परिसर में रखकर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और उनके खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सभी ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने आश्वासन दिया कि तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए और शव को लेकर चले गये। देर रात शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# पीडीए पंचायत को लेकर किया विचार-विमर्श

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव नवाब इम्तियाज ने बुढ़ाना कस्बे के फैज गार्डन में 17 अगस्त को होने जा रही पीडीए जन पंचायत सफल बनाने के लिए कस्बे के मौहल्ला कस्साबान में अकबर पहलवान के आवास पर आयोजित की गयी अपने समर्थकों की एक मीटिंग में सभी मौजूद लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता 17 अगस्त को अपना जरुरी काम काम छोड़कर सुबह दस बजे से ही फ़ैज़ गार्डन में पहुंचे और पीडीए जन पंचायत को सफल बनाएं।

पीडीए जन पंचायत के आयोजक सपा के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र पाल हें जो बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्रा के सभी लोगों को एक मंच पर लाकर उनको मौजूदा सरकारों की असलियत से वाकिफ



कराना चाहते हैं कि कैसे पिछडे, दलित और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहा है। पंचायत में चीफ गेस्ट समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल होंगे। उन्होंने बताया कि सभी कार्यकर्ता 2027 में अखिलेश यादव को एक बार फिर यूपी का सीएम बनाने को मेहनत करें। जिस पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे पीडीए जन पंचायत में बढ़ चढ़कर भाग लेंगे। यहां सभासद राशिद कुरैशी, हासिम कुरैशी, वसीम कुरैशी, मन्नू, सलमान इम्तियाज, मनव्वर, आजम कुरैशी व अब्दुल्ला इम्तियाज आदि सपाई मौजूद रहे।

# छात्र के परिजनों से मिला क्रांति सेना का प्रतिनिधि मंडल

**बुढ़ाना/मुजफ्फरनगर।** 11 अगस्त/ शिवसेना व क्रांतिसेना के प्रतिनिधि मंडल ने बुढाना क्षेत्र के गांव दुर्गनपुर में पिछले दिनों जेके स्कूल के अध्यापकों द्वारा की गई मारपीट से परेशान होकर आत्महत्या करने वाले बालक के परिजनों से मुलाकात की वह उन्हें हर संभव न्याय दिलाने का आश्वासन दिया, बाद में शिवसेना जिलाप्रमुख बिट्टू सिखेड़ा, क्रांतिसेना महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी, जिला उपाध्यक्ष पूनम चाहल, जिला महासचिव संजय आर्य, जिला उपाध्यक्ष संजीव वर्मा, महानगर महासचिव उज्जवल पंडित के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने बुढाना कोतवाली प्रभारी अनंत देव मिश्र से भी मुलाकात करते हुए कहा कि बालक की मौत के जिम्मेदार लोगों



को बख्शा नहीं जाना चाहिए क्योंकि स्कूल के अध्यापकों ने उसका उत्पीड़न करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, जल्लाद बने अध्यापको ने फीस न देने पर उसे धूप में खड़ा रखना उसकी शिखा काटना व उसे सार्वजनिक रूप से अपमानित कर मौत के मुँह में जाने के लिए विवश कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि उसे मौत के लिए विवश करने वाले स्कूल के दोषी अध्यापको के खिलाफ जांच कर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए उन्होंने चार दिन बीत जाने के बावजूद इस मामले को लीपा पोती करने के प्रयास पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इस प्रकार के बर्दाश्त से बाहर हैं, उन्होंने कहा कि यदि इस मामले में शीघ्र ही दोषी लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई नहीं की गई शिवसेना और क्रांतिसेना के कार्यकर्ता स्थानीय ग्रामीणों को लेकर सड़कों पर आ जाएंगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जिला हैण्डबॉल प्रतियोगिता जीतकर छात्र पहुंचे 'मण्डल स्तर' पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज के छात्रों ने संघर्षपूर्ण एवं रोमांचक खेल का प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता जीत ली और मण्डल स्तर के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया। कॉलेज पहुंचने पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने मेडल पहना कर छात्रों का सम्मान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज के खेल प्रशिक्षक फूल कुमार ने बताया कि मांध्यमिक विद्यालयों की जिला स्तरीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बाबू जवान सिंह इण्टर कॉलेज ग्राम खन्दरावली में किया गया। जनपद के विभिन्न कॉलेजों के छात्रों के साथ खेलते हुए छात्रों ने कौशलपूर्ण तथा रोचक खेल का प्रदर्शन किया और कॉलेज के 8 छात्रों का चयन मण्डल स्तर की हैण्डबॉल प्रतियोगिता के लिए हो गया। कुणाल राणा, आदर्श, कुश, आदित्य, मोनीष, वंश, प्रिन्स और आर्य चुने गए है। इस अवसर पर सतीश आत्रेय, घनश्याम सारस्वत, अनिल कुमार कश्यप, रामनाथ, शिव कुमार, महेश नारायण गौड़, बिजेन्द्र गौतम, साकेत निर्वाल, प्रसून भार्गव आदि मौजूद रहे।



## महिला ने लगाया मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी एक महिला ने अपने पति व ससुरालयों पर अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट कर उसका बच्चा छीन कर घर से निकलने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सोमवार को कस्बे के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी महिला सोनम पुत्री फैहमिद ने बताया कि उसकी शादी 27 जनवरी 2024 को बागपत जनपद के गांव टटीरी निवासी आसिफ के साथ हुई थी। पीड़िता का आरोप है की शादी के कुछ दिन बाद तो ठीक रहा मगर उसके बाद पति वह ससुराल वाले पीड़िता को अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। दहेज में बाइक और दो लाख रूपए की मांग पूरी नहीं होने पर पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने उसका 4 माह का बच्चा छीन कर मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया।



शामली। रॉक गोल्ड एकेडमी के छात्र-छात्राएं राष्ट्रपति के साथ। छाया शाह टाइम्स

# राष्ट्रपति के साथ मनाया रक्षाबंधन पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया। रॉक गोल्ड एकेडमी शामली के छात्र- छात्राओं ने दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में जाकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को रक्षाबंधन का सूत्र बांधा। उन्होने कहा कि यह त्यौहार भाई बहन के बीच का त्यौहार न होकर अब माता-पिता, गुरु और देश की सेवा करने वाले सभी देशभक्तों के बीच मनाया जाने लगा है। राष्ट्रपति भवन में उपस्थित छात्र-छात्राओं में कक्षा 9 से ओजल गर्ग, रिया कौशिक, कक्षा 10 से जय मुद्दगल, कक्षा आठवीं से वेदांत कौशिक के साथ प्रधानाचार्या अनीता सिवाच ने राष्ट्रपति को राखी बांधी। उन्होने बच्चों को प्रकृति व जल सुरक्षा हेतु संदेश दिया। राष्ट्रपति ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर क्षेत्र में रैली निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के वीवी पीजी कॉलेज शामली में सोमवार को घर तिरंगा अभियान के तहत एक तिरंगा रैली निकाली गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने तिरंगे के साथ नारे लगाते हुए हर घर तिरंगा अभियान का संदेश दिया।

सोमवार को शहर के वीवी पीजी कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत तिरंगा रैली निकाली। रैली को शुभारंभ प्राचार्या प्रोफेसर सुधीर कुमार ने किया। उन्होने छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता संग्राम के बारे में बताया तथा तिरंगे के इतिहास पर प्रकाश डाला। प्रथम यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी डा। मुकेश कुमार कन्नौजिया ने छात्रों को समझाया कि प्रतिदिन तिरंगे का सम्मान करना हर भारतीय नागरिक का मौलिक कर्तव्य है। कार्यक्रम अधिकारी अर्शी खान ने छात्रों को समझाया कि अच्छा नागरिक बनने के लिए हमें सभी राष्ट्रीय चिह्नों का सम्मान करना चाहिए। अपनी विरासत का संरक्षण करना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के तृतीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी नारायण सिंह ने कहा कि युवा पीढ़ी में राष्ट्र प्रेम तथा देशभक्ति शुरू से ही पनपनी चाहिए। जिससे छात्र-छात्राओं का चारित्रिक विकास हो सके। छात्राओं ने इंकलाब जिंदाबाद, भारत माता की जय आदि नारों के साथ उद्घोष किया।




**जलालाबाद।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर भारतीय जनता पार्टी, द्वारा सोमवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत कस्बे में तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा का शुभारम्भ पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने किया। जिसका समापन जलालाबाद नगर पंचायत परिसर मे हुआ इस दौरान यात्रा नगर के मृख्य मार्गो पर भारत माता के जयकारो के साथ देश के वीर शहीदो को याद करते हुए उनके जयघोष से राष्ट्र के प्रति उनके बलिदानो को याद किया गया। जिससे पूरा वातावरण देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत नजर आया। भाजपा नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा की अगुवाई मे भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्र प्रेम की भावना जाग्रत करने व देश के वीर शहीदो के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य मे हर घर तिरंगा अभियान के अर्न्तगत तिरंगायात्रा निकाली । यात्रा का शुभारम्भ दुर्गा देवी मन्दिर से करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने देश के सभी गांव कस्बो व शहरो मे स्वतंत्रता दिवस पर घरों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाने की अपील की। जिससे उनके मन में देश को आजादी दिलाने वाले वीर सेनानियों के बलिदान की स्मृतियां जीवंत रहे और देशभक्ति का भाव भी हर पल बना रहे। पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने बताया कि तिरंगा देश की आनबान व शान है उन्होंने अपने संबोधन में ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया और सेना के तीनों अंगों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर मैं दुश्मन देश पाकिस्तान को धूल चटाने की भूरी भूरी प्रशंसा की गई। यात्रा मे सबसे आगे हाथो मे तिरंगा लिए थे उनके पीछे भाजपा नेता व कार्यकर्ता हाथ में तिरंगा लिए नगर के मुख्य मार्गौ मोती बाजार से होते हुए आर्यनगर, प्रताप नगर, कटैहडा बाजार द्वारा यात्रा का भारत माता की जय के जयकारो के साथ फूलो की वर्षा के साथ स्वागत किया गया जिसके बाद पैदल यात्रा नगर पंचायत परिसर पर पहुची जहां पर तिरंगा यात्रा को विराम देकर सम्पन्न किया गया । जहां पर सभी का धन्यवाद दिया गया। इस दौरान भारत माता की जयकारे, लगाते हुए चल रहे थे। पूरा वातावरण राष्ट्र प्रेम की भावना से ओतप्रोत हो रहा था, कार्यक्रम का संचालन समाज सेवी दीपक सैनी द्वारा किया गया। इस दौरान,, पप्पू प्रधान, बोबी शर्मा, ओम प्रधान उमरपुर, हरिओम उपाध्याय,चक्रेश राणा, संजीव राणा, विशाल सैनी, दीपक सैनी, सुनहरा कोरी, अशोक कोरी, शामिल रहे।




## एक नजर

### शामली तेरी आवाज ऑडिशन में गूंजे सुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नारायण कुटुंब ट्रस्ट, शामली एवं नारायणी सेना, शामली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शामली तेरी आवाज कार्यक्रम का ऑडिशन आर्य समाज मंदिर में आज उत्साह एवं उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। ऑडिशन में जिले भर से प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी गायन प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मान डॉ। राजेंद्र गोयल जी ने दीप प्रज्वलन कर किया। अध्यक्षता मती शशि शर्मा ने की। कार्यक्रम में वैभव, सूर्य देव, कृष, वरुण, आकाश, अखिल, सुधीर मुंडेपी, अनिल कश्यप, संजय धीमान, हिमांशु, प्रवक्ता छवि शर्मा, आर्य समाज के आचार्य आदित्य, पंडित चंदन सहित अनेक गणमान्य लोग अपनी गरिमामई उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे थे। निर्णायक मण्डल में डॉ. अशोक, हरीश नामदेव, लाल सिंह लचक एवं अन्य जजों ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। नारायण कुटुंब ट्रस्ट एवं नारायणी सेना के मार्गदर्शक आचार्य चंचल शर्मा ने सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम जनपद की सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाते हैं और युवा पीढ़ी को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं।



### 13 अगस्त ट्रैक्टर मार्च-तिरंगा यात्रा को सफल बनाने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** सोमवार को गांव क्षेत्र के केलशिकारपुर में चौधरी राजेंद्र के आवास पर भारतीय किसान यूनियन की एक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत की अध्यक्षता चौधरी कृष्ण प्रधान ने की, जबकि संचालन मंडल प्रवक्ता देवराज पहलवान भैंसवाल ने किया।पंचायत में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए प्रदेश संगठन मंत्री मास्टर जाहिद ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के आ]वान पर 13 अगस्त को होने वाली ट्रैक्टर मार्च-तिरंगा यात्रा को सफल बनाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार गन्ना किसानों के साथ छल कर रही है, जिसका उदाहरण समय पर भुगतान न होना और लागत के अनुसार गन्ने का मूल्य न मिलना है। इस कारण किसान लगातार संकट में है। साथ ही समय पर खाद की उपलब्धता न होना और गांवों में बिजली विभाग द्वारा किसानों व मजदूरों के उत्पीड़न के मामलों पर भी चिंता जताई। उन्होंने गांवों में स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध की घोषणा की। जिला अध्यक्ष शांता प्रधान ने संगठन को और मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया। इसी क्रम में चौधरी रविंद्र को जिला सचिव नियुक्त कर संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई और किसान-मजदूरों की आवाज को बुलंद करने का संकल्प दिलाया गया।पंचायत में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष शांता प्रधान, प्रदेश संगठन मंत्री मास्टर जाहिद, प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल खाटियान, युवा जिला अध्यक्ष मोहित शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप पंवार, मंडल प्रवक्ता देवराज पहलवान, टीपू चौधरी, राजीव कुमार, रविंद्र चौधरी, पवन चौधरी, नरेश कुमार, नरेंद्र प्रधान, दबिन, विश्वप्रताप सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### बकरी चोरी में रंगेहाथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** रविवार शाम नगर में हुई बकरी चोरी की वारदात को लोगों की सतर्कता से विफल कर दिया गया।मोहल्ला हफिजदोस्त निवासी सुंद. रपाल पुत्र मानचंद अपनी बकरियों को बेलना वाले बाग के पास खाली पड़े प्लॉट में चरा रहे थे। लगभग शाम 4 बजे दो युवक मोटरसाइकिल से जलालाबाद की तरफ से आए और बकरियों के झुंड में से एक बकरी पकड़कर मोटरसाइकिल के बीच में रखकर भागने लगे।सुंदरपाल ने शोर मचाया तो पास में मौजूद जयकुमार पुत्र कालेराम व अमित पुत्र फूल सिंह, निवासी थानाभवन, ने चोरों का पीछा किया। घिरता देख एक आरोपी मौके से फरार हो गया, जबकि दूसरा आरोपी बकरी और मोटरसाइकिल सहित रंगे हाथ पकड़ लिया गया।पकड़े गए युवक ने अपना नाम अशरफ पुत्र इशाक निवासी ग्राम हसनपुर लुहारी बताया, जबकि फरार साथी का नाम शहनवाजी पुत्र नामालूम निवासी तितरो, जिला सहारनपुर बताया।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी अशरफ को जेल भेज दिया है और फरार चोर की तलाश शुरू कर दी है।

### बच्चों को शोर मचाने से रोका, पड़ोसियों ने युवक के सिर पर मारी ईंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** गांव में खेल रहे बच्चों को शोर मचाने से मना करना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि बात बढ़ने पर पड़ोसियों ने युवक के साथ मारपीट कर उसके सिर पर ईंट मार दी, जिससे वह घायल हो गया।थानाभवन क्षेत्र के गांव हरड फतेहपुर निवासी संतलाल पुत्र सोमपाल ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके घर के बाहर कुछ बच्चे खेलते समय जोर-जोर से हुड़दंग मचा रहे थे। इस पर उनके पुत्र अंकित ने बच्चों को शोर न करने की हिदायत दी। आरोप है कि इसी बात को लेकर पड़ोस के लोग नाराज हो गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने अंकित के साथ मारपीट की और उसके सिर पर ईंट मार दी, जिससे वह लहूलुहान हो गया।परिजनों ने घायल अंकित को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। उपचार के बाद पीड़ित पक्ष थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बढ़ते जा रहे हैं अवैध कब्जों के मामले, डीएम तक पहुंच रही हैं शिकायतें



डीएम कार्यालय पर पहुंचे भीम आर्मी पदाधिकारी व अन्य।



बरलाजट निवासी लोग अवैध कब्जे की शिकायत करते हुए।

**शाह टाइम्स टीम**

**शामली।** भीम आर्मी के पदा. धिकारियों ने डीएम कार्यालय में शिकायती पत्र देकर भूमाफियाओं के कब्जे से कृषि भूमि को मुक्त कराने की मांग की है। सोमवार को दिए शिकायती पत्र में कहा कि गांव चौसाना के विजय सिंह पुत्र मांगा की कृषि भूमि है। उक्त भूमि पर किसान ने पीएनबी बैंक शाखा चौसाना से 8 लाख रूपये का ऋण ले रखा है।

आरोप है कि खेत के पडौसियों द्वारा परेशान किया जा रहा है। बोई हुई जमीन से गेंहू की फसल रात्रि में मशीन लगाकर चोरी कर ली गई। यही नही 20 बीघा उदड की फसल भी रात में चोरी हो गई। जिसकी कई बार शिकायत की गई। जिसकी कोई सुनवाई नही हुई। उन्होने मामले में जांच कराकर उक्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। जिलाधिकारी ने एसडीएम को मामले की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

### जोगियान समाज की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

**शामली।** क्षेत्र के गांव बरलाजट निवासी ग्रामीणों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर कुछ लोगों पर जोगियान समाज की भूमि पर उपले डालकर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। सोमवार को दिए शिकायती पत्र में उन्होने कहा कि ग्राम बरलाजट में जोगियान समाधि के नाम से राजस्व अभिलेखों में दर्ज भूमि है।

जोगियान समाज के संत महात्माओं ने उक्त भूमि में अपने साधू-संतों सहित समाधि लेते आ रहे है। परन्तु गांव के कुछ असामा. जिक तत्वों ने उक्त भूमि पर अपने पशुओं का गोबर डालकर उपले आदि बनाकर अवैध कब्जा कर रखा है। विपक्षीगण प्रदीप, रवि, पालू, बलबीर, सुरेश, सुभाष आदि गांव के लोगों ने जबरदस्ती उक्त जोगियान समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। समाज की जगह पर जाकर साफ-सफाई का कार्य करते है तो वहां पर उपस्थित विपक्षीगण गाली-गलौच करते है। जोगियान समाज के लोगों ने मामले में जांच कराकर भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग की है। इस अवसर पर वासु, सुभाष आदि मौजूद रहे।

## खेत में मलबा गिराकर लाठी-डंडों से मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के कस्बा बनत निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर पडौसी पर खेत में मलबा गिराकर लाठी डंडों से मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरो. पियों की तलाश शुरू कर दी है।

थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के कस्बा बनत के मौहल्ला प्रेमनगर निवासी उमरजान पुत्र जफरूददीन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गमत 10 जून को वह अपने खेतों पर पुत्र आस मौहम्मद के साथ पानी चलाने के लिए गया था। आरोप है कि तभी वहां पहले से मौजूद दाऊद, जाबिर निवासी प्रेमनगर, नवेद उर्फ भूरा निवासी रैदासपुरी ने खेत में मलबा डालकर हटाने से इंकार कर दिया। आरोप है कि सभी ने एक राय होकर मारपीट की। जिसमें पुत्र आसमौहम्मद को गंभीर चोटे आई थी। यही नही पुलिस को शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी भी दी गई। पीडित ने बताया कि दीवार गिरने से खेत में खडी फसल को भी नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

# कबाड़ी की दुकान पर चोरी के वाहन काटने का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी एक युवक ने पड़ोस के एक व्यक्ति पर कबाड्डी की दुकान कर उस पर चोरी के वाहन काटने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक शामली को शिकायती पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की है।

सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी आसीफ पुत्र इरफान ने पुलिस अधीक्षक शामली को शिकाया दी पत्र देकर बताया कि उसके पड़ोस के एक व्यक्ति ने उनके मोहल्ले में कबाड्डी की दुकान कर रखी है। आरोप है कि उक्त दुकानदार जनपद सहित क्षेत्र से हो रहे चोरी के वाहनों को काटते हैं और मोहल्ले में शोर शराबा रखते हैं जिस कारण उनके बच्चों को स्कूल का होमवर्क करने में परेशानी होती है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि जब पीड़ित सहित कोई भी मोहल्ले का व्यक्ति उक्त लोगों के द्वारा किए गए शोर शराबे का विरोध करते हैं तो आरोपी धमकी देते हैं कि उन्हें उच्च अधिकारियों से सांठगांठ कर रखी है उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। और उल्टा मोहल्ले के लोगों को झूठे मुकदमे में फंसने की धमकी देता है। पीड़ित ने आरोपी दुकानदार व उसके साथियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।



शामली। कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने वाले बच्चे।

# कराटे चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दिल्ली के तालकटोरा इनडोर स्टेडियम में आयोजित ओल इंडिया इंडिपेंडेंस कप कराटे चैंपियनशिप का आयोजन गत 7-10 अगस्त को किया गया था, जिसमें अवेंजर्स फाइट क्लब शामली के आठ खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। टीम मैनेजर ऋषभ कांत शर्मा ने बताया कि खिलाडी युवराज शर्मा, आरव चौधरी, युवान भारद्वाज, वीर वर्मा, रियांश गर्ग, विश्वजीत भारद्वाज, शौर्य वर्मा, अदविक सिंह ने अलग-अलग भाग वर्ग में प्रतिभाग किया था। अवेंजर्स फाइट क्लब के कोच शिवांश भार्गव से बात हुई तो उन्हें बताया की आयोजित प्रतियोगिता में युवराज शर्मा स्वर्ण, आरव चौधरी स्वर्ण, वीर वर्मा स्वर्ण, युवान भारद्वाज कांस्य, पदक जीते। प्रतियोगिता जिसमें भारत के अलग-अलग राज्यों के लगभाग 5000 खिलाड़ियों के अलावा, भारतीय सेना ,असम राइफल आईटीबीपी, सीआरपीएफ, आयकर विभाग की कराटे टीम ने भी प्रतिभाग किया था। इसी के बाद टीम मैनेजर ऋषभ कांत शर्मा ने शामली पहुंचे टीम का भव्य स्वागत किया।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भंवर सिंह पुत्र झण्डू निवासी ग्राम करौदा हाथी जिला शामली ने मरने से पूर्व अपनी भूमि खसरा नम्बरान 705, 221, 219 कुल रकबा 1.9280 हे0 स्थित क्रमशः ग्राम करौदा हाथी, खानपुर तलवा माजरा, जिला शामली की बाबत वसीयतनामा दिनांक 27. 07.2024 को विशाल मलिक पुत्र हरेन्द्र मलिक, नरेश मलिक पुत्र भंवर सिंह, के हक में निष्पादित की है। जिसको नरेश मलिक पुत्र भंवर सिंह रजिस्ट्री कराना चाहता है। यदि किसी को वसीयतनामा उक्त की बाबत आपत्ति है तो विज्ञप्ति प्रकाशन होने के 30 दिन के अन्दर उप निबन्धक कार्यालय शामली में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

उप निबन्धक
शामली


# अखिल भारतीय विश्वकर्मा पांचाल महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप विश्वकर्मा का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा पांचाल महासभा में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में मनोनीत होने के अवसर पर विश्वकर्मा समाज शामली द्वारा प्रदीप विश्वकर्मा के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

सोमवार को शहर के धीमानपुरा स्थित विश्वकर्मा मंदिर में समाज के वरिष्ठजनों और गणमान्य सदस्यों द्वारा अखिल भारतीय विश्वकर्मा पांचाल महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप विश्वकर्मा का माल्यार्पण कर स्वागत किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में समाज की एकता, अखंडता और संगठन की मजबूती पर विशेष बल दिया। प्रदीप विश्वकर्मा ने महासभा द्वारा प्रदत्त जिम्मेदारी के लिए आभार व्यक्त करते हुए समाज के सर्वांगीण विकास, युवा पीढ़ी के मार्गदर्शन, तथा पारंपरिक गौरव के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर राजेंद्र स्वामी, सुभाष धीमान, संजय धीमान, विकास धीमान, रविंद्र आर्य, प्रवीण पांचाल, सतीश पांचाल, राजकुमार पांचाल, अजय विश्वकर्मा, प्रवीण विश्वकर्मा, सोनू पांचाल, अशोक धीमान, कमल. कांत धीमान आदि मौजूद रहे।



## पड़ोसियों पर घर में घुसकर मारपीट का आरोप

**शामली।** क्षेत्र के गांव बधेव निवासी एक महिला ने थाना आदर्शमंडी पुलिस को तहरीर देकर पडौसियों पर घर में घुसकर मारपीटर करने और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाया है।

गांव बधेव निवासी रेखा पत्नी सतपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गत 10 अगस्त को रात्रि करीब साढे 8 बजे पुत्रवधु जूली अपने दो माह के बच्चे के साथ घर पर कार्य कर रही थी। तभी गांव का ही मेंहदी हसन आया और हाथापाई शुरू कर दी। देवर कमल आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि उक्त व्यक्ति द्वारा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया है। पीडिता ने मामले में जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

# शाहनवाज हत्याकांड का पांचवा आरोपी दबोचा



**कैराना।** पांच दिन पूर्व कस्बे के खुरगान मार्ग पर हुई हरियाणा के युवक शाहनवाज की हत्या के प्रकरण में पुलिस ने एक और हत्यारोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त डंडा बरामद हुआ है। पुलिस इससे पूर्व हत्या में शामिल मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी समेत चार लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है।

विगत गुरुवार को हरियाणा राज्य के जनपद सोनीपत के थाना गन्नौर के गांव झारागढ़ी निवासी शाहनवाज की कस्बे के इस्सापुर खुरगान मार्ग पर चाकुओं से गोदकर व गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने घटना वाले दिन ही मामले का राजफाश करते हुए मृतक की पत्नी मैफरीन के अलावा उसके प्रेमी तसव्वर तथा सुहैब निवासीगण ग्राम भूरा को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था,।

जबकि विगत रविवार को चौथे हत्यारोपी आस मोहम्मद उर्फ आशु निवासी ग्राम भूरा को गिरफ्तार किया था। वहीं, पुलिस ने सोमवार को पुलिस ने हत्याकांड में शामिल एक और आरोपी आसिफ निवासी ग्राम भूरा को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद हुआ है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया है।

# मुनिराज ने जीवों की दो श्रेणियों पर डाला प्रकाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को शहर के जैन धर्मशाला में 108 विव्रत सागर मुनिराज ने प्रवचन करते हुए संसार के अनादि स्वभाव और उसमें पाए जाने वाले जीवों को दो मुख्य श्रेणियों पर प्रकाश डाला। जिसमें संसारी और मुक्त। वे यह भी बताते हैं कि संसार में ऐसे जीव होते हैं जो कर्म बांधने के लिए कार्य करते हैं और दूसरे वे जो कर्मों का नाश करने के लिए कार्य करते हैं।





श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि सभी क्रियाएं कर्म हैं। चाहे वह लेटना हो, बैठना हो या चलना। महत्वपूर्ण यह है कि व्यक्ति अपने कर्मों की प्रकृति पर विचार करे। क्या वे कर्मों को बढ़ाते हैं या नष्ट करते हैं। आत्म-निरीक्षण और अपने भावों पर निरंतर .ष्टि रखने की आवश्यकता पर बल दिया गया है ताकि वे दूषित न हों। भावों की शुद्धि के महत्व को समझाने के लिए एक .ष्टांत दिया गया है। जैसे एक बच्चा छत पर घूम रहा हो और उसकी सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल आवश्यक है, उसी प्रकार विशुद्धि हमारे भावों की सुरक्षा के लिए एक मजबूत दीवार का काम करती है। मंदिर में पूजा से प्राप्त विशुद्धि घर के नकारात्मक प्रभावों से बचाती है। पुरुरवा भील, जो जाति से शिकारी था, मुनिराज के अहिंसा के उपदेश को सुनता है। अपनी आजी.विका के कारण वह पूर्ण अहिंसा अपनाने में असमर्थता महसूस करता है। मुनिराज उसकी परिस्थिति के अनुसार उसे कौवे के मांस का त्याग करने का उपदेश देते हैं, जिसे वह स्वीकार कर लेता है। यह उसका पहला महत्वपूर्ण नियम होता है। नियम की परीक्षा तब होती है जब वह गंभीर रूप से बीमार पड़ जाता है और उसे ठीक होने के लिए कौवे का मांस खाने को कहा जाता है, जिसे वह .ढ़ता से मना कर देता है। उसके साले और एक व्यंतर देवी के माध्यम से उसके नियम की महानता प्रकट होती है। अंततः, वह संपूर्ण मांस का त्याग कर देता है और मरण को प्राप्त होकर वैमानिक देव बनता है। भविष्य में वही जीव राजा श्रेणिक और प्रथम तीर्थंकर बनेगा, जो उसके भावों के अंतर का परिणाम था। आचार्य कहते हैं कि जो अ.श्य है, वही सबसे शक्तिशाली है। जैसे हमारे भाव और पुण्य-पाप। पुण्य-पाप स्वयं दिखाई नहीं देते, लेकिन उनका फल तीनों लोकों में स्पष्ट दिखाई देता है। चित्र अनावरण अनिल जैन, ममता जैन, दीप प्रज्वलन अखिलेश जैन, पाद प्रक्षालन रमेश चंद जैन, राहुल जैन, आरव जैन परिवार ने किया।

# अखिलेश यादव को हिरासत में लेना भाजपा की तानाशाही: सुधीर पंवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं अन्य लोकसभा सदस्यों की गिरफ्तारी के विरोध में सपा के पदाधिकारियों की आपात बैठक भैंसवाल स्थित कैंप कार्यालय मे आयोजित की गई। जिसमें पार्टी संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लिया।



प्रोफेसर सुधीर पंवार ने सरकार द्वारा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं अन्य विपक्षी सांसदों को चुनाव आयोग जाने से रोकने तथा उन्हें हिरासत में लेने की निंदा की गई। उन्होंने पदा.धिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि अखिलेश यादव ने लोकतंत्र बचाने के लिए पुलिस बैरिकेड पार करके वोटों की चोरी के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि संवैधानिक संस्था होते हुए भी चुनाव आयोग भाजपा पार्टी के दफ्तर की तरह काम कर रहा है। उसकी चोरी अब पकड़ी गई है। चुनाव आयोग यदि निष्पक्षता से काम नहीं करेगा तो जनता इसे सहन नहीं करेगी। लोग सड़कों पर उतरेंगे। जिला उपाध्यक्ष जावेद जंग ने कहा कि बिहार में वोटर लिस्ट के विशेष पुनरीक्षण के नाम पर आयोग ने 65 लाख वोटरों को विधानसभा चुनाव से बाहर कर दिया है। राहुल गांधी ने सबूतों के साथ चुनाव आयोग को गड़बड़ियों से अवगत कराया लेकिन चुनाव आयोग गलतियां सुधारने की जगह शपथ पत्र मांग रहा है। इस अवसर पर बिट्टू प्रधान, अध्यक्ष भूपेन्द्र सैनी, सलेक प्रधान, किरणपाल कश्यप, यूसुफ, खुशनूद आदि मौजूद रहे।

## मां शाकुंभरी देवी गऊ ग्रास समिति ने गो माता को हरा चारा खिलाया

**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुंभरी देवी गऊ ग्रास समिति द्वारा नई मंडी स्थित गौशाला में 6 कुंतल हरे चारे से गौ माता की सेवा की गई। संस्था के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार बंसल ने बताया कि संस्था माह में एक बार गौ माता को हरा घास खिलाकर गौ माता की सेवा करती है शास्त्रों में गौ माता की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है गौ माता की सेवा से सभी प्रकार के दुख दर्द दूर होते हैं तथा सभी ग्रह शांत रहते हैं



गौ माता की सेवा करने से पुण्य प्राप्त होता है तथा मन को असीम शांति भी प्राप्त होती है सभी को बढ़-चढ़कर गौ माता की सेवा करनी चाहिए। इस मौके पर विजय गुप्ता डॉ उमेश कुमार वीरेन्द्र बालियान शिवकुमार चौधरी अनिल रेनू आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सड़क पर बैठे गोवंश से रात के अंधेरे में टकराई कार

**थानाभवन।** नगर के दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर नोजल क्रॉसिंग के पास रविवार की रात्रि को बेसहारा गोवंश से टकराने से एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कार को क्षति पहुंची, लेकिन चालक और सवार सुरक्षित रहे। जानकारी के अनुसार, धर्मपाल पुत्र हरपाल निवासी सोजनी उमरपुर ने बताया कि वह अपने बीमार रिश्तेदार से मिलकर सहारनपुर की ओर से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान अचानक सड़क किनारे बैठा बेसहारा गोवंश न दिखाई देने से अचानक कार के सामने आ जाने से उनकी कार टकरा गई। जिससे कार शतीग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कर में सवार चालक व सवारी को हल्की चोटे आई। स्थानीय लोगों ने बताया कि हाईवे और नगर की गलियों में बेसहारा गोवंश के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं, लेकिन प्रशासन इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा। सोमपाल ने प्रशासन से लावारिस गोवंश को सड़कों पर छोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की, ताकि भविष्य में किसी के साथ अनहोनी न हो।

### मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पूर्व छात्र परिषद मेरठ प्रांत के जिला संयोजक व कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा मेधावी छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला संयोजक मानव गुप्ता सहसंयोजक देवाशीष वर्मा, इकाई संयोजक रुचि अग्रवाल, आकाश गुप्ता, रूपेश कुमार, कुलदीप कुमार, प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि सीए आकाश गुप्ता ने बालिकाओं को पूर्व छात्र परिषद के विषय में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यह परिषद छात्रों को एक श्रृंखला में जोड़कर उनके भविष्य निर्माण करने में सहयोग करता है। जिला सह संयोजक देवाशीष वर्मा ने बालिकाओं को रक्त प्रवाह नाम की एक मोबाइल ऐप से परिचित कराते हुए कहा कि सभी बालिकाएं अपने आसपास के लोगों को भी इस रक्त प्रवाह ऐप से जुड़ने के लिए प्रेरित करें। ताकि समय पर अधिक से अधिक लोगों का सहयोग हो सके। उन्होंने कक्षा 10 व 12 की जनपद में स्थान प्राप्त करने वाली मेधावी बालिकाओ रिया, खुशी मलिक, खुशी शर्मा, अर्पण, बुशरा सैफी, एकता जांगिड़, कनिका, नंदिनी, तूलिका मित्तल को प्रशस्ति पत्र व स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया। मौके पर गीता रानी, सुरभि रानी, आंचल, आकांक्षा, अंशिका तायल, गार्गी गौतम, वंशिका, खुशी, कपिल कुमार, विकास कुमार, मोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

### प्रगति पब्लिक स्कूल के छात्रों का हुआ प्रदेश लेवल पर चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के प्रगति सेकेंडरी सीनियर पब्लिक स्कूल के दर्जनों छात्रों का बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्रदेश लेवल पर चयन हुआ इस दौरान विद्यालय स्टाफ ने रवाना होने से पूर्व विद्यालय प्रांगण में छात्रों का स्वागत समारोह का आयोजन किया इस दौरान विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। सोमवार को नगर के कैराना मार्ग स्थित प्रगति सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बास्केटबॉल में प्रदेश लेवल पर छात्रों का चयन होने पर स्वागत समारोह हुआ। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक जावेद जंग ने कहा कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है हम सबको मिलकर कस्बे और ग्रामीण क्षेत्र में छुपी प्रतिभाओं को निखारने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक विकास के साथ ही मानसिक विकास भी होता है। सभी को अपने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों के प्रति भी जागरूक करना चाहिए।इस दौरान छात्रों का हेड कोच लोकेंद्र सिंह, सनाव्वर जंग, खालिद जंग सहित आदि स्टाफ मौजूद रहा।

### स्वच्छ भारत मिशन को लगा पलीता, मंडी में लगे गंदगी का ढेर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर की नवीन सब्जी मंडी में सफाई व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है सफाई व्यवस्था नहीं होने से गंदगी के अंबार लगे हुए हैं। गंदगी कैमरा लगने से स्वच्छ भारत मिशन अभियान को भी पलीता लग रहा है।



कस्बे की नवीन सब्जी मंडी से रोजाना लाखों का कारोबार होता है इसके बावजूद भी सफाई व्यवस्था बुरी तरह से ध्वस्त है। कस्बे की नवीन सब्जी मंडी में रोजाना लाखों का कारोबार होता है और नवीन सब्जी मंडी में व्यापारी अपना रोजगार कर रहे हैं। नवीन सब्जी मंडी से रोजाना कई तरह की सब्जी एवं फलों का कारोबार होता है। नवीन सब्जी मंडी में साफ-सफाई होनी चाहिए मगर नवीन सब्जी मंडी में गंदगी के अंबार लगे हुए हैं। व्यापारी गंदगी के ढेर के बीच फलों एवं सब्जी का वितरण कर रहे हैं। रोजाना लाखों का कारोबार होने पर राजस्व विभाग को भी रोजाना हजारों रूपए का टैक्स पहुंचता है। व्यापारियों की लापरवाही एवं मंडी अधिकारियों की उदासीनता के चलते चारों ओर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। मंडी में व्यापार करने वाले किसान एवं खरीददारी करने वाले ग्राहकों को भी गंदगी के बीच अपना व्यापार करना पड़ रहा है। सब्जी मंडी में लगे गंदगी के अंबर की वीडियो वह फोटो किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल किए हैं। नवीन सब्जी मंडी में गंदगी का उदाहरण स्वच्छ भारत मिशन अभियान को पलीता लगा रहा है।

# पीएफ धोखाधड़ी के आरोपी लिपिक को नोटिस

**कैराना।** नगरपालिका में तैनात अधिष्ठान लिपिक विपुल पंवार पर कर्मचारियों की भविष्य निधि की राशि धोखाधड़ी करके अपनी पत्नी व अन्य के खातों में जमा करने के आरोप में स्पष्टीकरण मांगा गया है। नगरपालिका के अधिशासी अधिक.ारी ने आरोपी लिपिक को तीन दिन के भीतर अपना जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए है। साथ ही, आरोपी लिपिक को अधिष्ठान कार्य से हटाकर ग्रहकर लिपिक के साथ में सम्बद्ध किया गया है।

सोमवार को नगरपालिका परिषद कैराना के अधिशासी अधिक.ारी समीर कश्यप ने पालिका में तैनात अधिष्ठान लिपिक/वेतन, पेंशन व पीएफऋ विपुल पंवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

नोटिस में कहा गया है कि भारतीय स्टेट बैंक की स्थानीय शाखा में जमा की जाने वाली नगरपालिका के नियमित कर्मचारियों की भविष्य निधिद्धपीएफऋ की धनराशि को आपने धोखाधड़ी करके अपनी पत्नी व अन्य के खातों में जमा कराया है, जिसकी पुष्टि शाखा प्रबंधक द्वारा भी की गई है।

उक्त कृत्य वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-2 भाग-4 के प्रावधानों के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है। नोटिस में पालिकाध्यक्ष के निर्देशों का हवाला देते हुए भविष्य निधि घोटाले की जांच कार्यवाही पूर्ण होने तक आरोपी लिपिक को अपने पटल का कार्यभार जलकल लिपिक तासीम अली के सुपुर्द करने को कहा गया है।

साथ ही, आरोपी लिपिक को ग्रहकर लिपिक के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है। नोटिस में इस तरह का कृत्य किए जाने का कारण भी पूछा गया है। तीन दिन के भीतर अपने पटल का कार्यभार छोड़कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा गया है।

# कश्यप समाज के मेधावी सम्मानित

**कैराना।** भारतीय कश्यप युवा समाज सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित प्रतिभा अलंकरण समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरुस्कार प्रदान करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज को सुशिक्षित बनाने तथा बुराइयों को दूर करने पर बल दिया गया।



विगत रविवार को नगर में स्थित प्राचीन बाबा बनखंडी महादेव मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी भारतीय कश्यप युवा समाज सेवा समिति के तत्वावधान में द्वादश प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पाल कश्यप व संचालन तेजवीर कश्यप व रेखा चौहान ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप ने कहा कि कोई भी समाज तभी विकास कर सकता है, जब समाज में फैली तमाम कुरीतियां समाप्त हो तथा समाज शिक्षित हो। इसलिए कुरीतियों को दूर करने के लिए समाज को जागरूक करने के साथ ही अपने बच्चों को शिक्षित बनाएं। भाजपा नेता व पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य रमेश गौड़ कश्यप ने कहा कि शिक्षा समाज में उजियारा फैलाती है। शिक्षा ही ऐसा धन है, जो फर्श से अर्श तक पहुंचा देती है। इसलिए शिक्षा बेहद जरूरी है। शिक्षा से ही समाज का उत्थान भी होगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने माता-पिता का नाम रोशन करने तथा राष्ट्र सेवा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को झिंझाना नगरपंचायत अध्यक्ष सुरेश कश्यप, तेजपाल सिंह कश्यप, डॉ। संजय कश्यप, डॉ। संजीव कुमार, डॉ। रमेश साहनी, डॉ। बृजपाल सिंह, डॉ। मदनपाल, संदीप कश्यप, सरिता कश्यप, अनिल कश्यप आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं तथा प्रतिष्ठित व्यावसायिक कोर्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अभ्यर्थियों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर घासीराम, कृष्णपाल सिंह, दीपक, चन्दगीराम, डॉद्द पाल, संजीव, संजय, रणवीर, गौरव, मोहनलाल, राममेहर, अरविन्द, प्रवीण, मीनू, सुनील, अमित, रवि आदि मौजूद रहे।

# कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर 01 से 19 वर्ष तक के आयु वर्ग के सभी बच्चों को कृमि संक्रमण से से बचाने के लिए राज्य स्तर पर प्राप्त दिशा-निर्देश के अनुसार कृमि मुक्ति अभियान का आयोजन का शुभारम्भ डाद्व अश्वनी शर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिक.ारी शामली द्वारा बालिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय बनत,शामली पर किया गया। कार्यकम में मुख्य अतिथि अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय द्वारा बच्चों को एल्बेन्डाजॉल की गोली खिलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई और साथ ही बच्चों को सॉफ-सफाई रखने, शिक्षा पर ध्यान देने और बच्चों व समस्त उपस्थित अधिकारी अध्यापको से एनडीडी कार्यक्रम की जागरूकता लाने पर बल दिया जिससे कि अधिक से अधिक बच्चें एल्बेन्डाजॉल की गोली का सेवन कर सके। डॉ. अश्वनी शर्मा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी शामली द्वारा बच्चों को एल्बेन्डाजॉल की गोली द्वारा कन्यापूर्व माध्यमिक विद्यालय बनत के छात्राओं को बच्चों में कृमि फैलने के कारण, उसके लक्षण, उसके दुष्प्रभाव एवं उपचार के बारे में जागरूक किया गया। फईम अहमद, डी.सी.पी. एम. द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पूरे जनपद शामली में एक साथ 11.8.2025 को समस्त स्कूलों एवं आंगनवाडी केन्द्रों में मनाया जा रहा है जिसमें 1 से 19 वर्ष तक के कुल लक्षित 758300 बच्चों को एल्बेन्डाजॉल की गोली खिलाकर कृमि मुक्त किया जा रहा है। जो बच्चे 11 अगस्त 2025 को किसी कारणवश गोली खिलाने से वंचित रह जाते है उन्हें 14 अगस्त 2025 को मॉप-अप चरण आयोजित कर गोलियां खिलाई जाएगी। एल्बेन्डाजॉल पूर्णतया सुरक्षित है। इसका कोई भी साइड इफेक्ट नहीं है। सभी बच्चों को एल्बेन्डाजॉल की गोली खिलाई जानी चाहिए जिससे पेट में मोजूद कीडे नष्ट हो जाते हैं व व्यक्ति स्वस्थ महसूस करता है।



कार्यक्रम के शुभारम्भ के अवसर पर डॉ. अश्वनी शर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आशुतोष वास्तव, जिला कार्यकम प्रबंधक, फईम अहमद, जिला कम्यूनिटी प्रोसेस प्रबंधक, डॉ. सलीम चिकित्सा अधीक्षक कुडाना, मुब्शशिर, खान, बीपीएम, मती उषा मलिक, ए.एन.एम. के अलावा स्कूल से योगेश राठी, प्रधानाचार्या एवं समस्त अध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।



# बैडमिंटन प्रतियोगिता में विजेताओं का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में 37वीं प्रान्तीय वॉलीवाल, शतरंज एवं बैडमिन्टन प्रतियोगिता में विजई छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

सोमवार को सभागार में विजई छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद ने की। उन्होने बताया कि 6 से 8 अगस्त को रज्जू भैया सैनिक विद्या मन्दिर खण्डवाया शिकारपुर जनपद बुलन्दशहर में 37वी प्रान्तीय बैडमिन्टन, शतरंज और वॉलीवाल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बैडमिन्टन में सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलिज, शामली के छात्र शुभ गोलियान, दुष्यन्त, अरिहन्त, उदय बागला, ओम ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्णपदक प्राप्त किया। किशोर वर्ग में भी छात्र वंश तरार, आरव तरार, निशान्त ने अपना अच्छा प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। विद्यालय पहुंचने पर सामुहिक रूप से छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद ने विजई छात्राओं को शुभकामना देते हुए खिलाडियों को क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं में अपना प्रदर्शन दोहराने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर नितिन कुमार, धीरज कुमार, मधुबन, भुरू कुमार, योगेन्द्र कुमार, नीटू कुमार, प्रमोद कुमार मौजूद रहे।

# व्यक्ति की मौत के मामले में अभियोग की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर डेढ़ महा पूर्व सड़क हादसे के दौरान हुए एक व्यक्ति की मौत के मामले में परिजनों ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर अभियोग दर्ज कराने की मांग की है पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। शामली की सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव लिलोन निवासी बिजेंद्र पुत्र पालेराम ने बताया कि विगत 28 जून को पीड़ित का 35 वर्षीय भाई प्रवीन गांव के ही अपने साथी रवि पुत्र धर्मपाल के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर हरियाणा के सिंधु बॉर्डर से अपने गांव में आ रहे थे। जैसे ही बाइक सवार थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे एलम बाईपास मार्ग पर पहुंचे तो मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी। पुलिस के द्वारा दोनों घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया था। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसके भाई प्रवीन की मौत हो गई थी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की थी। पीड़ित ने लगभग डेढ़ महा पूर्व थाने पहुंचकर तहरीर देकर अभियोग दर्ज करने की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।



## सोते समय महिला के हाथ में सांप ने काटा, भर्ती

**कैराना।** मोहल्ला रेतेवाला में चारपाई पर सो रही महिला के हाथ में सांप ने काट लिया। परिजनों ने महिला को उपचार के लिए कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया है।

कस्बे के मोहल्ला रेतेवाला निवासी सलमा रविवार रात अपने घर के अंदर चारपाई पर सोई थी। इसी दौरान रात्रि करीब एक बजे उसके हाथ पर सांप ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने महिला को कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों द्वारा महिला का उपचार किया गया। महिला की हालत में सुधार बताया गया है।

# अधिकारियों ने दारूल उलूम के मोहतमिम से की मुलाकात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** हर घर तिरंगा अभियान की सफलता को लेकर अधिकारी धर्मगुरुओं व बुद्धिजीवियों से संपर्क कर रहे है। उपजिलाधिकारी एवं नगरपालिका अधिशासी अधिकारी ने दारुल उलूम के मोहतमिम समेत जिम्मेदारों से मुलाकात कर अभियान की सफलता के लिए सहयोग मांगा।

उपजिलाधिकारी युवराज सिंह और नगरपालिका अधिशासी अधिकारी राजपति बैस ने दारुल उलूम पहुंच कर मोहतमिम मुफ्ती अबुल कासिम नौमानी और नायब मो. हतमिम मौलाना अब्दुल खालिक मद्रासी से मुलाकात की। अधिकारियों ने हर घर तिरंगा अभियान के बारे में संस्था के जिम्मेदारों को जानकारी दी। बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव के तहत पिछले वर्ष की भांति इस बार भी हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। दो



अगस्त से 15 अगस्त तक तीन चरणों में चल रहे इस अभियान में घरों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों और सरकारी संस्थानों पर तिरंगा फहाराने के साथ ही रैलियों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और तिरंगे के साथ व्यक्तिगत व भावनात्मक संबंध बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। जनसहभागिता के लिए प्रमुख लोगों, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों और धर्मगुरुओं से सहयोग मांगा जा रहा है। मोहतमिम अबुल कासिम नौमानी ने अधिकारियों को जंगे आजादी में दारुल उलूम द्वारा दिए गए योगदान के बारे में बताते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया गया।

## हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने को लेकर की चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम पर चर्चा की गई। साथ ही इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लेते हुए 12 अगस्त को भव्य तिरंगा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया।



भाजपा कार्यकर्ताओं की स्थानीय कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता ने कहा कि 12 अगस्त को सुभाष चौक से मित्तरसेन चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में एक ऐसा वातावरण बनाया है कि प्रत्येक देशवासी स्मृतियों को ताजा करते हुए अपने देश के प्रति समर्पित भाव से हर पल को उत्सव के रूप में मना रहे हैं। गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात आज भारत विश्व में एक मजबूत आर्थिक शक्ति बनकर अग्रिम पायदान पर खड़ा है। देश प्रदेश ही नहीं बल्कि देवबंद विधानसभा क्षेत्र में भी भाजपा सरकार में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य हुए है। राज. ेश अनेजा और पवन धीमान ने अधिक से अधिक संख्या में रैली में पहुंचने का आह्वान कार्यकर्ताओं से किया। इस दौरान काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे

# विद्यार्थियों को दिलाई विभिन्न पदों की जिम्मेदारी के निर्वाहन की शपथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** दून वैली पब्लिक स्कूल में कक्षा नौ से 12 तक के छात्रों को विभिन्न पदों की जिम्मेदारी देते हुए कर्तव्य निर्वाहन की शपथ दिलाई।

दून वैली पब्लिक स्कूल प्रागण में वंदन मित्तल को हेड ब्वाय, मुस्कान त्यागी को हेड गर्ल, अक्षित शर्मा व सिया को स्कूल कैप्टन, ओजस भटेजा व रिद्धिमा को वाइस-कैप्टन, अमन पुंडीर व अनुष्का शर्मा को स्पोर्ट्स कैप्टन, तलहा तसलीम व कींति पुंडीर को डिसिप्लिन कैप्टन और अनंत गोयल व नंदा रजी को कल्चरल कैप्टन चुना गया। इनके अलावा इग्निस हाउस से शिवांश त्यागी, एक्वा हाउस से समीर, एरिज हाउस से विदुषी पंवार, टेरा हाउस से सौम्य शर्मा तथा दिवम् हाउस से शाकिर को कैप्टन बनाया गया। प्रधानाचार्य सीमा शर्मा ने छात्रों को विद्यालय के आदर्शों का पालन




करने, अनुशासन बनाए रखने और अपने पद की जिम्मेदारी को अच्छी तरह निभाने की शपथ दिलाई। उन्होंने नेतृत्व, टीम भावना एवं बच्चों के विकास के लिए इसे जरूरी बताया। कहा कि जिम्मेदारी निभाने के लिए अनुशासन, समर्पण और मेहनत जरूरी है। इस दौरान अर्चना शर्मा, तनुज कपिल व हरदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं के समाधान का किया जाएगा प्रयास

**देवबन्द।** किसानो ने मिलावटी व महंगी खाद्य आदि समस्याओं को लेकर चर्चा कर उनका समाधान किये जाने के प्रयास करने का निर्णय लिया गया। गोपाली गांव में भारतीय किसान यूनियन मोर्चा की आयोजित बैठक में संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता हाजी अब्बास अली ने कहा कि किसानों को समय पर खाद नहीं मिल रहा है। बलकि मिलावटी खाद महंगे दामों पर मिलने के कारण किसानों को खेती करने में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन के संयोजक डॉ. पंजाब सिंह ने बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने के मुद्दे पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि किसानों और आम नागरिकों के घरों में जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। उनका मानना है कि इसमें जबरदस्ती नहीं होनी चाहिए। बिजली विभाग को लोगों की समस्याओं को भी सुनना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि ट्यूबवेल पर स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जाने चाहिए। संगठन के जिला अध्यक्ष अमर त्यागी ने गन्ना मूल्य से जुड़ी समस्याओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किसानों को गन्ना मूल्य को लेकर बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले साल का बकाया गन्ना भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। इस कारण किसानों को आर्थिक समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

## बी.काम. प्रथम वर्ष में सलोनी प्रथम

**बिजनौर।** एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा बी.कॉम. प्रथम वर्ष के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर डिग्री कॉलेज, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बी.कॉम. प्रथम वर्ष की छात्रा सलोनी कश्यप ने 64.30 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, मौहम्मद अमन ने 60.07 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय एवं खुशी ने 57.20 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, प्राचार्य एवं विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## महात्मा टिकैत के संगठन का विस्तार

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के संगठन विस्तार को लेकर ग्राम कल्हेड़ी में चौधरी रामपाल सिंह के प्रतिष्ठान पर एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें तहसील प्रभारी सुनील चौधरी की संस्तुति पर चौधरी अखिलेश निवासी ग्राम आलोपुर को ब्लॉक अध्यक्ष नजीबाबाद तथा शहजाद पुत्र मौहम्मद हनीफ निवासी ग्राम शाहज. हांपुर रोशन उर्फ गढ़ीकपुरा को ब्लॉक अध्यक्ष युवा मनोनीत किया गया।

सभा की अध्यक्षता चौधरी रामपाल सिंह ने की तथा संचालन जितेंद्र हुड्डा ने किया। जिला अध्यक्ष चौधरी सुखविंदर सिंह ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत एक ईमानदार और सर्व समाज का संगठन है। हमारे संगठन में लीडर पैदा किए जाते हैं, डीलर नहीं।

# पालिका प्रशासन से की सड़कों के निर्माण की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** खानकाह क्षेत्र व कासिमपुरा मार्ग की सडकें जीर्ण शीर्ण अवस्था में होने के कारण राहगिरो को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र वासियों की बार बार मांग के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। क्षेत्रवासियों ने पालिका प्रशासन से मांग की हैं कि सडकों का निर्माण कराये जाये ताकि लोगो को आने जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े।

मोहल्ला खानकाह में कासिमपुर मार्ग पर ईदगाह के निकट स्थित माविया कालोनी की मुख्य सडक के अलावा कई गलियां टूटी फूटी है। खस्ताहाल सडकों के चलते बरसात के मौसम में स्थिति बदतर बनी हुई है। हल्की वर्षा होते ही सडकें तालाब का



रूप ले लेती है। इससे कॉलोनीवासियों को बेहद दुश्वारी का सामना करना पड़ रहा है। माविया कालोनी वासियों समीर चौधरी, समीन, मोहम्मद फैजान, अदील आदि का कहना है कि टूटी फूटी सडकों के चलते बेहद परेशानी होती है। नगरपालिका को समस्या का समाधान होना चाहिए। वहीं, स्टेट हाइवे और भायला रोड बाईपास पर कहूनी मस्जिद और सराय मालियान के निकट की सडक गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। उक्त सडक पर हर समय जलभराव के साथ ही आसपास कीचड़ जमा रहती है। गड्ढों में तब्दील हो चुकी इस सडक पर हादसे होना आम बात हो गई है। क्षेत्रवासियों मदन सैनी, सलमान, नईम, प्रमोद आदि का कहना है कि लंबे समय से सडक टूटी हुई है। नगरपालिका से बार बार निर्माण की मांग की जा रही है। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने पालिका से समाधान की मांग रखी। पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग का कहना है कि नगर में जगह जगह सडकों का निर्माण कार्य जारी है। जल्द ही उक्त सडकों के निर्माण की कवायद भी शुरू की जाएगी।

# ग्रामीण ने पुलिस से जान माल की सुरक्षा की लगाई गुहार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** घर में अंजान लोगों द्वारा धमकी भरा पत्र फेंके जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मानकी निवासी अब्दुल मलिक ने बताया कि बीती 4 अगस्त की रात्री में अज्ञात लोगों द्वारा उसके घर में कॉपी के पन्ने पर लाल रोशनाई से लिखा एक पत्र फेंका गया था जिसमें तरह तरह की धमकियां लिखी हुई थी। जिससे उसका पूरा परिवार दहशत में है। इतना ही नहीं बीती रात करीब 12:30 बजे एक अंजान व्यक्ति उसके घर में ताक झांक कर रहा था। आहट होने पर जब उसने शोर मचाया तो वह भाग खड़ा हुआ। उक्त व्यक्ति को भागते हुए पड़ोसियों ने भी देखा है। ग्रामीण के मुताबिक उसके पिता इलियास के पास भी इसी तरह के धमकी भरे खत आए थे। जिसके बाद अज्ञात लोगों द्वारा दिसम्बर 1995 में उसके पिता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, लखनौता चौराहे के निकट से उनका शव बरामद हुआ था। अब करीब तीन दशक बाद उसके पास भी उसी तरह का धमकी भरा खत आने से वह दहशत में है। ग्रामीण ने पुलिस से कानूनी कार्रवाई करते हुए उसकी जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र शर्मा का कहना है कि इस संबंध में उन्हें कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## रंजिश के चलते पिता-पुत्र ने मारपीट कर किया घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** रंजिश के चलते पिता-पुत्र ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग की हैं। पुलिस ने तहरी के आधार पर हत्या के प्रयास में रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

खेड़ामुगल गांव निवासी मुनेश ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि पडोस में रहने वाले हुक्म सिंह से उसकी रंजिश चल रही है। इसी को लेकर हुक्म ने बेटे नीरज के साथ मिलकर उसके साथ गाली गलौज करनी शुरु कर दी। विरोध किया तो उन्होंने लकड़ी की थपकी से उस पर वार किया। सिर में चोट लगने से वह घायल हो गया और वह उसे मरा समझकर फरार हो गए। बाद में परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर नीरज और हुक्म को गिरफ्तार कर लिया है।

## एटीएम का सुरक्षाकर्मी लापरवाह

**नजीबाबाद।** रेलवे स्टेशन पर स्थित एसबीआई के एटीएम पर तैनात सुरक्षा कर्मी ड्यूटी के समय स्टेशन परिसर में बने शुलभ शौचालय पर अक्सर बैठे हुए दिखाई देता है। वायरल वीडियो में एसबीआई का सिक्योरिटी गार्ड शौचालय पर बैठा हुआ दिखाई दे रहा है। नजीबाबाद रेलवे स्टेशन एक बड़ा जंक्शन है। जहां से हजारों की तादाद में लोग यात्रा करते हैं और स्टेशन पर बने एटीएम का लाभ अर्जित करते हैं। साथ ही साथ स्थानीय लोग भी एटीएम का लाभ उठाते हैं, लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से तैनात सिक्योरिटी गार्ड अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं कर रहा है। आएदिन एटीएम पर आए व्यक्तियों द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के बारे में जीआरपी एवं पास में ही बनी बुर्कि. कंग काउंटर पर जानकारी प्राप्त करने पहुंचते हैं।

# भाजपाइयों ने अखंड श्री बगलामुखी महायज्ञ की तैयारियों पर की चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** अखंड श्री बगलामुखी महायज्ञ की तैयारियों को लेकर भाजपा समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े युवाओं ने चर्चा कर महायज्ञ में शामिल होने का आहवान किया।

शिक्षक नगर कालोनी में भाजपा नेता अभिषेक त्यागी के आवास पर हुई बैठक में सचिन त्यागी ने कहा कि ब्रह्मलीन पूज्य गुरुदेव स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज के आशीर्वाद एवं यति नरसिंहानंद गिरी के सानिध्य में जूड़ धाम मंदिर जड़ौदा पांडा में यह महायज्ञ संपन्न होगा। बताया कि 15 अगस्त दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे महायज्ञ प्रारंभ होगा। 16 अगस्त सुबह 10 बजे महायज्ञ में पूर्णाहुति दी जाएगी। भाजपा नेता अभिषेक त्यागी



ने कहा कि मां बगलामुखी शत्रु विना. शिनी है। हम सबको सनातन के शत्रुओं के विनाश के लिए यज्ञ करते रहना चाहिए। बैठक में मोनू त्यागी, टिंकू त्यागी, मनीष त्यागी, गोलू त्यागी, विश्वास त्यागी, दीपक वाल्मीकि, सन्नी वाल्मीकि, राजीव धीमान आदि मौजूद रहे।

# डा. उबैद उस्मानी ने पालिकाध्यक्ष को प्रसिद्ध पुस्तक ऐतिहासिक नगरी देवबंद भेंट की

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** प्रसिद्ध इतिहासकार डा. उबैद इकबाल आसिम उस्मानी ने पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग से शिष्टाचार भेंट कर उन्होंने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक ऐतिहासिक नगरी देवबंद भेंट की। पालिक. ाध्यक्ष ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि डा. उबैद इकबाल आसिम उस्मानी द्वारा किया गया यह ऐतिहासिक महान कार्य है। जिस से वो भी लाभान्वित होंगे। उन्होंने डाक्टर उबैद को इस महान कार्य के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर पालि. का के बाबू अकबर वरिष्ठ पत्रकार



फहीम सिद्दीकी मौजूद रहे। पुस्तक की एक प्रति बाबू अकबर को भी अध्यक्ष महोदय और लेखक के करकमलों द्वारा भेंट की गई।

## ग्राम प्रधान के वालिद का इंतकाल

**किरतपुर।** किरतपुर के गांव चाण्डक तुर्क (चिड़ियापुर) के प्रधान एवं किसान नेता मौहम्मद अजमईन के वालिद मोहतरम जनाब गुलाम अहमद का इंतकाल हो गया है। वह काफी अर्से से बीमार चल रहे थे। उनके इंतकाल पर क्षेत्र के हजारों लोगों ने दिली रंजोगम का इजहार किया है। गांव चाण्डक तुर्क के मौजूदा ग्राम प्रधान मौ. अजमईन के वालिद गुलाम अहमद काफी अर्से से बीमार चल रहे थे। वह मिलनसार व्यक्ति थे, नेक शख्सियत के मालिक थे। शनिवार की रात्रि ने उन्होंने आखिरी सांस ली और दुनिया से फानी हो गये। उनकी जनाजे की नमाज बाद नमाज ए जौहर मदरसे में अदा की गई। जनाजे में बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। शहर किरतपुर और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने गांव पहुंच कर शोकाकुल परिवार से शोक संवेदना व्यक्त की।

# छात्र-छात्राओं ने निकाली तिरंगा रैली

**झिंझाना।** आरएसएस इंटर कॉलेज में तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह से बढ़ चढ़कर के देशभक्ति से ओत प्रोत होकर भाग लिया। रैली विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार तथा परविंदर कुमार प्रवक्ता इतिहास के नेतृत्व में रवाना की।

सोमवार को आरएसएस इंटर कॉलेज से तिरंगा रेली की शुरुआत हुई। तिरंगा रेली माजरा मोहल्ला से होती हुई सम्राट रोड, मैन बस स्टैंड, बिडौली बस स्टैंड, डेरी चौक, मेन बाजार से होती हुई विद्यालय आई। छात्र छात्राओं के ओजस्वी रूप से भारत माता के नारों से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान हो गया। विद्यालय के



सामने छात्रों ने सड़क के दोनों तरफ तिरंगा लहराकर भारत माता व अमर शहीदों के नारों लगाए। स्कूल के सभी स्टाफ ने हर्षोल्लास के साथ तिरंगा रैली का आयोजन किया। रेली में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार, एसआई राघवेंद्र सिंह जिन्होंने पूरी रैली का साथ दिया। इस अवसर पर प्रबंधक शैलेन्द्र मित्तल ने समस्त बच्चों को आशीर्वाद दिया।

## बसेड़ा कुंवर में स्वास्थ्य शिविर

**धामपुर।** ग्राम बसेड़ा कुंवर में स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को नि:शुल्क जांच शिविर लगाया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। टीम ने 38 लोगों में ब्लड प्रेशर, 22 में शुगर और 20 में बुखार की पुष्टि की। शिविर शिवा मंदिर परिसर में पूर्व ग्राम प्रधान विपिन कुमार के सहयोग से आयोजित हुआ। उद्घाटन पूर्व ग्राम प्रधान संध्या देवी और डॉ. सुशील कुमार ने किया। धामपुर पीएचसी से आई टीम में डॉ. सुशील कुमार, लैब टेक्नीशियन बृजेश चौहान, सुपरवाइजर राहुल कुमार, स्टाफ नर्स निधि रानी और सीएचओ जयश्री शामिल रहे। टीम ने लोगों को साफ-सफाई, पानी जमा न होने देने और पीने के पानी को उबाल कर पीने की सलाह दी। शिविर के संचालन में एकांत कुमार, दीपू कुमार, अरविंद कुमार आदि रहे।

# मदद को आगे आए विधायक अशोक राणा

**धामपुर।** लगातार बारिश और नदियों के उफान ने धामपुर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में तबाही मचा दी है। अनेक बस्तियों में जलभराव के कारण हालात बेहद खराब हो चुके हैं। घरों में पानी घुसने से गरीब परिवारों के पास खाने-पीने की वस्तुओं का संकट गहराने लगा है। कई लोग खुले आसमान के नीचे तंबुओं में दिन गुजारने को मजबूर हैं।

ऐसे कठिन समय में क्षेत्रीय भाजपा विधायक अशोक राणा के निर्देश पर उनके पुत्र राणा प्रियंकर सिंह सोमवार को स्वयं विभिन्न जल प्रभावित इलाकों में पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों को राहत सामग्री के रूप में दाल, चावल, आटा, तेल, नमक और अन्य आवश्यक सामान अपने हाथों से वितरित किया।

राहत सामग्री पाकर कई पीड़ित




परिवारों की आंखें भर आईं। महिलाओं ने विधायक परिवार का हाथ पकड़कर धन्यवाद दिया, वहीं बच्चों के चेहरों पर लंबे समय बाद मुस्कान लौट आई। राणा प्रियंकर सिंह ने कहा कि यह संकट का समय है और ऐसे वक्त में जरूरतमंदों के साथ खड़े रहना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते, मदद का सिल. सिला जारी रहेगा। विधायक अशोक राणा ने बताया कि उन्होंने प्रशासन को जलभराव से हुए नुकसान की भरपाई और प्रभावित परिवारों को हर संभव राहत उपलब्ध कराने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं।



## रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने की जरूरतमंदों की मदद

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पूनम सैनी के आवास पर वार्ड नंबर आठ में रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने जरूरतमंद लोगों को राहत सामग्री वितरित की। इस मौके पर समाजसेवी रवि शंकर सैनी ने संस्था के पदाधिकारियों का आभार जताया और कहा कि ऐसे कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

## बहन से राखी बंधवाकर वापस जा रहे युवक पर जानलेवा हमला

शाह टाइम्स संवाददाता

**झिंझाना।** बहन से रखी बंधवाकर वापिस अपने गांव जैनपुर जा रहे युवक पर गांव के दूसरे पक्ष के लोगों ने लाठी डंडों से मार पीट कर घायल कर दिया। घायल को हायर सेंटर रेफर किया गया है। पीड़ित के चाचा द्वारा 11 लोगों को नामदाज तथा कुछ अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामल दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

अजय कुमार पुत्र ओमसिह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसका भतीजा अमित रक्षाबंधन पर्व पर अपनी बुआ के यहां किशनपुर डुभर जनपद सहारनपुर से राखी बंधवाकर गांव वापस आ रहा था, जब वह आश्रम के पास पहुचां तो पहले से मौजूद बबलू, सोनू, परमाल ने मेरे भतीजे की बाइक के सामने ट्रैक्टर व ट्राली अड़ा दी तथा उसकी बाईक की चाबी छीन ली। आश्रम के पीछे सुनियोजित तरीके से घात लगाकर बैठे नेत्रपाल, कुलदीप, सचिन, गौरव, सुशील, लोकेन्द्र व शुभम, सुरेन्द्र, अंकित सभी निवासी जैनपुर तथा कुछ अज्ञात व्यक्तियो के साथ मिलकर जान से मारने की नियत से धार-दार हथियार चाकू तलवार व लाठी डंडो से हमला कर दिया।

मौके से गुजर रहे ग्रामवासियो ने मुश्किल भतीजे की जान बचाई। घायल को सीएचसी ऊन में भर्ती कराया, लेकिन हालत चिंताजनक के चलते चिकत्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। अजय कुमार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।



# अनु रानी ने जीता जैवलिन खिताब

**इंटरनेशनल विस्लाव मैनियाक मेमोरियल में खिताब जीतने वाली अनु रानी ने 62.01 मी. थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया**

**भुवनेश्वर, वार्ता।** ओलंपियन अनु रानी ने इंडियन ओपन 2025 वर्ल्ड एथलेटिक्स ब्रॉन्ज लेवल कॉन्टिनेंटल टूर में अपनी प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए महिला भाला फेंक स्पर्धा का खिताब जीता।

इस सप्ताह की शुरुआत में इंटरनेशनल विस्लाव मैनियाक मेमोरियल में जैवलिन थ्रो खिताब जीतने वाली अनु रानी ने रविवार को हुई स्पर्धा में 62.01 मीटर थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया। श्रीलंका की एन डीएल हटारबाग लेखा (56-27 मीटर) और दीपिका (54-20 मीटर) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में श्रीलंका के रुमेश पथिरंगे ने 86.50 मीटर के थ्रो के साथ जीत हासिल की। रुमेश पथिरंगे ने पिछले महीने बेंगलुरु में एनसी क्लासिक में कांस्य पदक जीता था।

शिवम लोहकरे 80.73 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि सुमेदा जे राना. सिंघे 80.65 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता सचिन यादव (79.80 मीटर) और यशवीर सिंह (78. 53 मीटर) क्रमश: पांचवें और छठे स्थान पर रहे। पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में अनिमेष कुजूर ने 20.77 सेकेंड का समय दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक जीता। अनिमेष कुजूर के नाम पुरुष 100 मीटर और 200 मीटर स्प्रिंट में भी राष्ट्रीय रिकॉर्ड दर्ज है। दक्षिण कोरिया के सेंगवान को (20-95) दूसरे स्थान पर रहे, जबकि रगुल कुमार (21.17) तीसरे स्थान पर रहे। महिला 200 मीटर दौड़ में एंजल सिल्विया ने 23:95 सेकेंड का समय दर्ज करते हुए जीत हासिल की। नित्या गांधे, जो पहले 100 मीटर रेस में तीसरे स्थान पर रही थीं, उन्होंने 24:11 सेकेंड के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि उन्नति अय्यप्पा 24:56 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इस बीच, एशियन चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता विशाल टीके ने 45:72 सेकेंड का समय दर्ज करते हुए पुरुष 400 मीटर स्पर्धा जीती।अमोज जैकब 45: 86 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे और संतोष कुमार टी 46 : 89 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। एशियन गेम्स के रजत पदक विजेता मोहम्मद अफसल पी ने पुरुष 800 मीटर दौड़ में 1:46:60 का समय दर्ज करते हुए पहला स्थान हासिल किया, जबकि प्रकाश गड्डे (1:47:14) और कृष्ण कुमार (1:48:00) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। महिला 1500 मीटर दौड़ में, एशियन चैंपियनशिप की पदक विजेता पूजा (4:15:13) ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि लिली दास (4:17:66) दूसरे और अमनदीप कौर (4:27:14) तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं, मुरली श्रीशंकर ने अपने अंतिम प्रयास में 8.13 मीटर की सीजन की सर्वश्रेष्ठ जंप के साथ पुरुष लांग जंप खिताब जीता।

## बोधना बनी ग्रैंडमास्टर को हराने वाली सबसे कम उम्र की शतरंज खिलाड़ी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय मूल की ब्रिटिश नागरिक बोधना शिवानंदन ग्रैंडमास्टर पीटर वेल्स को हराने वाली सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बन गई है। इंग्लिश शतरंज महासंघ (ईसीएफ) द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार कि हैरो की इस 10 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार को लिवरपूल में 2025 ब्रिटिश शतरंज चैंपियनशिप के अंतिम दौर में 60 वर्षीय ग्रैंडमास्टर पीटर वेल्स को हराकर जीत हासिल की। 10 साल, पांच महीने और तीन दिन की उम्र में शिवानंदन की यह जीत अमेरिकी कैरिसा यिप के 2019 के रिकॉर्ड को तोड़ती है, जो आगे चलकर अंतर्राष्ट्रीय मास्टर बनीं। ईसीएफ ने कहा कि बोधना की जीत ने महिला अंतर्राष्ट्रीय मास्टर खिताब हासिल करने के लिए आवश्यक अंतिम 'मानदंड' या परिणाम भी हासिल कर लिया है, जो शतरंज के सर्वोच्च खिताब, ग्रैंडमास्टर, की ओर एक कदम है। बोधना ने इस आयोजन के दौरान 24 रेटिंग अंक हासिल किए और 26वें स्थान पर रहीं एक 10 वर्षीय खिलाड़ी के लिए यह उल्लेखनीय उपलब्धि है। ईसीएफ के विशेषज्ञ कमेंटेटर डैनी गोरमली ने कहा किआखिरकार उन्होंने यह कैसे जीत लिया। वह जरूर कोई जाद. गरनी होंगी। उन्हें सरल पो. जिशनल मूव्स खेलना पसंद है, कुछ खास नहीं, वह बहुत मजबूत खिलाड़ी हैं और खेल के आखिर में अपने विरोधियों को मात देने का प्रयास करती हैं। उनके खेल में विश्व नंबर एक मैग्नस कार्लसन या महान जोस राउल कैपब्लांका की झलक दिखती है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## करेन खाचानोव ने अपने करियर की 200वीं जीत दर्ज की

**अमेरिका, वार्ता।** रूस के करेन खाचानोव ने सोमवार को सिनसिनाटी ओपन के शुरुआती मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करे हुए फ्रांस के वैलेंटिन रॉयर को सीधे सेटों में हराया। यह उनके हार्ड कोर्ट करियर की 200वीं जीत है। यहां खाचानोव ने फ्रांसीसी क्वालीफायर वैलेंटिन रॉयर को रोमांचक मुकाबले में 6-4, 7-6 (6) से हराया। इसी जीत के साथ ही वह हार्ड कोर्ट पर 200 मैच जीतने की उपलब्धि हासिल करने वाले 10वें खिलाड़ी बन गए है। इस सूची में ग्रिगोर दिमित्रोव 318 जीत के साथ शीर्ष पर है। 309 मैच जीतने वाले डेनियल मेदवेदेव दूसरे स्थान, 288 जीत के साथ एलेक्जेंडर जेवरेव तीसरे, मिलोस264 चौथे, रुबलेव 253 पांचवें, डेविड 228 छठे, फ्रिट्ज 221 सातवें, स्टेफानोस 219 आठवें,डी मिनौर 212 नौवें व करेन खाचानोव 200 जीत के साथ 10वें स्थान पर पहुंच गए है।

## आकाशदीप ने श्री काशी विश्वनाथ व काल भैरव मंदिर में टेका मत्था

**वाराणसी, वार्ता।** इंग्लैंड दौरे से लौटने के बाद सोमवार को भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज आकाशदीप ने श्री काशी विश्वनाथ और काशी कोतवाल बाबा काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन किया। उन्होंने बनारसी अंदाज में गलियों में चाय की चुस्की का भी आनंद लिया। आचार्य वेंकटेश मिश्र ने बताया कि आकाशदीप ने बाबा श्री काशी विश्वनाथ का जलाभिषेक किया। इस दौरान मंदिर परिसर में उनके प्रशंसकों में खासा उत्साह देखने को मिला। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर काशी में दर्शन-पूजन की तस्वीरें साझा करते हुए आकाशदीप ने लिखा किना सोना मांगा, न चांदी मांगी, बस चरणों में यही वंदना मांगी।

# सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से आखिरी बाधा को तोड़ देंगे: हरमन प्रीत

**● घरेलू दर्शकों के सामने खेलना हमेशा खास होता है और उम्मीद हैं कि इस बार हम अपना शत-प्रतिशत देंगे**

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की कप्तान ने सोमवार को कहा कि आगामी एकदिवसीय विश्वकप में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर आखिरी बाधा को तोड़ते हुए भारतीय प्रशंसकों के इंतजार को खत्म करेंगे। यहां आयोजित एक कार्यक्रम में आगामी विश्वकप की उलटी गिनती शुरू होने पर हरमनप्रीत ने कहा किघरेलू दर्शकों के सामने खेलना हमेशा खास होता है, और उम्मीद है कि इस बार हम अपना शत-प्रतिशत देंगे और आखिरकार उस बाधा को तोड़ देंगे जिसका सभी भारतीय प्रशंसक इंतजार कर रहे हैं।

भारत 2005 में उपविजेता रहा, 2009 में तीसरे और 2013 में सातवें स्थान पर रहा। 2017 में वे खिताब जीतने के बेहद करीब पहुंच गए थे, लेकिन लॉर्ड्स में इंग्लैंड से फाइनल हार गए, और 2022 में पांचवें स्थान पर रहे। हरमनप्रीत ने 2017 के टूर्नामेंट के उस निराशाजनक पल को याद किया जब



उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 171 रनों की धमाकेदार पारी खेली थी। भारतीय कप्तान ने याद करते हुए कहा किमुझे आज भी वह पारी याद है। वह बहुत खास थी। उसके बाद मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत कुछ बदल गया। उस समय मुझे पूरी तरह से एहसास नहीं था कि क्या हुआ था लेकिन जब हम फाइनल हारने के बाद भारत लौटे, तो हमारा इंतजार कर रहे और हमारा उत्साहवर्धन कर रहे लोगों की संख्या वाकई उल्लेखनीय थी। वह बहुत खास था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने पैनल चर्चा से पहले किया, जिसमें हरमनप्रीत और आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता के अलावा भारतीय क्रिकेट स्टार मंधाना व जेमिमा रोड्रिग्स भी शामिल थीं।

# सीएसके बताए आगामी आईपीएल में क्या भूमिका होगी: आर अश्विन

**● अगर मैं टीम की योजनाओं में फिट नहीं बैठता तो उन्हें टीम से अलग होने में कोई आपत्ति नहीं है**

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के ऑलराउंडर आर अश्विन ने अपनी टीम से पूछा है कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनकी भूमिका क्या होगी। उन्होंने फ्रैंचाइजी से कहा है कि अगर वह टीम की योजनाओं में फिट नहीं बैठते तो उन्हें टीम से अलग होने में कोई आपत्ति नहीं है।

खिलाड़ियों को रिलीज करने की अंतिम तारीख आमतौर पर इस बात पर निर्भर करती है कि उस साल की नीलामी कब है। यह आईपीएल 2026 के लिए अभी तय नहीं हुआ है। बड़ी नीलामी हर तीन साल में होती है, लेकिन छोटी नीलामी हर साल होती है। यह आमतौर पर नवंबर से फरवरी के बीच कभी भी हो सकती है। अगर किसी खिलाड़ी का ट्रेड होना हो तो यह नीलामी से एक हफ्ते पहले तक हो सकता है। अश्विन आईपीएल में पांचवें सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने सीएसके से शुरुआत की थी और इसके बाद वह राइलजग पुणे सुपरजायंट्स, लकग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स), दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेले। वह फिर 2025 में सीएसके में लौटे। सीएसके को अभी और भी बड़े फैसले लेने हैं, जिसमें कप्तानी का मामला भी शामिल है।

# नेशनल स्पोर्ट गवर्नेंस बिल लोकसभा में पास

**● आजादी के बाद सबसे बड़ा खेल सुधार, 1975 में पहली बार प्रपोजल लाया गया था: खेल मंत्री मनसुख**

**नई दिल्ली, वार्ता।** सोमवार को लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल और नेशनल एंटी-डोपिंग संशोधन बिल, 2025 पास हो गया।

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इसे आजादी के बाद से भारतीय खेलों में सबसे बड़ा सुधार बताया। इस दौरान विपक्ष ने बिहार में मतदाता सूची संशोधन (एसआईआर प्रक्रिया) और कथित वोट धोखाधड़ी के खिलाफ विरोध जारी रखा। नेशनल स्पोर्ट्स बिल को लाने की शुरुआत 1975 से हुई थी। लेकिन हर बार राजनीतिक कारणों के चलते यह बिल कभी संसद नहीं जा पाया था। बिल पास होने पर मनसुख मांडविया ने कहा कि यह आजादी के बाद का सबसे बड़ा खेल सुधार है। यह बिल खेल संघों में जवाबदे. ही, न्याय और बेहतर गवर्नेंस सुनिश्चित करेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि यह बिल भारत के खेल तंत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन अफसोस है कि विपक्ष इसमें शामिल नहीं हुआ। संसद में सुबह हंगामे के कारण सदन स्थगित हुआ, लेकिन दोपहर 2 बजे दोबा. रा शुरू होने पर दोनों बिल पास हो गए। विपक्ष के अधिकतर नेता उस समय सदन में नहीं थे, क्योंकि वे चुनाव आयोग के ऑफिस की ओर मार्च करते हुए हिरासत में ले लिए गए थे। बहस के दौरान कुछ विपक्षी सांसदों ने बिल का समर्थन भी किया, लेकिन बाद में विपक्ष लौटकर नारेबाजी करने लगा। हंगामे के बीच बिल को वायस वोट से पास किया गया। बीसीसीआई पर आरटीआई लागू नहीं होगा।

# एशिया कप: हार्दिक का फिटनेस टेस्ट होगा

**● सूर्या एनसीए में एक हफ्ते और रुकेंगे, 9 सितम्बर से खेला जाएगा टूर्नामेंट**



**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप 2025 से पहले भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव की फिटनेस को लेकर अपडेट आया है।

भारत के एशिया कप 2025 टीम के सिलेक्शन से पहले हार्दिक पांड्या 11 और 12 अगस्त को बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में रूटीन फिटनेस टेस्ट से गुजरेंगे, जिसके आधार पर उनका मूल्यांकन किया जाएगा। पंडया ने आखिरी इंटरनेशनल मुक. ाबला मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ (वनडे) खेला था। वहीं, सूर्या का अभी पूरी तरह फिट होना बाकी है। वे एनसीए में फीजियो और मेडिकल टीम की मौजूदगी में अभी एक हफ्ते और रुकेंगे, ताकि समय पर पूरी तरह फिट हो सकें। उन्होंने जून में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी। एशिया कप के लिए अभी भारतीय टीम का ऐलान नहीं हुआ है। उससे पहले खिलाड़ियों का फिटनेस टेस्ट किया जा रहा है। पिछले महीने श्रेयस अय्यर का किया गया था। सूर्या ने जून में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी।

34 साल के सूर्या ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा था, 'लाइफ अपडेट, पेट के निचले दाएं ओर स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हो गई है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सफल आपरेशन के बाद अब मैं रिकव. री की राह पर हूं।' सूर्या ने आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ (टी-20) खेला था। एशिया कप 2025 यूएई में खेला जाएगा। टूर्नामेंट 9 सितम्बर से शुरू होकर 28 सितम्बर तक चलेगा। इसमें आठ टीमें हिस्सा लेंगी। भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हान्ग कान्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी।

भारत 10 सितम्बर को यूएई, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा। एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी। अब तक 16 बार यह टूर्नामेंट खेला जा चुका है। भारत ने इसे सबसे ज्यादा 8 बार जीता। वहीं श्रीलंका ने 6 और पाकिस्तान ने 2 बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है।

# हॉकी की 30 टीमें नए डिवीजन आधारित प्रारूप में करेंगी प्रतिस्पर्धा

**● टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 30टीमों को ए, बी और सी डिवीजन में बांटा गया है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पंजाब के जालंधर में मंगलवार से शुरु होने वाली 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में 30 टीमें नए डिवीजन-आधारित प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह टूर्नामेंट 23 अगस्त तक चलेगा। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 30 टीमों को ए, बी और सी डिवीजन में बांटा किया गया है।

डिवीजन 'ए' की टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जबकि डिवीजन 'बी' और 'सी' की शीर्ष दो टीमें अगले स्तर पर पदोन्नति हासिल करेंगी। डिवीज़न 'ए' और 'बी' में सबसे नीचे की दो टीमें 2026 के लिए अगले डिवीजन में रेल. ेगेशन का सामना करेंगी। डिवीजन 'ए' में देश की 12 सर्वश्रेष्ठ जूनियर पुरुष टीमें शामिल हैं, जिनमें गत विजेता पंजाब, उपविजेता उत्तर प्रदेश और तीसरे स्थान पर रहने वाली हरियाणा शामिल हैं। पूल मैच 16 अगस्त से शुरू होंगे और 20 से 23 अगस्त तक क्वार्टरफाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जाएँगे। टीमों को निम्नलिखित पूल में विभाजित किया गया है:-

**पूल ए:-** पंजाब, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु

**पूल बी:-** उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र

**पूल सी:-** हरियाणा, मणिपुर, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव(

**पूल डी:-** कर्नाटक, ओडिशा, आंध्र प्रदेश!

डिवीज़न 'बी' में केवल लीग मैच होंगे, जिसमें शीर्ष दो रैंक वाली टीमों को डिवीजन 'ए' में पदोन्नत किया जाएगा और अंतिम दो को डिवीजन 'सी' में रेलीगेट किया जाएगा। मैच 12 से 16 अगस्त तक चलेंगे।

# पाक की महिला टीम ने आयरलैंड को हराया



**डबलिन, वार्ता।** मुनीबा अली (नाबाद 100) की शतकीय पारी की बदौलत पाकिस्तान की महिला टीम ने तीसरे और आखिरी टी-20 मुकाबले में आयरलैंड को आठ विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान की टीम आखिरी मैच में जीत दर्ज कर अपनी साख बचाने में कामयाब रही।

हालांकि आयरलैंड ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम की। 156 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की महिला टीम को पहला झटका 33 के स्कोर पर शवाल जुल्फिकार (तीन) के रूप में लगा। उसके बाद 55 के स्कोर पर नतालिया परवेज नौ रन बनाकर पवेलियन लौट गई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी आलिया रियाज ने मुनीबा अली के साथ 101 रनों की अविजित साझेदारी कर 17-4 ओवर में दो विकेट पर 156 रन बनाकर अपनी टीम को आठ विकेट से जीत दिला दी। मुनीबा अली को उनकी शानदार शतकीय पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से तथा सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली आयरलैंड की ऑर्ला प्रेंडरगस्ट को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' के पुरस्कार नवाजा गया। आयरलैंड की ओर से अवा कैनिंग और लारा मैकब्राइड ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले क्लोंटार्फ क्रिकेट क्लब ग्राउंड पर रविवार रात को खेले गए मुकाबले में आयरलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने फैसला किया। आयरलैंड की महिला टीम के लिए एमी हंटर और कप्तान गैबी लुईस की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 52 रन जोड़े। रमीन शमीम ने गैबी लुईस 22 गेंदों में (36) को पगबाधा आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद एमी हंटर (29), ली पॉल (11), रेबेका स्टोकेल (पांच) रन बनाकर आउट हुई। आयरलैड की टीम ने निर्धारित 20 ओव. रों में चार विकेट पर 155 रन का स्कोर बनाया। ऑर्ला प्रेंडरगस्ट 46 गेंदों में आठ चौकों की मदद से (नाबाद 64) रन बनाये। लॉरा डेलेनी पांच रन बनाकर नाबाद रही। पाक की ओर से फातिमा सना, सादिया इकबाल, वाहिदा अख्तर और रमीन शमीम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# 2025 में गिल समेत महज दो खिलाड़ी वनडे और टेस्ट दोनों प्रारूपों में बने प्लेयर ऑफ द सीरीज

**● न्यूजीलैंड के मैट हेनरी को हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड दिया गया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच हालिया सीरीज में कप्तान शुभमन गिल शानदार फार्म में दिखे। उन्होंने 10 पारियों में 75.40 की औसत से सबसे ज्यादा 754 रन बनाए। इनमें चार शतक शामिल हैं। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया।

वह इस साल अब तक उन दो खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें इस साल टेस्ट और वनडे, दोनों प्रारूप में प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवार्ड मिला है। उनके अलावा ऐसा करने वाले खिलाड़ी न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी हैं। इतना ही नहीं, गिल ने साल 2023 से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन के मामले में भारत के दो दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली को भी पीछे छोड़ दिया है। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज अवार्ड जीता था। फरवरी में खेली गई वनडे सीरीज में गिल ने तीन पारियों में 86.33 की औसत से 259 रन बनाए थे। इसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं।

वहीं, न्यूजीलैंड के मैट हेनरी को हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज अवार्ड दिया गया। उन्होंने घातक गेंदबाजी करते हुए दो मैचों में 16 विकेट झटके। इनमें दो पांच विकेट हाल शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने इस साल की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवार्ड जीता था।

उन्होंने तीन मैचों में नौ विकेट झटके थे। इनमें दो 4 पन स शामिल हैं।



# भाजपा ने 11 मण्डलों में निकाली तिरंगा यात्रा

## मेयर डा.अजय सिंह, पूर्व मंत्री संजय गर्ग व मण्डल अध्यक्ष अजय वशिष्ठ ने किया नेतृत्व

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भाजपा द्वारा सभी 11 मंडलो में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

हकीकत मंडल में तिरंगा यात्रा की शुरुआत झंडा चौक से महापौर डॉ अजय कुमार सिंह, पूर्व मंत्री संजय गर्ग व मंडल अध्यक्ष अजय वशिष्ठ के नेतृत्व में शुरू हुई। तिरंगा यात्रा जैन कॉलेज रोड, कलेक्ट्रेट चौक से हकीकत नगर होते हुए वीर हकीकत राय चौक पर समाप्त हुई। जहां वीर हकीकत राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया।

इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि इस वर्ष ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से तिरंगा यात्रा का जोश और अधिक बढ़ गया। यह तिरंगा यात्रा एक प्रकार से ऑपरेशन सिंदूर का विजयोत्सव है





जिसको लेकर प्रत्येक भारतीय के मन में विजय एवं राष्ट्रवाद की भावना अपने चरम पर है। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्वगुरू बनने के लिए तैयार है।

तिरंगा यात्रा में प्रमुख रुप से पार्षद सुधीर पंवार, संजय गर्ग, दिग्विजय सिंह, अमित त्यागी, कुसुम अग्रवाल, गौरव गर्ग, मनीष साहनी, अमित गर्ग, सुनील पंवार, सोपिन पाल, विकास अंबोली, मनीष सचदेवा, मानसिंह जैन, विवेक गोयल, नरेश रावत, अमित पंवार सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता समेत आमजन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# हर गांव, मौहल्ले व दरवाजे पर हो रालोद की दस्तकः चौ.नीरपाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल की दस्तक गांव गांव, शहर के हर दरवाजे पर होनी चाहिए। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह की विचार धारा को जन जन तक पहुंचाओ।



चौ. नीरपाल सिंह हकीकत नगर कैंप कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट रहकर जयन्त चौधरी के हाथों को मजबूती प्रदान करें। प्रदेश महासचिव व जिला पंचायत सदस्य चौ अरविन्द पंवार भारसी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ खेलों के माध्यम से बच्चों का भविष्य बनाने का काम कर रहा है। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश चौधरी एडवोकेट, महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक व युवराज चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर मेहनत करें। सदस्यता अभियान के साथ साथ बूथ कमेटियों को मजबूत करें।

बैठक में विनोद प्रधान, आरिफ मलिक, विकास प्रधान, राजदीप, नीरज चौधरी, सेठी कुमार, आशीष तोमर, राजीव चौधरी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# विधायक निम ने उठाया बकाया गन्ना भुगतान का मुद्दा

**सहारनपुर।** रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम ने विधानसभा में गन्ना के बकाया भुगतान का मुद्दा उठाते हुए शीघ्र ही भुगतान कराये जाने की मांग की है ताकि किसानों को राहत मिल सके। आज शुरू हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा के सत्र में विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि जनपद सहारनपुर में स्थित दि बजाज हिन्दुस्थान शुगर प्रा.लि. गागनौली शुगर मिल द्वारा गन्ना किसानों के बकाया धनराशि का भुगतान काफी लम्बे समय से नहीं किया गया है जिससे किसानों में काफी रोष व्याप्त है। चालू पेराई सत्र 2025-26 में भी अभी तक माह जनवरी-2025 से



कोई भुगतान नहीं किया गया है। जबकि अब तक सम्पूर्ण धनराशि का भुगतान मिल द्वारा किसानों को कर दिया जाना चाहिए था। जनपद-सहारनपुर में ही स्थित अन्य चीनी मिलों द्वारा किसानों की सम्पूर्ण बकाया धनराशि का भुगतान कर दिया गया है। बकाया भुगतान न होने से किसानों को हो रही समस्याओं को देखते हुए बजाज हिन्दुस्थान शुगर प्रा.लि. गागनौली जनपद-सहारनपुर से गन्ना किसानों की बकाया धनराशि का भुगतान अविलंब कराया जाना नितान्त आवश्यक है। इसलिए सरकार की ओर से आवश्यक कार्यवाही की जाए।

# हर घर तिरंगा की तैयारियों को लेकर नरेश व अभय ने बनाई रणनीति

शाह टाइम्स संवाददाता

**बेहट।** पूर्व विधायक नरेश सैनी व भाजपा के वरिष्ठ नेता अभय राणा ने कहा कि पार्टी ने प्रदेश में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस को लेकर हर घर तिरंगा के संकल्प के साथ विस्तृत कार्य योजना तैयार की है।

आज दोनो नेताओं ने नगर में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील राजदेव ऊर्फ बिट्टू के प्रतिष्ठान पर आयोजित पदाधिकारियों की बैठक में बोलते हुए कही। पूर्व विधायक नरेश सैनी ने कहा कि पार्टी ने निर्णय लिया है कि 11,12, तथा 13 अगस्त को विधान सभा में कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा निकालने का काम करेंगे। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी स्थनीय नागरिकों के साथ मोटर साइकिलों पर हाथो में तिरंगा यात्रा पर निकलेंगे। अभय राणा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि 13, 14, तथा 15 अगस्त तक पार्टी का हर कार्यकर्ता जन जन से सम्पर्क करते हुए प्रत्येक घर एव व्यवसायिक केंद्रों पर हर घर तिरंगा फहराने के लिए अपनी



भागेदारी अपनाए। मीटिंग मे बोलते हुए वरिष्ठ युवा भाजपा नेता संजीव कर्णवाल ऊर्फ बॉबी, सढ़ोली कदीम ब्लाक प्रमुख चौधरी विश्वास ने कहा कि सभी कार्यकर्ता प्रदेश हाई कमान के निर्देशों का पालन करते हुए हर घर तिरंगा फहराने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक भागेदारी करे इस अवसर जिला पंचायत सदस्य चौधरी रामू, ममुजफ्फराबाद ब्लाक प्रमुख योगेश पुंडीर, गन्ना समिति बेहट के चेयरमैन मुल्की राज सैनी वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील राजदेव उर्फ बिट्टू, राकेश गाबा, मुकेश चौहान योगेंद्र चौहान सुभाष सैनी, अनिल सिंगल सुरेन्द्र कुमार, प्रधान प्रदीप गुप्ता दीपक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज में स्थापित हो कैंसर यूनिटः राजीव गुंबर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** नगर विधायक राजीव गुम्बर ने पिलखनी स्थित मेडिकल कॉलेज में कैंसर यूनिट (रेडियोथेरेपी मशीन) स्थापित किये जाने की मांग की। आज विधानसभा सत्र में विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि जनपद सहारनपुर एवं आस-पास के क्षेत्रों में कैंसर के रोगियों की संख्या काफी तेजी से बढ़ी है। कैंसर का उपचार निजी संस्थानों में काफी महंगा है क्योंकि सहारनपुर में कैंसर उपचार संबंधी संस्थान की कमी है। सहारनपुर में सरकारी ध्.गैर सरकारी एवं प्राईवेट कोई भी रेडिएशन आनकोलोजी यूनिट उपलब्ध नहीं है। सरकार के द्वारा प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गयी है। इसी तर्ज पर प्रत्येक मण्डल में एक रेडियशन आन्कोलोजी



यूनिट की स्थापना किया जाना भी आवश्यक है। रेडिएशन आन्कोलोजी से सम्बन्धित उपकरण जैसे लीनियर एक्सेलरेटर, थेरेपी मशीन एवं पीइटीसिटी इत्यादि काफी महंगे एवं सेन्सेटिव उपकरण होते है एवं इनके लिए बंकर की आवश्यकता भी होती है। शासन द्वारा हाई लेवल कमेटी जिसमें संबंधित विशेषज्ञ शामिल करते हुए इस सम्बन्ध में कार्यवाही किया जाना आवश्यक होगा। जनहित में उपर्युक्त तथ्यों के दृष्टिगत मेडिकल कॉलेज सहारनपुर में रेडिएशन आन्कोलोजी यूनिट की स्थापना किया जाना आवश्यक है। इस यूनिट की स्थापना से मण्डल के कैंसर रोगियों को इलाज के लिए बाहर नही जाना पड़ेगा और स्थानीय स्तर पर ही इलाज हो सकेगा।

# मेडिग्राम आज चलाएगा अभियानः डा.अजय

**सहारनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर मेडिग्राम हॉस्पिटल द्वारा युवा हृदय स्वास्थ्य जागरूकता अभियान आज चलाया जायेगा।



हॉस्पिटल के निर्देशक डा.अजय कुमार सिंह ने बताया कि कल (आज) नेताजी सुभाष चंद्र बोस बाग में सुबह छह से आठ बजे तक अभियान चलाया जायेगा। जिसके तहत युवाओं को हृदय रोग के प्रति जागरूक करने हेतु ग्रुप वॉक के अतिरिक्त हृदय रोग से संबंधित निशुल्क जांच की जायेगी। साथ ही विशेषज्ञों द्वारा युवाओं के हृदय के स्वास्थ्य के विषय में लोगों से संवाद करने के उपरांत कुछ सुझाव भी दिये जायेंगे।

# शारिक मलिक बने उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य

शाह टाइम्स संवाददाता

**नागल।** राज्यपाल ने उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 2002 की धारा 3(2) में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए क्षेत्र के गांव सरसीना निवासी समाजसेवी मतलूब अहमद के पुत्र शारिक मलिक को आयोग का सदस्य नामित करते हुए स्वीकृति प्रदान की है।

जारी पत्र में कहा गया है कि आयोग का उद्देश्य राज्य में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए बनाई गई योजनाओं की निगरानी करना है। नामित सदस्य का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने से पांच वर्ष का होगा।



नामित शारिक मलिक महर्षि दयानंद कॉलेज आफ एजुकेशन बड़ली के निदेशक है। मलिक ने आयोग द्वारा सदस्य बनाये जाने पर उत्तराखंड सरकार का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सरकार ने जो दायित्व उन्हे सौंपा है उस पर खरा उतरने का प्रयास करते हुए अल्पसंख्यक समुदाय के उत्थान व उनके हितों की रक्षा के लिए काम करेंगे। शारिक मलिक के नामित होने पर क्षेत्र के लोगों ने हर्ष प्रकट किया है।

# विधायक चौ.किरत ने सदन में रखी जांडखेड़ा रजवाहे की समस्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** विधायक किरत सिंह ने ग्राम जाण्डखेड़ा में राजवाहे की बाउंड्री वॉल व पटरी बनवाए जाने हेतु सदन में याचिका प्रस्तुत की।

गंगोह विधानसभा में विधायक किरत सिंह के नेतृत्व में लगातार विकास के नये आयाम स्थापित हो रहे हैं। उनके द्वारा ग्राम जाण्डखेड़ा में राजवाहे की बाउंड्री वॉल बनवाए जाने हेतु सदन में याचिका प्रस्तुत की गई है। विधायक किरत सिंह ने कहा कि राजवाहे की बाउंड्री वॉल ना होने के कारण उसका पानी लोगों के घरों में चला जाता है जिससे उनका घरेलू सामान खराब हो जाता है और काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

राजवाहे का पानी घरों में जाने से ग्रामीणों को रोजमर्रा के कार्यों के निष्पादन में भारी समस्याएं आती है। प्रशासन स्तर पर उनके द्वारा कई बार शिकायत की गई परंतु कोई कार्रवाई नहीं हो सकी जनहित की समस्या को ध्यान में रखते हुए ग्राम जाण्डखेड़ा की आबादी भाग में रजवाहे की बाउंड्री वॉल एवं पटरी की सीसी रोड बनाया जाना नितान्त आवश्यक है। उक्त याचिका से ग्रामीणों में हर्ष की लहर है।

विधायक किरत सिंह ने कहा कि उनका लक्ष्य विधानसभा के अंतिम छोर के गांव तक विकास कार्य कराने का है और पूरी विधानसभा में विकास कराना उनकी प्राथमिकता है।

बता दे कि भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी के साथ राजकिरण सिंह, बलदेव सिंह, डा.संजय सिंह, बाबूराम चेयरमैन, अनिल प्रधान, देवेंद्र शर्मा, सुशील कुमार एडवोकेट,

# सत्संग में लगेगा ट्रांसफार्मरः किरत

शाह टाइम्स संवाददाता

**गंगोह।** गांव चमनपुरा में डेरा सच्चा सौदा द्वारा आयोजित सत्संग में विधायक किरत सिंह भी शामिल हुए।

सत्संग में गंगोह विधायक चौधरी किरत सिंह व भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतपाल सिंह भी पहुंचे। विधायक ने आश्रम में पहुंच कर सत्संग भवन में लाइट व ट्रांसफार्मर लगवाने की घोषणा की। डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरु राम रहीम ने सिरसा आश्रम से भक्तों को आनलाइन गुरु मंत्र नाम दान की दीक्षा दी। विधायक चौधरी किरत सिंह ने भी प्रवीण चौधरी, जुम्मन सिंह व डा.



डेरे में पहुंचकर बाबा का आनलाइन आशीर्वाद लिया तथा समस्याएं दूर कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम तेजपाल प्रधान ने विधायक चौ.किरत में सतपाल त्यागी, मनोज प्रधान, चौधरी सत्यपाल सिंह, दीपक शर्मा, काका आदि मौजूद रहे। सिंह के समक्ष यह मांग रखी थी।

# एक ही समुदाय के दो पक्षों में संघर्ष, आठ घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बेहट।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरौली में किसी बात को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच हुए संघर्ष में आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सी एच सी बेहट भर्ती कराए है। पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

रविवार को देर शाम कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरौली में किसी बात को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों में मामूली कहासुनी हो गई थी, जिसको वहां पर मौजूद गणमान्य लोगों ने निपटा दिया था इसके बाद दोनों पक्ष अपने-अपने घर चले गए। जानकारी के मुताबिक कुछ देर बाद एक पक्ष के ग्राम माडला निवासी दूसरे पक्ष गांव लंढौरा जुनारदार पहुंचे और घर में बैठे लोगों पर लाठी डंडों, सरिया से हमला कर दिया। जिसमें नागेंद्र, निवासी बेहड़ा संदल सिंह अमित गुप्ता, निवासी लखनौती मोहित त्यागी निवासी लंढौरा जुनारदार अमित त्यागी निवासी लंढौरा जुनारदार घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के लिए सी एच सी बेहट भर्ती कराए गए जहां उनका प्राथमिक उपचार के बाद सभी की हालत को गंभीर मानते हुए डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। जबकि आरोपी आशू कश्यप, जितेंद्र सिंह कश्यप, नितिन कश्यप, के भी छोटे आई हैं जिनको पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि त्यागी पक्ष की ओर से मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# भाकियू भानू के महानगर अध्यक्ष बने सुभाष

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन भानू के जिलाध्यक्ष चौधरी राजू माजरा ने संगठन का विस्तार करते हुए सुभाष चौधरी को महानगर अध्यक्ष नियुक्त किया है।

दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष चौधरी राजू माजरा ने सुभाष चौधरी को नियुक्ति पत्र सौंपा और उनके नेतृत्व में संगठन को और मजबूत करने की उम्मीद जताई। जिलाध्यक्ष राजू माजरा ने कहा कि नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष सुभाष चौधरी के नेतृत्व में महानगर में संगठन और अधिक मजबूत होगा। महानगर अध्यक्ष नियुक्त होने पर सुभाष चौधरी ने भारतीय किसान यूनियन भानू के जिलाध्यक्ष राजू माजरा समेत वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि





जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है उसे पर ईमानदारी से कार्य कर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त महानगर अध्यक्ष सुभाष चौधरी का माल्यार्पण कर बहुत बहुत शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला अध्यक्ष राजू माजरा, जिला प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी प्रवेश गुर्जर, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष अकबर चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मांगेराम पांचाल, जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि नीरज चौधरी, गंगोह ब्लॉक अध्यक्ष बलवान चौधरी, अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष सब्बन खान, राष्ट्रीय गायक संजय रंधेड़ी, ग्राम अध्यक्ष इरशाद कुरैशी, मनजीत चौधरी समेत कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवेश गुर्जर ने किया।

# रामदेव से मिले लोकपाल राकेश



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** लोकपाल मनरेगा राकेश चौधरी ने स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण से पतंजलि योगपीठ हरिद्वार मे मुलाकात की।

पतंजलि योगपीठ के विशेष अतिथि गृह मे योग ऋषि स्वामी रामदेव ने रुद्राक्ष की माला एवं शॉल उढाकर लोकपाल मनरेगा राकेश चौधरी को सम्मानित किया तथा अतिथि गृह मे सहभोज किया। योग ऋषि स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण ने हिमेश्वर चौधरी हितेश्वर चौधरी के जन्मदिन पर रुद्राक्ष की माला पहनाकर अपना आशीर्वाद दिया तथा शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया, इस अवसर पर पूर्व लोकपाल एव सदस्य सीडब्ल्यूसी न्यायपीठ सुनीता चौधरी, जज वीरेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।

# तेज बरसात के चलते जगह-जगह भरा पानी, मकान गिरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** रविवार देर रात से शुरू हुई झमाझम बारिश ने पूरे जिले का मौसम बदल दिया,, लेकिन साथ ही सामान्य जनजीवन की रफ्तार पर भी ब्रेक लगा दिया। लगातार हो रही मूसलधार बरसात ने शहरवासियों को दिनभर परेशान रखा। सड़कों पर पानी भर गया, पांवधोई नदी उफान पर आ गई और कई इलाकों में जलभराव के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

रविवार रात से शुरू हुआ बारिश का दौर सोमवार पूरे दिन जारी रहा। तेज बरसात के चलते शहर की गलियों से लेकर मुख्य बाजारों तक पानी भर गया। निचले इलाकों में तो स्थिति और भी गंभीर रही, जहां घरों और दुकानों में पानी घुसने से लोग परेशान रहे। जलभराव के चलते आवागमन बाधित हो गया, कई वाहन



पानी में फंस गए जिन्हें निकालने में लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। बरसात के चलते अधिकांश लोग घरों में ही दुबके रहे। केवल स्कूली बच्चे और जरूरी काम से निकलने वाले लोग ही बाहर नजर आए। सरकारी और अर्द्ध-सरकारी दफ्तरों में भी उपस्थिति बेहद कम रही। बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और दुकानदार ग्राहकों का इंतजार करते रह गए। इसी बीच नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बड़तला यादगार में श्रीमती ममता अग्रवाल के जर्जर मकान की दीवार गिरने से अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि यह मकान काफी समय से खाली था और हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। ममता अग्रवाल वर्तमान में अपने परिवार के साथ राधमपुरम कॉलोनी, भूतेश्वर मंदिर रोड पर रहती हैं। नगर के बीचो-बीच बहने वाली पांवधोई नदी भी तूफान पर आ गई जिससे आसपास के रहने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा पूरे दिन हुई बरसात ने सामान्य जन जीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त कर दिया।

# 17 अति पिछड़ी जातियों के आरक्षण को भूख हड़ताल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** कहार, कश्यप कुम्हार, निषाद, समाज की 17 अति पिछडी जातियों के एससी आरक्षण देने की मांग को लेकर आज दो दिवसीय भूख हड़ताल शुरू कर दी है। आज प्रधान मंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन में जिला प्रशासन को दिया।

हकीकत नगर स्थित धरना स्थल पर कहार, कश्यप कुम्हार, निषाद, समाज की 17 अति पिछडी जातियों के एससी आरक्षण हेतु दो दिवसीय भूख हड़ताल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक भोपाल सिंह कश्यप व कहार, कश्यप, कुम्हार, धीवर, निषाद समाज के जिम्मेदार व्यक्तियों द्वारा सरकार से मांग करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में भिन्न-भिन्न नामों से पहचाने जाते है लेकिन इन सब की

**प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा**

जाति एक की है (मझवार) व केन्द्र भारतीय जनता पार्टी सरकार पिछडे कई वर्षों से कार्य कर रही है। उप्र में विधान सभा चुनाव में भाजपा ने 2012 अपने चुनावी घोषणा पत्र में भी वादा किया था।

2015 में समाज के बीच और संसद राज्य सभा में योगी आदित्यनाथ ने इस मुद्दे को उठाया कि इन सभी 17 अति पिछडी जातियों को एससी आरक्षण मिलना चाहिए। परन्तु उत्तर प्रदेश में दो बार व केन्द्र में भी तीनों योजना पूरी होने को है। 17 अति पिछडी जातियों को जिसमें (मझवार, कहार, कश्यप, केवट, धीमर, धिवर, निषाद, मल्लाह, बिन्द, भर, राजभर, बाथम, तुरहा, गोडिया, मांझी, मछुआ) (सिल्पकार) कुम्हार, प्रजापति, को एससी आरक्षण नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि जिस तरह लोकसभा चुनाव में जनता ने पूर्णतया भारतीय जनता पार्टी को वोट ने देकर सबक देने का कार्य किया है। इसी प्रकार 2027 में भी उत्तर प्रदेश के विधान सभा चुनाव में भी वर्तमान सरकार को इनका प्रकोप झेलना पड़ेगा अब फैसला सरकार के हाथ में है, चुनाव आने पर फैसला जनता के हाथ में होगा। इसी के साथ भोपाल सिंह ने साथियों सहित एवं दो दिवसीय भूख हड़ताल धरना प्रदर्शन कर 17 अति पिछडी जातियों को एससी आरक्षण देने की पूरी मांग करते हुए सरकार से अपील है। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक भोपाल सिंह कश्यप समेत समाज के कई लोग मौजूद रहे।

# विपक्ष का मार्च

मतदाता सूची संशोधन को लेकर विपक्ष पूरी तरह एकजुट दिखाई दिया। विपक्ष ने एकजुट होकर अपने तय कार्यक्रम के अनुसार संसद से अपने मार्च का आगाज किया। उसको चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपना था, लेकिन चुनाव आयोग के कार्यालय जाने से पूर्व ही लगभग 300 सांसदों को हिरासत में ले लिया गया। यह अलग बात है कि उन्हें दो घंटे के बाद रिहा कर दिया गया। महिलाएं सांसद विशेष रूप से कुछ ज्यादा ही उग्र दिखाई दी। प्रियंका डिम्पल समेत कई सांसद वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगा रही थी। टीएमसी की दो सांसद तो बेहोश भी हो गईं। सांसद मिताली बाग और मऊआ मोइत्रा की तबियत अचानक बिगड़ गई।

विपक्ष जिस तरह आज एकजुट दिखाई दिया, उससे साफ दिखाई दिया कि यह मामला समाप्त होने नहीं जा रहा है, बल्कि हो सकता है कि यह आने वाले समय में और उग्र हो जाए। समझना मुश्किल है कि चुनाव आयोग हठधर्मिता से काम लेता क्यों दिखाई दे रहा है। राहुल गांधी ने जो फर्जी वोटर लिस्ट को लेकर डाटा जारी किए हैं, उनकी जांच करने के बजाए वह उन्हीं से शपथ पत्र मांग रहा है। राहुल गांधी का यह कहना बिल्कुल सही है कि वह शपथ पत्र पर हस्ताक्षर क्यों करें, यह चुनाव आयोग का डाटा है मेरा नहीं। सीधी सी बात है कि चुनाव आयोग कुछ छुपाने की कोशिश कर रहा है, ऐसा राहुल गांधी का कहना है।

अगर चुनाव आयोग का यही रवैया रहा तो उसको समझना होगा कि उसकी साख बहुत बुरी तरह प्रभावित हो जाएगी। लो. कतंत्र में साख बहुत मायने रखती है और जब किसी संस्था की साख ही खराब हो जाए तो उसकी सारी कवायद पर प्रश्नचिन्ह लग जाता है। बात विपक्षी दलों की नहीं है, सुप्रीम कोर्ट में भी उसका अड़ियल रवैया दिखाई दिया। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में अपने हलफनामे में उन 65 लाख नामों के विषय में जानकारी देने से इन्कार कर दिया, जिसकी जानकारी कोर्ट ने मांगी थी और तर्क दिया कि चुनाव आयोग को कोर्ट में इस तरह की जानकारी देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। हालांकि कोर्ट को भी इस पर यहां तक कहना पड़ गया कि कोई भी सुप्रीम कोर्ट की ताकत को कम न आंके। मतलब साफ है कि अब चुनाव आयोग सुलह-सफाई का रास्ता छोड़ टकराव की राह पर चलता दिखाई दे रहा है। यह स्थिति ठीक नहीं है। चुनाव आयोग पर यूं तो काफी समय से सत्ता पक्ष के रूप में काम करने के आरोप लग रहे थे और अब तो बिल्कुल हद ही हो गई। चुनाव आयोग इस समय एक पार्टी बनकर खड़ा हो गया है। जबकि उसको किसी की भी पार्टी न ही बनना है और बनते हुए दिखाई देना है, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा ही हो रहा है। राहुल गांधी बार-बार चिल्ला रहे हैं, वह मात्र कोई एक सांसद नहीं हैं बल्कि नेता प्रतिपक्ष हैं और लोकतंत्र में नेता प्रतिपक्ष का अपना एक संवैधानिक वजूद होता है। ऐसे में उनके आरोपों को एक सिरे से खारिज कैसे किया जा सकता है। लोकतंत्र का तकाजा यही है जो सवाल राहुल गांधी ने उठाए हैं, उनका जवाब चुनाव आयोग दे। राहुल गांधी ही नहीं पूरा देश इस पूरे मामले की सच्चाई को सामने आते देखना चाहता है।

## कहां हैं पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़



पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ साहब आखिर कहां हैं, उनकी सेहत कैसी है और क्या वे सुरक्षित हैं, दिल्ली में अफवाहें फैल रही हैं कि धनखड़ को उनके घर में कैद कर दिया गया है और उनकी सुरक्षा को लेकर आशंका जताई जा रही है, राज्यसभा के कुछ सदस्य पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ से संपर्क करने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन सफल नहीं हुए, उनके स्टाफ से भी कोई संवाद नहीं हो पाया, जो गंभीर चिंता का विषय है, राज्यसभा के कुछ सदस्य सुप्रीम कोर्ट में हैबियस कार्पस याचिका दाखिल करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि धनखड़ की मौजूदगी और सुरक्षा की पुष्टि हो सके।

**-संजय राउत**
**सांसद शिवसेना ( उद्धव गुट )**

# शार्क हमलों से एक द्वीप बन गया 'अनुसंधान केंद्र'



कभी सर्फिंग और पर्यटन के लिए मशहूर हिंद महासागर का फांसीसी रीयूनियन द्वीप आज एक अलग ही वजह से वैज्ञानिकों का ध्यान खींच रहा है - शार्क हमलों का खतरा। हमलों का सिलसिला फरवरी 2011 में शुरू हुआ थाी अगले आठ सालों में इस द्वीप के आसपास शार्क ने 30 लोगों पर हमला किया, जिनमें से 11 की मौत हो गई। इन हमलों के चलते इस द्वीप को 'शार्क द्वीप' या 'शार्क संकट' कहा जाने लगा।

हमलों के चलते समुद्र तट बंद कर दिए गए, सर्फिंग और तैराकी पर रोक लगा दी गई। पर्यटन बुरी तरह प्रभावित हुआ, लेकिन इसी संकट ने वैज्ञानिक शोध का एक मौका भी दिया। फ्रांस सरकार ने शार्क के व्यवहार को समझने, तटों की सुरक्षा बढ़ाने और नई तकनीकें विकसित करने के लिए करोड़ों यूरो का निवेश किया। रीयूनियन द्वीप शार्क अनुसंधान का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया।

**शार्क हमलों को समझना**

शार्क की संख्या और उनकी गतिविधियों को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं थी, इसलिए इन हमलों का कोई कारण समझ नहीं आ रहा था। तब फ्रांस सरकार ने CHARC नामक एक रिसर्च प्रोग्राम शुरू किया। यह कार्यक्रम दो प्रमुख शार्क प्रजातियों - बुल शार्क Carcharhinus leucas एवं टाइगर शार्क Galeocerdo cuvier पर केंद्रित था, जो ज्यादातर हमलों के लिए जिम्मेदार मानी गई थीं। मकसद था इनके व्यवहार, प्राकृतवास और आवाजाही को समझना, ताकि भविष्य में ऐसे टकरावों को रोका जा सके।

CHARC प्रोजेक्ट से कई अहम जानकारियां मिलीं। वैज्ञानिकों ने पाया कि टाइगर शार्क एक तय मौसम में ही आती थीं और उन्हें गहरा पानी पसंद है। दूसरी ओर, बुल शार्क साल भर मौजूद रहती थीं और अक्सर तट के बेहद करीब तक आ जाती थीं।

**हमलों का कारण**

इन हमलों में बढ़ोतरी के पीछे कई कारण थे। सबसे बड़ा कारण इंसानों की बढ़ती गतिविधियां थीं। 1980 से 2016 के बीच रीयूनियन द्वीप की आबादी 67 प्रतिशत बढ़ गई थी और साथ ही तैराकी और सर्फिंग भी, जिससे शार्क से सामना होने की संभावना भी बढ़ी।

इसके अलावा, जमीन के इस्तेमाल और नई निर्माण परियोजनाओं का भी प्रभाव पड़ा। 2000 के दशक में एक बड़ा सिंचाई प्रोजेक्ट शुरू हुआ, जिससे द्वीप के पूर्वी हिस्से का पानी पश्चिमी हिस्से की ओर मोड़ा गया। इससे खेतों से निकला पानी समुद्र में बहने लगा और तटीय पानी की लवणीयता घट गई। बुल शार्क को कम लवण वाला पानी पसंद है। नतीजतन, वे पश्चिमी तटों पर ज्यादा आने लगीं। यही तट सर्फरों के बीच भी सबसे लोकप्रिय थे।

शार्क हमलों में बढ़ोतरी के पीछे कुछ अन्य कारण भी हैं। जैसे, 2007 में समुद्री जीवन की रक्षा के लिए एक समुद्री संरक्षण क्षेत्र बनाया गया था। इससे मछलियों की संख्या बढ़ी जो शार्क का भोजन हैं। साथ ही, 1990 के दशक के मध्य में मेडागास्कर द्वीप में विषैला संक्रमण फैलने से शार्क का मांस बेचना बंद कर दिया गया। इससे शार्क पकड़ने में कमी आई, और उनकी संख्या बढ़ने लगी। यानी शार्क संकट पर्यावरणीय बदलाव, इंसानी गतिविधियों, और शार्क की स्थानीय स्थिति को ठीक से न समझने का मिला-जुला परिणाम था।

**बचाव के नए प्रयास**

जनता के बढ़ते दबाव को देखते हुए सरकार ने 2016 में शार्क सुरक्षा केंद्र की स्थापना की थी। इसका उद्देश्य एक ऐसा रास्ता निकालना था जिससे शार्क हमले कम हों, लेकिन समुद्री पर्यावरण भी सुरक्षित रहे। इस दिशा में एक बड़ा कदम इलेक्ट्रिक डेटरेंट्स था। ए पहनने योग्य उपकरण होते हैं जो बिजली के हल्के झटके छोड़ते हैं जिससे शार्क दूर रहती है। उपकरणों की जांच में नतीजे मिले-जुले रहे। एक उपकरण 43 प्रतिशत मामलों में कारगर रहा, बाकी उससे भी कम मामलों में। फिर आशंका इस बात की भी थी कि समय के साथ शार्क इन झटकों की आदी हो गईं तो? फिर भी इन निष्कर्षों के आधार पर नियम सख्त कर दिए गए हैं। अब रीयूनियन में कुछ क्षेत्रों में सर्फिंग करने वालों को इलेक्ट्रिक डेटरेंट पहनना अनिवार्य है। इसके अलावा, ड्रोन का उपयोग भी शार्क की निगरानी के लिए किया गया, लेकिन यहां की गंदी और गहरे रंग की रेत के चलते ड्रोन से शार्क को पहचानना मुश्किल था। विकल्प के रूप में पानी के अंदर एआई तकनीक से लैस कैमरे, गोताखोर और समुद्री जाल जैसी रक्षात्मक व्यवस्थाएं भी आजमाई गईं। दुनिया भर में जो एक तकनीक सबसे खास रही, वह थी SMART ड्रमलाइन Shark Management Alert in Real Time इसमें चारा लगे हुक होते हैं जो शार्क को पकड़ते हैं, लेकिन जैसे ही कोई जीव फंसता है, यह उपकरण सैटेलाइट से तुरंत अलर्ट भेज देता है। फिर अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचकर देखते हैं, यदि कोई अन्य जीव फंसा हो तो उसे छोड़ दिया जात है, और अगर शार्क खतरनाक हो तो स्थिति अनुसार उसे मार भी देते हैं। शार्क सिक्यूरिटी सेंटर के निदेशक माइकल होरॉ मानते हैं कि सुरक्षा और समुद्री जीवन संरक्षण के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं है। अब रीयूनियन प्रशासन का रुख थोड़ा नरम हुआ है। अब वे छोटी टाइगर शार्क को छोड़ देते हैं, और उन्हें टैग कर ट्रैक करने की योजना बना रहे हैं। बहरहाल, 2019 के हमले के बाद से अब तक रीयूनियन द्वीप पर कोई जानलेवा शार्क हमला नहीं हुआ है। द्वीप का समुद्री पर्यटन धीरे-धीरे बहाल हो रहा है। तैराकी पर लगे प्रतिबंधों में भी ढील दी गई है और दुनिया भर से वैज्ञानिक रीयूनियन आ रहे हैं ताकि इस द्वीप से पूरी दुनिया के लिए कुछ सबक ले सकें।

**एक सबक**

समुद्र जीवविज्ञानी अर्नो गॉथियर कहते हैं कि लोग शार्क को अक्सर दो नजरियों देखते हैं या तो बेचारी के रूप में, या फिर हमलावर के रूप में। लेकिन सच्चाई इन दोनों के बीच कहीं है। वे समुद्र में स्वतंत्र रूप से विचरने वाले जीव हैं, शायद खतरनाक भी हो सकते हैं, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि वे हर इंसान को मारने की फिराक में रहते हैं। जरूरत तो इस बात की है कि हम न सिर्फ शार्क के व्यवहार को समझें बल्कि प्रकृति के कामकाज में टांग अड़ाने के अपने व्यवहार पर भी थोड़ा नियंत्रण करें।

**इन हमलों में बढ़ोतरी के पीछे कई कारण थे। सबसे बड़ा कारण इंसानों की बढ़ती गतिविधियां थीं। 1980 से 2016 के बीच रीयूनियन द्वीप की आबादी 67 प्रतिशत बढ़ गई थी और साथ ही तैराकी और सर्फिंग भी, जिससे शार्क से सामना होने की संभावना भी बढ़ी। इसके अलावा, जमीन के इस्तेमाल और नई निर्माण परियोजनाओं का भी प्रभाव पड़ा। 2000 के दशक में एक बड़ा सिंचाई प्रोजेक्ट शुरू हुआ, जिससे द्वीप के पूर्वी हिस्से का पानी पश्चिमी हिस्से की ओर मोड़ा गया। इससे खेतों से निकला पानी समुद्र में बहने लगा और तटीय पानी की लवणीयता घट गई। बुल शार्क को कम लवण वाला पानी पसंद है। नतीजतन, वे पश्चिमी तटों पर ज्यादा आने लगीं।**

**...साभार स्रोत फीचर्स**

# डायबिटीज से लेकर वेट लॉस में काम आएगा यह फल



अनानास ना सिर्फ एक मस्त और यम्मी फल है, बल्कि यह अपनी बॉडी के लिए एकदम सुपरफ्रूट जैसा है। इसमें इतने सारे विटामिन, मिनरल्स और मस्त-मस्त चीजें हैं कि यह दिल की बीमारी, शुगर, लिवर और मोटापे जैसी प्रॉब्लम्स को दूर भगा सकता है, जो आजकल इंडिया में बहुत कॉमन है। बस इसको सही तरीके से खाना जरूरी है।

**दिल का अच्छा दोस्त अनानास**

अनानास में ब्रोमेलैन नाम का एक एंजाइम होता है, जो खून को पतला करता है और सूजन कम करता है। रिसर्च बताती है कि यह दिल के दौरे (हार्ट टैक) और स्ट्रोक (पक्षाघात) के चांसेस को कम कर सकता है, क्योंकि यह खून को जमने नहीं देता और ब्लड सर्कुलेशन को बढ़िया रखता है। इसमें विटामिन सी भी भर-भर के होता है, जो धमनियों (आर्टरी) को मजबूत रखता है। साथ में पोटैशियम ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखता है, जो इंडिया में 3 में से 1 अडल्ट के लिए एक बडी प्रॉब्लम है।

**क्या डायबिटीज वाले खा सकते हैं?**

अनानास में चीनी होती है, लेकिन अगर आप इसे कंट्रोल में खाएं, तो डायबिटीज वाले लोग भी इसे खा सकते हैं। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स GI मीडियम है (लगभग 59), तो अगर आप ताजा अनानास थोडी क्वांटिटी में खाते हैं, तो आपका ब्लड शुगर लेवल एकदम से नहीं बढ़ेगा। इसमें फाइबर और पानी भी होता है, जो शुगर को धीरे-धीरे बॉडी में जाने देता है।

**ध्यान रखने वाली बात**- टिन में बंद अनानास या जूस जिसमें एक्स्ट्रा चीनी हो, उसे बिलकुल नहीं खाना है। आप बस आधा कप (50-75 ग्राम) ताजा अनानास खा सकते हैं और इसे प्रोटीन या हेल्दी फैट के साथ लेने से शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है।

**लिवर को रखे फिट और फाइन**

अपने इंडियन खाने में तेल और मसाले ज्यादा होते हैं, तो लिवर पर लोड पडना कॉमन बात है, लेकिन अनानास में विटामिन सी, मैंगनीज और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो लिवर को डैमेज होने से बचाते हैं। ब्रोमेलैन डाइजेशन को भी सही रखता है, जिससे लिवर पर कम बोझ पडता है। अगर आप इसे रेगुलर खाते हैं, तो यह लिवर को हेल्दी रखने और फैटी लिवर जैसी बीमारी से बचाने में हेल्प कर सकता है।

**वेट लॉस में भी सुपर-डुपर हेल्पफुल**

अनानास में कैलोरीज बहुत कम होती हैं (100 ग्राम में सिर्फ 42 कैलोरी) और यह फैट-फ्री होता है। इसकी नेचुरल मिठास आपको मीठा खाने की क्रेविंग से बचाती है, और फाइबर आपको पेट भरा हुआ महसूस कराता है। ब्रोमेलैन प्रोटीन को भी पचाने में मदद करता है, जिससे बॉडी को फायदे मिलते हैं।

**टिप**- सुबह या दोपहर के स्नैक में लगभग एक कप (150 ग्राम) अनानास खाना सही है, बस इस बात का ध्यान रखना कि यह आपकी डेली डाइट का हिस्सा हो।

**अनानास में चीनी होती है, लेकिन अगर आप इसे कंट्रोल में खाएं, तो डायबिटीज वाले लोग भी इसे खा सकते हैं। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स GI मीडियम है ( लगभग 59 ), तो अगर आप ताजा अनानास थोडी क्वांटिटी में खाते हैं, तो आपका ब्लड शुगर लेवल एकदम से नहीं बढ़ेगा। इसमें फाइबर और पानी भी होता है, जो शुगर को धीरे-धीरे बॉडी में जाने देता है। ध्यान रखने वाली बात- टिन में बंद अनानास या जूस जिसमें एक्स्ट्रा चीनी हो, उसे बिलकुल नहीं खाना है। आप बस आधा कप ( 50-75 ग्राम ) ताजा अनानास खा सकते हैं और इसे प्रोटीन या हेल्दी फैट के साथ लेने से शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है।**

**...साभार प्रभा**

# कहीं पैसों की वजह से बिखर न जाए रिश्ता



रिश्ते में सिर्फ प्यार, परवाह और आकर्षण ही काफी नहीं होता। पैसे भी एक अहम हिस्सा होते हैं। अक्सर लोग इस बारे में बात करने से बचते हैं और यहीं से मुश्किलें शुरू होती हैं। यह सच है कि पैसा मायने रखता है, खासकर जब आप किसी के साथ अपनी जिंदगी बिता रहे हों। कई बार पैसों की वजह से अच्छे-खासे रिश्ते भी टूट जाते हैं। इसलिए यह समझना बहुत जरूरी है कि एक मजबूत रिश्ते के लिए आर्थिक समझदारी भी उतनी ही अहम है, जितनी बाकी सब कुछ।

**खर्चों को मैनेज करने के आसान तरीके**

1. **50-50 बंटवारा**

यह सबसे आसान तरीका है, खासकर तब जब आप दोनों की कमाई लगभग बराबर हो। इसमें आप दोनों साझा खर्चों (जैसे किराया, खाने-पीने का सामान, इंटरनेट) में आधा-आधा हिस्सा देते हैं। यह तरीका उन लोगों के लिए सही है जो चाहते हैं कि सब कुछ बराबर रहे। आप एक जॉइंट अकाउंट बना सकते हैं या एक-दूसरे को आधा पैसा दे सकते हैं। लेकिन, अगर एक की कमाई बहुत ज्यादा है, तो दूसरे को यह बंटवारा सही नहीं लगेगा और उस पर दबाव भी पड सकता है।

2. **कमाई के हिसाब से बंटवारा**

यह तरीका ज्यादा सही है, खासकर तब जब आप दोनों की कमाई में बड़ा अंतर हो। इसमें खर्च को आपकी कमाई के हिसाब से बांटा जाता है। उदाहरण के लिए, अगर आपकी कुल कमाई में आपका हिस्सा 40 प्रतिशत है और आपके पार्टनर का 60 प्रतिशत, तो आप खर्च का 40 प्रतिशत देंगे और वे 60 प्रतिशत देंगे। यह एक अच्छा तरीका है क्योंकि इसमें कोई दबाव नहीं होता। पर इसके लिए आपको एक-दूसरे को अपनी कमाई खुलकर बतानी होगी।

3. **सब कुछ एक साथ**

अगर आप और आपके पार्टनर एक-दूसरे पर बहुत भरोसा करते हैं और आपकी जिंदगी पूरी तरह से एक हो गई है, तो यह तरीका अच्छा है। इसमें आप दोनों की कमाई एक ही अकाउंट में जाती है। फिर उसी से सारे बिल और बाकी खर्च किए जाते हैं। यह उन कपल्स के लिए सबसे अच्छा है जिनकी शादी हो चुकी है या जो लंबे समय से साथ हैं। इससे तनाव कम होता है और टीम वाली भावना आती है। लेकिन, इसके लिए आप दोनों को अपनी खर्च करने की आदतें समझनी होंगी और एक-दूसरे पर पूरा भरोसा करना होगा।

4. **तुम यह, मैं वह**

इस तरीके में आप हिसाब-किताब नहीं करते, बल्कि खर्चों को बांट लेते हैं। जैसे, एक किराया देता है और दूसरा बाकी सामान का खर्च उठाता है। यह बहुत आसान लगता है और आपको बार-बार पैसे देने-लेने का हिसाब नहीं रखना पडता। पर इसका एक नुकसान है कि किराया बाकी खर्चों से ज्यादा हो सकता है, जिससे एक पार्टनर को लग सकता है कि वह ज्यादा दे रहा है। इसलिए समय-समय पर बात करते रहना जरूरी है।

5. **बस साझा खर्चों के लिए**

यह तरीका उन लोगों के लिए है जो अपनी आजादी पसंद करते हैं। आप दोनों अपनी-अपनी कमाई और खर्च अलग-अलग रखते हैं और सिर्फ साझा खर्चों (जैसे किराया) में ही योगदान करते हैं। इससे चीजें सरल रहती हैं और आपको अपनी पसंद की चीज खरी. दने के लिए किसी से पूछना नहीं पडता।

6. **जब जैसा मन हो**

यह उन कपल्स के लिए है जो ज्यादा प्लानिंग नहीं करते। एक बार आप खाने का बिल भरते हैं, तो अगली बार आपका पार्टनर किराने का सामान ले आता है। यह तरीका शुरुआत में अच्छा लगता है, पर अगर एक को हमेशा ज्यादा देना पड रहा है, तो मनमुटाव हो सकता है। इसलिए अगर आपको लगे कि ऐसा हो रहा है, तो तुरंत बात करें।

**अगर आप और आपके पार्टनर एक-दूसरे पर बहुत भरोसा करते हैं और आपकी जिंदगी पूरी तरह से एक हो गई है, तो यह तरीका अच्छा है। इसमें आप दोनों की कमाई एक ही अकाउंट में जाती है। फिर उसी से सारे बिल और बाकी खर्च किए जाते हैं। यह उन कपल्स के लिए सबसे अच्छा है जिनकी शादी हो चुकी है या जो लंबे समय से साथ हैं। इससे तनाव कम होता है और टीम वाली भावना आती है। लेकिन, इसके लिए आप दोनों को अपनी खर्च करने की आदतें समझनी होंगी और एक-दूसरे पर पूरा भरोसा करना होगा।**

## राजनीति गलियारा

कविता

कमल में खाद पानी डल रहा है, इसलिए फूल खिल रहा है।
हाथी को भर पेट चारे की जगह मूंगफली खिलाई जा रही है इसलिए धीमा चल रहा है।
देख कर हाथी की चाल केतली उफन रही है, जिस वजह से कुछ लोगों की हालत बिगड़ रही है।
बिहारियों की हालत, लालटेन, बांग्ला, तीर, एक दूसरे पर पत्थर फेंक रहे हैं।
एआईएमआईएम जैसे चूजे बिना दिशा के गलियों में दाने तलाश रहे हैं।
नल की हालात भी कुछ ऐसी है की कभी इस घेर, कभी उस घेर, कभी उस घर में कभी इस घर में गढ़ रहा है इसी हाल से नल की जाली चौक हो रही है, पानी के साथ रेट फेंक रहा है।
झाड़ू की भी सीखें मुड़ गई हैं कचरा साफ नहीं हो पा रहा है।
साईकिल चली सड़क पर हर कोई दौड़कर पड़ रहा है हिम्मत है साइकिल वाले की सबका हाथ पकड़ कर बैठा रहा है।
हाथ सज धज कर खड़ा-खड़ा सबको सिर्फ टाटा बाय बाय कर रहा है।
जानता है परेशान क्या करें कहां जाएं सब सोच में खड़े हैं देख कर नीतीश नायडू की चाल है असमझस में पड़े हैं,
पता नहीं ये नेता कहां जाएं कहां बैठे दीन ईमान खो बैठे हैं।
करके गठबंधन यारों के साथ, फिर कुर्सी के लिए संसद के बाहर विरोधियों के खेमे में खड़े हैं।
गुजारिश है आप सभी से इनके झांसे में ना आओ करो विवेक से कम और अच्छी सरकार बनाओ।
छोड़ो राजनीति की दुश्मनी मानवता का दीप जलाओ छोड़कर जाति, धर्म, चक्कर सद्भावना जगाओ रखकर हाथ पर हाथ मिलाकर एक साथ भारत की शान बढ़ाओ भारत की शान बढ़ाओ।

**...सुमेर सिंह धार**
**मेरठ रत्न एवं**
**पूर्व भारतीय सैनिक**



नई दिल्ली। मतदाता सूची के विवादास्पद संशोधन को वापस लेने की मांग को लेकर प्रदर्शन करतीं कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी व अन्य विपक्षी पार्टियों के सांसद।

# इजरायली हमले में अलजजीरा के पांच पत्रकारों की मौत

## गाजा के मशहूर रिपोर्टर अनस भी मारे गए, इजरायल ने हमास का आतंकी बताया

**गाजा।** इजरायल के हमले में गाजा के अल शिफा हॉस्पिटल में कम से कम 5 पत्रकारों की मौत हो गई है। अलजजीरा के मुताबिक मारे गए लोगों में रिपोर्टर अनस अल-शरीफ और मोहम्मद करीकेह, कैमरामैन इब्राहिम जहीर, मोआमेन अलीवा और मोहम्मद नौफल शामिल थे।

रिपोर्ट के मुताबिक ये पत्रकार हास्पिटल के बाहर लगे प्रेस के एक तंबू में रह रहे थे। इस हमले में कुल 7 लोग मारे गए हैं। हमले के तुरंत बाद इजरायली सेना ने माना कि उन्होंने रिपोर्टर अनस अल शरीफ को निशाना बनाया था।

इजरायली सेना ने अनस को आतंकवादी बताया और दावा किया कि वह हमास में एक आतंकी सेल के चीफ के तौर पर काम कर चुका था। उसका काम इजरायली नागरिकों और सैनिकों पर राकेट हमले कराना था। इजरायली सोशल मीडिया हैंडल्स से अनस की यह तस्वीर शेयर की गई। इसमें वह हमास के पूर्व

**गाजा में 22 महीने से चल रही जंग के बीच अब तक करीब 200 मीडियाकर्मी मारे जा चुके**

चीफ याह्या सिनवार के साथ है। सिनवार की पिछले साल इजरायली हमले में मौत हो गई थी। मरने से पहले अनस ने शेयर किया गाजा का वीडियो अनस अल शरीफ गाजा से रिपोर्टिंग करने वाले सबसे मशहूर चेहरों में से थे।

अनस को उनकी रिपोर्टिंग के लिए साल 2018 में फलस्तीन में बेस्ट यंग जर्नलिस्ट का पुरस्कार मिला था। 28 साल के अनस ने मौत से कुछ देर पहले ही एक्स पर इजरायली सेना की बमबारी का वीडियो शेयर किया था। उसके आखिरी पोस्ट में लिखा था कि लगातार बमबारी हो रही है, दो घंटे से गाजा शहर पर इजरायली हमला तेज हो गया है। अनस के पिता की दिसम्बर 2023 में इजरायली बमबारी में मौत हो गई थी। वे जबालिया शरणार्थी

**अनस को उनकी रिपोर्टिंग के लिए साल 2018 में फलस्तीन में बेस्ट यंग जर्नलिस्ट का पुरस्कार मिला था**

कैंप में थे। अनस ने कहा था कि उनका घर के तबाह होने और पिता की हत्या के बावजूद वे जबालिया और उत्तरी गाजा से रिपोर्टिंग जारी रखेंगे। गाजा में 22 महीने से चल रही जंग के बीच अब तक करीब 200 मीडियाकर्मी मारे जा चुके हैं। अनस की मौत के बाद गाजा में पत्रकार सुरक्षा समिति (सीपीजे) ने इस पर नाराजगी जताई। सीपीजे ने बयान जारी कर कहा कि वह पत्रकारों की मौ त से हैरान है। सीपीजे की डायरेक्टर सारा कुदाह ने कहा कि बिना सबूत पत्रकारों को आतंकवादी कहना इजरायल की मंशा और प्रेस की स्वतंत्रता के प्रति उसके रवैये पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि पत्रकार नागरिक होते हैं और उन्हें कभी निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए, और इसके जिम्मेदार लोगों को कड़ी जा मिलनी चाहिए। फलस्तीनी पत्रकार संघ ने भी इस हमले को 'खूनी अपराध' बताया और इसकी निंदा की है। इजरायल और अल जजीरा के बीच लंबे समय से तनावपूर्ण संबंध रहे हैं। इजरायली अधिक. ारियों ने देश में अल जजीरा पर प्रतिबंध लगा रखा है और गाजा में युद्ध के बाद इसके दफ्तरों पर छापेमारी भी की है। कतर अल जजीरा को फंडिंग करता है, हमास नेताओं को शरण देता है। कतर, इजरायल और हमास के बीच बातचीत का केंद्र भी रहा है। इस बीच इजरायली पीएम नेतन्याहू ने गाजा पर कब्जे की योजना का बचाव किया है। उन्होंने रविवार को एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि गाजा के सबसे बड़े शहर गाजा सिटी पर कब्जा करना जंग को खत्म करने का सबसे सही और आसान तरीका है। इजरायली सिक्योरिटी कैबिनेट ने शुक्रवार सुबह गाजा सिटी पर कब्जा करने की मंजूरी दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### तुर्की में भूकंप से एक व्यक्ति की मौत और 29 लोग घायल

**इस्तांबुल।** तुर्की के उत्तर-पश्चिमी बालिकेसिर प्रांत में रविवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.1 तीव्रता मापी गई थी। भूकंप से एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य 29 घायल हो गए है। बालिकेसिर में आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए आंतरिक मंत्री अली येरलि. काया ने पुष्टि की कि भूकंप के झटके से एक 81 वर्षीय बुजुर्ग का निधन हो गया है। उन्होंने कहा कि घायलों में से किसी की भी हालत गंभीर नहीं है, और खोज और बचाव अभियान अब समाप्त हो गया है।

### इक्वाडोर के नाइट क्लब में गोलीबारी में आठ मरे, तीन घायल

**क्विटो।** इक्वाडोर के पश्चिमी प्रांत गुआयास के सांता लूसिया में रविवार को एक नाइट क्लब के बाहर बंदूकधारियों के एक समूह ने भीड़ पर गोलीबारी की, जिसमें आठ लोग मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बंदूकधारी रविवार दो कारों में सवार होकर नाइट क्लब पहुंचे और वहां मौजूद लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि मारे गए लोगों में शहर के मेयर उबाल्डो उर्कीज़ो का भाई जॉर्ज उर्कीज़ो भी शामिल था।

### सीरिया में हो रही हिंसा तत्काल रुकनी चाहिए: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने रविवार को दक्षिणी सीरिया के द्रुज़ प्रांत में स्थित सुवेदा में नागरिकों के खिलाफ हो रहीं हिंसा की कड़ी आलोचना की है। सुरक्षा परिषद ने एक बयान जारी कर 12 जुलाई से सुवेदा प्रांत में हो रही हिंसा, सामूहिक हत्या और आंतरिक विस्थापन पर चिता जाहिर की। साथ ही परिषद ने सभी से युद्ध विराम का पालन करने और बिना किसी पक्षपात के सभी नागरिकों की रक्षा करने का आह्वान किया।

# पाक आर्मी चीफ के बयान पर भारत का पलटवार

## परमाणु हथियार लहराना पाकिस्तान की आदत, कहा: हमे सुरक्षा करना आता है

**टेक्सास।** भारत ने सोमवार को पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर की परमाणु धमकी का जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा: परमाणु हथियार लहराना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा। हमें अपनी सुरक्षा करना आता है। किसी मित्र देश की धरती से की गई ये टिप्पणी खेदजनक है। दुनिया देख सकती है कि ऐसे बयान कितने गैरजिम्मेदाराना हैं।

ये बातें उस देश पर भी शक पैदा करती हैं, जहां परमाणु हथियारों का सुरक्षित होना तय नहीं है और सेना का आतंकियों से संबंध माना जाता है। दरअसल, मुनीर इस वक्त अमेरिका के दौरे पर हैं। द प्रिंट की रिपोर्ट के मुताबिक रविवार को एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि हम भारत में सिंधु नदी पर डैम बनने का इंतजार करेंगे, और भारत जब ऐसा कर लेगा तो फिर 10 मिसाइल मारकर उसे गिरा देंगे। मुनीर ने कहा कि सिंधु नदी भारत की फैमिली प्रोपर्टी नहीं है, हमारे पास मिसाइलों की कमी नहीं है। आसिम मुनीर ने कहा था कि भारत के सिंधु जल समझौता रद्द करने के फैसले से 25 करोड़ लोगों के लिए भुखमरी का खतरा पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि हम एक परमाणु संपन्न राष्ट्र हैं और अगर हमें लगता है कि हम डूब रहे हैं, तो हम आधी



- आसिम मुनीर ने कहा था: सिंधु पर बांध बना, तो मिसाइल मारेंगे
- सिंधु जल समझौता रद्द करने के फैसले से 25 करोड़ लोगों के लिए भुखमरी का खतरा पैदा हो सकता है

### मुनीर ने फिर कश्मीर को गले की नस बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिका दौरे पर पहुंचे पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने एक बार फिर से कश्मीर को पाकिस्तान के 'गले की नस' बताया है। इससे पहले अप्रैल में भी मुनीर ने ऐसा ही बयान दिया था। उन्होंने कहा था-कश्मीर हमारी गले की नस था, है और रहेगा। हम इसे कभी नहीं भूलेंगे। मुनीर ने कहा कि कश्मीर, भारत का आंतरिक मसला नहीं है, बल्कि एक अधूरा अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा है। उन्होंने कहा कि कश्मीर का मामला संयुक्त राष्ट्र में है और पाकिस्तान उसका समर्थन करता है। पाकिस्तानी अखबार डान की रिपोर्ट के मुताबिक मुनीर एक बार फिर से अमेरिका पहुंचे हैं, लेकिन वे कब पहुंचे इसकी तारीख नहीं बताई गई है। मुनीर की यह डेढ़ महीने में दूसरी अमे. रिका यात्रा है। उन्होंने फ्लोरिडा के टैम्पा शहर में रविवार को पाकिस्तानी प्रवासियों को संबोधित किया। मुनीर ने कहा कि भारत क्षेत्र में अस्थिरता पैदा करने पर तुला हुआ है। उन्होंने आगाह किया कि कोई भी गलती इलाके में बड़े संघर्ष की वजह बन सकती है।

दुनिया को अपने साथ ले जाएंगे। आसिम मुनीर ने ये धमकी, टाम्पा के ग्रैंड हयात होटल में पाकिस्तान मूल के कारोबारी अदनान असद की तरफ से रखे गए एक डिनर कार्यक्रम में दी है, जिसमें करीब 120 पाकिस्तानी डायस्पोरा के सदस्य मौजूद थे। फील्ड मार्शल मुनीर अमेरिका की मध्य कमान (सेंटकॉम) के कमांडर जनरल माइकल कुरिल्ला के सेवानिवृत्ति समारोह में शामिल होने फ्लोरिडा आए थे। इस समारोह में इजराइल के रक्षा बलों का एक प्रतिनिधि भी मौजूद था। यह दो महीने में उनकी अमेरिका की दूसरी यात्रा है। इससे पहले वे 14 जून को वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में शामिल हुए थे। इसके अलावा मुनीर ने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ व्हाइट हाउस में दो घंटे की लंच मीटिंग की थी।

यह बैठक बंद कमरे में हुई थी। यह पहली बार था जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की। मुनीर ने भारत-अमेरिका के बीच हाल के टैरिफ तनाव पर मजाक उड़ाते हुए कहा कि पाकिस्तान को विश्व शक्तियों के बीच संतुलन बनाने की मास्टर-क्लास देनी चाहिए। मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को नोबेल पुरस्कार के लिए नामित किया, क्योंकि हम अच्छे काम की तारीफ करते हैं। पाकिस्तान सरकार ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 2026 के नोबेल पीस प्राइज के लिए नामिनेट किया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं-सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47 प्रतिशत जमीन पाकिस्तान, 39 प्रतिशत जमीन भारत, 8 प्रतिशत जमीन चीन और 6 प्रतिशत जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं।

# अमेरिकी नॉन-वेज दूध की वजह से भारत पर टैरिफ

## भारत मांसाहारी गाय का दूध लेने को तैयार नहीं

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारत पर सबसे ज्यादा कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। दोनों देशों के बीच पिछले 4 महीने से ट्रेड डील पर बातचीत चल रही थी, जो नाकामयाब रही। इसके पीछे की बड़ी वजह भारत का कृषि और डेयरी के मामले में अमेरिका से समझौते से इनकार करना भी है।

हालांकि भारत समेत 5 देश ऐसे हैं, जिन्होंने ट्रम्प सरकार से कृषि और डेयरी को लेकर कोई समझौता नहीं किया। इन देशों में भारत, साउथ कोरिया, कनाडा, स्विट्जरलैंड और आइसलैंड जैसे देश शामिल हैं। अमेरिका चाहता है कि उसके डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, पनीर, घी को भारत में आयात की अनुमति मिले। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं। भारत सरकार को डर है कि अगर अमे. रिकी डेयरी उत्पाद भारत में आएंगे, तो वे स्थानीय किसानों

- कनाडा में इस पर 300 प्रतिशत तक टैरिफ स्विट्जरलैंड, कोरिया और आइसलैंड में भी एंट्री नहीं
- दोनों देशों के बीच पिछले 4 महीने से ट्रेड डील पर बातचीत चल रही थी

को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा, धार्मिक भावना भी जुड़ी हुई हैं। अमेरिका में गायों को बेहतर पोषण के लिए जानवरों की हड्डियों से बने एंजाइम (जैसे रैनेट) को उनके खाने में मिलाया जाता है। भारत ऐसी गायों के दूध को 'नान वेज मिल्क' यानी मांसाहारी दूध मानता है। भारत की शर्त है कि कोई भी डेयरी उत्पाद तभी भारत में बिक सकता है जब वह यह प्रमाणित करे कि वह पूरी तरह शाकाहारी स्रोत से बना हो। इसके साथ ही अमेरिका चाहता है कि गेहूं, चावल, सोयाबीन, मक्का और फलों जैसे सेब, अंगूर आदि को भारत के बाजार में कम टैक्स पर बेचा जा सके।

# चीन पर टैरिफ लगाना मुश्किल: जेडी वेंस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने चीन पर ज्यादा टैरिफ लगाने के सवाल पर कहा कि ऐसा कदम उठाना ज्यादा मुश्किल और नुकसानदेह हो सकता है। फाक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में वेंस ने कहा कि चीन पर टैरिफ लगाने का विचार चल रहा है, लेकिन अभी कोई पक्का फैसला नहीं हुआ है।

वेंस ने कहा कि चीन के साथ रिश्ते सिर्फ तेल के मुद्दे तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कई और मामलों को प्रभावित करते हैं, इसीलिए मामला ज्यादा मुश्किल है। अमेरिका ने चीन पर फिलहाल 30 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। 12 अगस्त को इसकी समय सीमा खत्म हो रही है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय में आया है जब जुलाई में चीन ने रूस से 10 अरब डालर से ज्यादा का तेल खरीदा

**अमेरिकी उपराष्ट्रपति बोले: राष्ट्रपति ट्रम्प अभी भी सोच रहे, यूएस-चीन टैरिफ डेडलाइन में सिर्फ 1 दिन बाकी**

है। हालांकि इस साल अब तक की कुल खरीद 2024 की तुलना में 7.7 प्रतिशत कम है। चीन ने रूस से तेल खरीदने के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि किसी भी देश के साथ आर्थिक और ऊर्जा सहयोग करना चीन का कानूनी अधिकार है। वह अपने राष्ट्रीय हितों के मुताबिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। ट्रम्प के वरिष्ठ सलाहकार पीटर नवारो ने इससे पहले कहा था कि चीन पर और ज्यादा टैरिफ लगाया जाएगा, इसकी संभावना कम है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा करने से अमेरिका को भी नुकसान हो सकता है।

# लंदन: फलस्तीन समर्थक प्रदर्शन में 532 गिरफ्तारियों की पुष्टि

**लंदन।** लंदन में पुलिस ने एडवोकेसी नेटवर्क फलस्तीन एक्शन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन में शामिल 532 लोगों को गिरफ्तार किया है। लंदन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने रविवार को बताया कि स्थानीय समयानुसार रविवार को अपराह्न एक तक 18 लोग हिरासत में थे। पुलिस ने कहा कि जिन लोगों के विवरण की पुष्टि हो सकी, उन्हें ज़मानत पर रिहा कर दिया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि पार्लियामेंट स्क्वायर से शुरू हुए इस विरोध प्रदर्शन में लगभग 500 से 600 लोगों ने भाग लिया और इस दौरान कम से कम 365 लोगों को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर आई तस्वीरों में प्रदर्शनकारियों को 'मैं नरसंहार का विरोध करता हूं' लिखे हुए पोस्टर पकड़े हुए दिखाया गया है।

# फलस्तीन को मान्यता देगा ऑस्ट्रेलिया

## न्यूजीलैंड बोला: हम भी विचार कर रहे, 17 दिन में चार देशों ने किया मान्यता देने का ऐलान

**कैनबरा।** आस्ट्रेलिया ने फलस्तीन को एक अलग देश के तौर पर मान्यता देने का ऐलान किया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने सोमवार को कहा कि इस पर सितम्बर में फैसला लिया जाएगा।

इससे पहले ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा भी फलस्तीन को मान्यता देने का ऐलान कर चुके है। दो सप्ताह पहले फ्रांस ने जब फलस्तीन को आजाद देश की मान्यता देने का ऐलान किया था, तब अल्बनीज ने कहा था कि आस्ट्रेलिया ऐसा कोई कदम नहीं उठाने जा रहा है। अब अल्बनीज ने कहा कि अलग फलस्तीन देश के तौर पर मान्यता देने का फैसला पिछले दो हफ्तों में ब्रिटेन, फ्रांस, न्यूजीलैंड और जापान के नेताओं से बातचीत के बाद लिया गया। वहीं, न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने



- एंथनी अल्बनीज ने गाजा की मौजूदा हालत को दुनिया का सबसे बुरा सपना बताया


कहा कि उनका देश भी फलस्तीन को अलग देश के तौर पर मान्यता देने के लिए विचार कर रहा है।

अल्बनीज ने गाजा की मौजूद हालत को 'दुनिया का सबसे बुरे सपना बताया'। उन्होंने कहा कि इजरायल लगातार अंतर्राष्ट्रीय कानून की अनदेखी कर रहा है। अब पश्चिम एशिया में हिंसा खत्म करने और गाजा में युद्ध, भूख और पीड़ा को रोकने का सबसे अच्छा तरीका टू स्टेट साल्यूशन है, जिसमें राजनीतिक रास्ता अपनाया जाए, सैन्य नहीं। आस्ट्रेलियाई पीएम ने कहा कि उन्होंने इसे लेकर नेतन्याहू से भी बात की। उन्होंने महसूस किया है कि उनके तर्क एक साल पहले के जैसे ही हैं। उन्होंने नेतन्याहू से कहा कि अब सैन्य समाधान नहीं, बल्कि राजनीतिक समाधान की जरूरत है। आस्ट्रेलिया ने फलस्तीन को मान्यता देने के पीछे कुछ शर्तें भी रखी हैं। पीएम अल्बनीज ने कहा कि फलस्तीन प्राधिकरण (पीए) को यह वादा करना होगा कि वह अपने नियंत्रण वाले इलाकों में हथियारबंद गुटों और मिलिशिया को खत्म करेगा। अल्बनीज ने कहा कि फलस्तीनी प्राधिकरण के अध्यक्ष महमूद अब्बास ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि भविष्य में होने वाले किसी भी फलस्तीनी राज्य में हमास की कोई भूमिका नहीं होगी। अल्बनीज ने कहा कि पीए ने उस सिस्टम को भी खत्म करने की बात कही है जिसमें इजरायल के लिए लड़ने वाले परिवारों को पैसे दिए जाते हैं। इसे अक्सर 'हत्या की कीमत' कहा जाता है। इसके अलावा अल्बनीज ने आम चुनाव करने और इजरायल के अस्तित्व के अधिकार को भी मान्यता देने की मांग की। फलस्तीनी प्राधिकरण ने आस्ट्रेलियाई सरकार के फैसले पर कहा कि एक अलग देश का दर्जा मिलना उनके आत्म निर्णय के अधिकार को बढ़ावा देता है।

# वॉशिंगटन से सभी बेघरों को हटाएंगे: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वाशिंगटन डीसी में बेघर लोगों को तुरंत राजधानी खाली करने का आदेश है। उन्होंने कहा कि यह फैसला अपराध की समस्या से निपटने के लिए लिया जा रहा है।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर लिखा कि बेघर लोगों को 'तुरंत' राजधानी से बाहर जाना होगा। बेघरों को रहने की जगह दी जाएगी, लेकिन वह जगह राजधानी से काफी दूर होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि अपराधियों को कहीं भेजने की जरूरत नहीं है, क्योंकि उन्हें सीधे जेल में डाला जाएगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर तंबुओं और गंदगी की तस्वीरें शेयर करते हुए कहा कि अब 'मिस्टर नाइस गाय (नरमी बतरने)' का समय नहीं है। अब राजधानी वाशिंगटन को वापस साफ और सुरक्षित बनाना होगा। ट्रम्प ने पहले भी कहा था कि शहरों से बेघर लोगों को हटाकर बाहर की सस्ती जमीन पर



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा: कोई नरमी नहीं बरतूंगा, वाशिंगटन डीसी का साफ-सुथरा रहना जरूरी

'अच्छी गुणवत्ता वाले' टेंट में बसाया जाएगा। यहां उन्हें शौचालय और डाक्टर की सुविधा मिलेगी। ट्रम्प ने 24 जुलाई को एक आदेश पर हस्ताक्षर किए थे जिससे बेघर लोगों को गिरफ्तार करना आसान हो गया है। पिछले हफ्ते ट्रम्प ने दावा किया था कि वाशिंगटन में अपराध पूरी तरह से बेकाबू हो गया है। इस वजह से उन्होंने 450 अधिकारियों को शहर में तैनात किया था।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्म टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC.
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108